सूर्योदय 7:7 सूर्यास्त 6:02

आज का तापमान

शिमला 6.2 न्यू 19.5 अधि

धर्मशाला 4.8 न्यू 21.5 अधि

बाजार

सेंसेक्स 77186.74

निफ्टी 23361.05

सोना 84,050 चांदी 96,900

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं बुमराह

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 4 फरवरी 2025 | 22 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 37, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### कुल्लू जिले में लगे भूकंप के झटके, 3.4 रही तीव्रता



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में सोमवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.4 मापी गई और इसका केंद्र कुल्लू जिले में 31.76 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.49 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। भूकंप के झटके सुबह 6 बजकर 50 मिनट पर आए और कुछ सेकंड तक महसूस किए गए। हालांकि, इसकी तीव्रता कम होने के कारण जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### महाकुंभ भगदड़ : सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गाइडलाइन्स जारी करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की इस दलील पर संज्ञान लिया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका पहले ही दायर की जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने 29 नवंबर को महाकुंभ में भगदड़ की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

### महिला कानूनों के दुरुपयोग के आरोप की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महिला केंद्रित कानूनों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए उसे खारिज कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप संसद में जाकर इन सभी आधारों को उठा सकते हैं। याचिकाकर्ता रूपशी सिंह ने कानूनों के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। साथ ही मांग की थी कि दहेज निषेध, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण और भारतीय दंड संहिता में महिलाओं के प्रति क्रूरता से जुड़े प्रावधानों से पुरुषों को भी संरक्षण दिया जाए।

### मानहानि मामले में सांसद शशि थरूर को समन जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर की ओर से दायर किए गए मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर को सोमवार को समन जारी किया। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने मामले की सुनवाई की तारीख 28 अप्रैल तय की। अदालत ने कहए कि शिकायत वाद के तौर पर दर्ज की जाए। प्रतिवादी (थरूर) को समन जारी करें। मामले को 28 अप्रैल के लिए संयुक्त रजिस्ट्रार के समक्ष सूचीबद्ध करें।



### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- छिंज मेले में कुश्ती लड़ते हुए होमगार्ड जवान की मौत -पेज 2
- कांग्रेस मुख्यमंत्री के करीबियों को दे रही प्राथमिकता: जयराम -पेज 3
- हेरोइन सप्लाई के दो किंगपिन गिरफ्तार -पेज 9
- छोटे मियां व बड़े मियां की ठगजोड़ी ने जनता को ठगा : शाह -पेज 13
- टी20 क्रिकेट में लगातार 250 से अधिक रन बनाना हमारा लक्ष्य: गंभीर -पेज 14


# महाकुंभ में 2.33 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया अंतिम अमृत स्नान

## संगम से 10 किलोमीटर तक लगी रही भक्तों की भीड़, 30 देशों से लोग पहुंचे

एजेंसी, प्रयागराज

**महाकुंभ** के तीसरे और अंतिम अमृत स्नान पर सोमवार को देश-दुनिया के 2.33 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगाई। हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख, शरीर पर भभूत और हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए साधु-संत स्नान के लिए संगम पहुंचे।

सबसे पहले पंचायती निरंजनी अखाड़े के संत संगम पहुंचे, फिर सबसे बड़े जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने अमृत स्नान किया। संतों का आशीर्वाद लेने के लिए लाखों श्रद्धालु संगम पर थे। लोग नागा साधुओं की चरण रज माथे पर लगाते नजर आए। 30 से ज्यादा देशों के लोग अमृत स्नान के लिए पहुंचे थे।





### हेलिकॉप्टर से बरसाए 20 क्विंटल फूल



**हेलिकॉप्टर** से संगम पर 20 क्विंटल फूल बरसाए गए। संगम जाने वाले सभी रास्तों पर 10 किलोमीटर तक श्रद्धालुओं का रेला है। प्रयागराज जंक्शन से 8 से 10 किलोमीटर तक पैदल चलकर लोग संगम पहुंचे। भीड़ को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर को बंद कर दिया है। मेला क्षेत्र के सभी रास्ते वन-वे हैं। 13 जनवरी से अब तक 34.97 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगा चुके हैं।

## बल्ह में नशे की ओवरडोज से युवक की गई जान

**आदर्श, नेरचौक।** बल्ह उपमंडल की कैहड़ पंचायत में एक युवक का शव मिला है। शव खयूरी गांव में स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के समीप पड़ा हुआ था, जिसे बकरी चराने गए गांव के एक व्यक्ति ने देखा। उसने पंचायत प्रधान को फोन पर सूचित किया। प्रधान हंसराज वर्मा ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी करण सिंह की अगुवाई में बल्ह पुलिस की टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और शव को अपने कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त 25 वर्षीय अजय कुमार पुत्र बुद्धि सिंह गांव रीगढ़ (राजगढ़) के रूप में हुई है। युवक की मौत के कारण को लेकर नशे की ओवरडोज लेने की आशंका व्यक्त की जा रही है। स्थानीय पंचायत प्रधान के मुताबिक, युवक के हाथ से इंजेक्शन बरामद किया गया है। डीएसपी हेडक्वार्टर दिनेश कुमार ने युवक का शव मिलने के मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा विधायकों को दिया ज्यादा बजट : सीएम सुक्खू

## बोले- विपक्ष का बहिष्कार राजनीति से प्रेरित, विधायकों ने रखीं अपने क्षेत्रों की प्राथमिकताएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश सरकार बजट प्राथमिकताओं को लेकर चिंतन-मनन कर रही है। विधायकों को विभिन्न योजनाओं के तहत मिलने के बारे में अवगत करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को वार्षिक बजट 2025-26 के लिए विधायकों की प्राथमिकताओं को निर्धारित करने के लिए कांगड़ा, कुल्लू और किन्नौर जिलों के विधायकों के साथ बैठक की। वहीं, भाजपा विधायक दल ने मुख्यमंत्री सुक्खू की ओर से बुलाई विधायक प्राथमिकता मीटिंग का बहिष्कार किया है। सुक्खू ने कहा कि विपक्ष का बहिष्कार राजनीति से प्रेरित है।

उन्होंने कहा कि 2 साल में नाबार्ड से सबसे ज्यादा पैसा भाजपा विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों को दिया गया। श्रीनयना देवी विस क्षेत्र को दो साल में 124 करोड़ दिए गए। भाजपा विधायक के करसोग विधानसभा को 127 करोड़, सुंदरनगर को 82 करोड़, नाचन को 50 करोड़, द्रंग को 50 करोड़, जोगिंद्रनगर को 50 करोड़ और मंडी को 75 करोड़ रुपए सड़क बनाने को दिए गए।



### आज पांच जिलों के विधायकों के साथ बैठक

**सीएम** मंगलवार को शिमला और मंडी जिलों के विधायकों के साथ मीटिंग करेंगे। इसके बाद दोपहर को 2 से 5 बजे तक ऊना, हमीरपुर व सिरमौर के विधायकों से बैठक करेंगे।

### प्रदेशभर में 127 परियोजनाएं स्वीकृत

**सीएम** ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2024-25 के दौरान नाबार्ड से 903.21 करोड़ रुपए की 127 परियोजनाएं स्वीकृत करवाई जा चुकी हैं। इनमें से 412.75 करोड़ की 50 विधायक प्राथमिकता योजनाएं लोक निर्माण विभाग व 179.07 करोड़ रुपए की 23 विधायक प्राथमिकता योजनाएं जलशक्ति विभाग की हैं। कांगड़ा जिले के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने आदर्श स्वास्थ्य संस्थान की स्थापना करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की मांग की। देहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि देहरा क्षेत्र में खुले नए कार्यालय में स्टाफ की नियुक्ति की जाए और लोगों की सुविधा के लिए नए पटवार सर्किल खोले जाएं। ज्वालामुखी के विधायक संजय रतन ने खुंडियां में दमकल विभाग की चौकी खोलने की मांग की। पालमपुर से विधायक आशीष बुटेल ने क्षेत्र में टी-टूरिज्म को बढ़ावा देने और न्यूगल पुल की मरम्मत करवाने और पालमपुर में वेटरनरी यूनिवर्सिटी खोलने की मांग की। विधायक किशोरी लाल ने बीड़-बिलिंग में पर्यटन सूचना केंद्र खोलने व बड़ा भंगाल और छोटा भंगाल के लिए बैजनाथ से हेलिटैक्सी शुरू करने की मांग रखी। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कुल्लू के लिए निरंतर एयर कनेक्टिविटी पर जोर दिया।

# महाकुंभ में मौतों पर संसद में हंगामा

## खड़गे का आरोप- मारे गए हजारों लोग, धनखड़ ने बयान वापस लेने को कहा

एजेंसी, नई दिल्ली

**संसद** में बजट सेशन के तीसरे दिन सोमवार को महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों को लेकर विपक्ष ने दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी दलों ने सरकार पर मौत का आंकड़ा छिपाने का आरोप लगाया सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मौतों की सही जानकारी देने की मांग की।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 29 जनवरी को महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गए हजारों लोगों को मेरी श्रद्धांजलि। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें बयान (हजारों लोगों की मौत) वापस लेने को कहा। जवाब में खड़गे ने कहा कि कि यह मेरा अनुमान है। अगर आंकड़े सही नहीं हैं तो सरकार को बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है? इस पर उपराष्ट्रपति धनखड़ भड़क उठे और उन्होंने कहा कि खड़गे जी आप सोच भी रहे हैं क्या बोल रहे हैं, कितने लोगों का दिल टूटेगा। खड़गे ने कहा कि मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए हजारों नहीं कहा, लेकिन कितने लोग मारे गए, यह जानकारी तो दीजिए, अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा। प्रस्ताव के दौरान खड़गे का एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। वायरल बयान में उनकी तरफ से बीजेपी सांसद नीरज शेखर को फटकार लगाई गई है। असल में मल्लिकार्जुन खड़गे देश की अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी सरकार को घेर रहे थे, उन्होंने जोर देकर बोला था कि देश में बेरोजगारी दर बढ़ती जा रही है। 2013 में तो मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, वे कमजोर रुपए का मुद्दा लगातार उठाते रहते थे, कहते थे कि रुपया अस्पताल पहुंच चुका है। वहीं, इस बात से भी धनखड़ खासा नाराज हो गए और उन्होंने फिर बोला कि आप कैसी बात कर रहे हैं, पूरी दुनिया में क्या संदेश जाएगा। वहीं, राहुल गांधी ने देश के लिए वैकल्पिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि वंचित वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित कर और इलेक्ट्रिक वाहन, डाटा व कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आईए) से जुड़ी आधुनिक युग की क्रांति में भाग लेकर चीन को पछाड़ा जा सकता है।




### खड़गे ने 'बाप' शब्द का प्रयोग क्यों किया?

**संसद** में जब खड़गे अपना भाषण दे रहे थे, तो भाजपा सांसद नीरज शेखर ने कुछ बोलने की कोशिश की। इस हस्तक्षेप से खड़गे नाराज हो गए और उन्होंने दो टूक कह दिया कि तेरे बाप का भी मैं साथी ही रहा हूं। उसको लेकर भी घूमता था, चुप बैठ। खड़गे के इस आक्रामक अंदाज की वजह से राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ, नीरज शेखर भी खासा नाराज हो गए और उन्होंने खड़गे की टिप्पणी का विरोध किया। खड़गे ने 'बाप' शब्द का प्रयोग क्यों किया? स्थिति को बिगड़ता देख राज्यसभा के सभापति ने हस्तक्षेप किया और इस मामले को शांत करवाया।

# दिल्ली में विधानसभा चुनाव का प्रचार थमा, वोटिंग पांच को

एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सोमवार को चुनाव प्रचार थम गया। 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। मतों की गिनती और परिणामों की घोषणा 8 फरवरी को होगी। वहीं, चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी। भाजपा की तरफ से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जंगपुरा, बिजवासन और द्वारका विधानसभा क्षेत्रों में वोट मांगे।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कालकाजी और छतरपुर विधानसभा क्षेत्रों में 'आप' प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार चौथी बार सत्ता में आने की उम्मीद कर रहे हैं। केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा सीट से चौथी बार चुनावी मैदान में हैं। केजरीवाल के सामने बीजेपी के प्रवेश वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। वहीं, कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री आतिशी लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रही हैं।

### सीएम आतिशी की सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला



**मुख्यमंत्री** आतिशी ने पहली बार 2020 में कालकाजी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। आतिशी को इस सीट पर जीत मिली थीं। केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद उन्हें पार्टी ने दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया था। इस चुनाव में उन्हें भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी और कांग्रेस की अलका लांबा से कड़ी टक्कर मिल रही है।

# मणिपुर हिंसा : सुप्रीम कोर्ट ने मांगी फॉरेंसिक रिपोर्ट

## ऑडियो क्लिप में सीएम पर हिंसा भड़काने का आरोप, कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग

एजेंसी, नई दिल्ली

**मणिपुर** हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैब (सीएफएसएल) से 6 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है।

दरअसल, कुछ ऑडियो क्लिप सामने आए हैं, जिसमें मणिपुर के मुख्यमंत्री पर हिंसा करवाने का आरोप है। कुकी ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट (कोहूर) ने इन ऑडियो क्लिप की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की है। दावा है कि ऑडियो में सीएम कथित तौर पर कह रहे हैं कि उन्होंने मैतियों को हिंसा भड़काने की अनुमति दी और उन्हें बचाया। याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि जो टेप सामने आए हैं, वे बहुत गंभीर हैं। इस पर सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार की बेंच ने मणिपुर सरकार से कहा कि सुनिश्चित करिए कि ये एक और मुद्दा न बने। 24 मार्च से शुरू होने वाले हफ्ते में इस पर सुनवाई होगी। जस्टिस पीवी संजय कुमार ने पूछा कि क्या उन्हें सुनवाई से अलग हो जाना चाहिए। जवाब में वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि न्यायमूर्ति कुमार को मामले से अलग होने की जरूरत नहीं है।

## केंद्र व राज्य सरकारें नहीं कर सकेंगी जंगलों की कटाई, चार मार्च तक टली सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों को वन क्षेत्रों की कटाई को लेकर कोई भी कदम उठाने को लेकर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की पीठ ने 2023 वन संरक्षण कानून में संशोधन के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वह इस मामले में दायर आवेदनों पर तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करेंगी। पीठ ने सुनवाई चार मार्च के लिए टाल दी। पिछले साल फरवरी में शीर्ष अदालत ने 2023 के संशोधित कानून के तहत जंगल की परिभाषा में लगभग 1.99 लाख वर्ग किलोमीटर वन भूमि को जंगल के दायरे से बाहर रखा था। पीठ ने बताया कि चिड़ियाघर खोलने या वन भूमि पर सफारी शुरू करने के किसी भी प्रस्ताव के लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा प्रदान किए जाने वाले वन क्षेत्र पर सभी विवरण अपनी वेबसाइट पर डालेंगे।

**आरोप** स्वास्थ्य विभाग उड़ा रहा सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की धज्जियां, उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष बोले-

# हिमाचल में ब्लड बैंकिंग व्यवस्था बीमार!

अनंत ज्ञान, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में ब्लड बैंकिंग व्यवस्था गंभीर रूप से बीमार है। स्वास्थ्य विभाग खुद सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और नियम-कानून की धज्जियां उड़ा रहा है। यह आरोप संस्था उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ब्लड बैंकिंग व्यवस्था चलाने के लिए स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में बनी राज्य ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल का वर्षों से पुनर्गठन नहीं हुआ है और आठ वर्ष से अधिक समय से कोई मीटिंग नहीं हुई। अव्यवस्था के कारण कई बड़े ब्लड बैंकों से आम



रोगियों को समय पर आवश्यकता के अनुसार रक्त नहीं मिल पाता है।

अजय ने बताया कि कॉमन कॉज बनाम भारत सरकार (सीडब्ल्यूपी 91/1992) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 4 जनवरी 1996 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। संपूर्ण ब्लड बैंकिंग व्यवस्था के संचालन एवं देखरेख के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्र में नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल और हिमाचल प्रदेश सहित सभी राज्यों में राज्य ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल गठित की थीं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गेनाइजेशन और राज्यों की एड्स कंट्रोल सोसायटी को रक्त सुरक्षा और एड्स के कामकाज तक ही सीमित कर दिया था।

### कागजों में चलती रही राज्य ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल

**अजय** ने कहा कि हिमाचल में राज्य ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल शुरू से ही सिर्फ कागजों पर चलती रही। सरकार का स्वास्थ्य सचिव इसका अध्यक्ष होता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यों में स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल ब्लड बैंकों से संबंधित समस्त योजनाओं, उनके संचालन और आवश्यकताओं की पूर्ति का कार्य करेगी। इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं और रक्तदाताओं को मीडिया और कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक करने का कार्य भी शामिल है। यह वैधानिक व्यवस्था ठप हो जाने से ब्लड बैंकों में डॉक्टर, नर्स, टेक्नीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, ड्राइवर, अन्य संसाधनों की कमी की ओर कोई ध्यान नहीं देता। स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल की गैर मौजूदगी में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज समेत सभी प्रमुख ब्लड बैंकों में स्टाफ और उपकरणों की काफी कमी है।

### सीएम सुक्खू को लिखा पत्र

**अजय** श्रीवास्तव बताया कि मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले में तुरंत कदम उठाने की मांग की गई है, क्योंकि यहां सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और कानून के खुलेआम उल्लंघन का मामला है। मुख्यमंत्री इस पूरे मामले पर तुरंत ध्यान दें और सुप्रीम कोर्ट व अन्य संबंधित कानूनो का पालन सुनिश्चित करें। ब्लड बैंकों में रक्त की कमी से तड़पने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को न्याय देने के लिए स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसर के खिलाफ कार्रवाई भी की जाए।

## छत्तीसगढ़ में 8 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में आठ लाख रुपए का इनामी नक्सली मारा गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कांकेर और नारायणपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने नक्सली को मार गिराया। कांकेर-नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में माओवादियों के उत्तर बस्तर-माड़ संभाग के सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली, जिसके बाद सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीजारजी) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के तहत गश्त के लिए रवाना किया गया। इस दौरान नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। वहीं, नक्सली के पास से एक एसएलआर राइफल और अन्य सामान बरामद किया है।

# कुलगाम में आतंकी हमला रिटायर्ड लांस नायक की मौत

## पत्नी और बेटी घायल; सुरक्षाबलों ने इलाके को घेरा

एजेंसी, जम्मू



**जम्मू**-कश्मीर के कुलगाम में सोमवार को आतंकियों ने रिटायर्ड लांस नायक के परिवार पर हमला किया। इस हमले में पूर्व सैनिक की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गई हैं।

सुरक्षाबलों ने आतंकियों की तलाश में पूरे इलाके की घेराबंदी की है। यह हमला कश्मीर में कुलगाम के बेहीबाग इलाके में हुआ। आतंकियों ने रिटायर्ड लांस नायक मंजूर अहमद के परिवार पर दोपहर 2:45 बजे गोलीबारी की। फायरिंग में अहमद, पत्नी आइना और बेटी साइना घायल हो गए। तीनों को श्रीनगर अस्पताल ले जाया गया।

इलाज के दौरान मंजूर अहमद की मौत हो गई। उनकी पत्नी और बेटी का इलाज जारी है।

# ट्रेनिंग से लौटे डीसी ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा, कर्मचारियों को लगाई डांट

## सुविधाओं को नए सिरे से जुटाने को लेकर एक्शन मोड पर मिनी सचिवालय परिसर की प्लानिंग

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में करीब एक महीने की ट्रेनिंग से लौटे हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह आते ही एक्शन मोड पर आ गए हैं। सोमवार को उन्होंने पूरे मिनी सचिवालय परिसर का दौरा भी किया। जिन नई जगहों पर रेनोवेशन का काम चल रहा है, वहां पर मकम्मल तौर पर कामों का जायजा लिया। ग्राउंड फ्लोर पर नई तैयार की गई रिकॉर्ड रूम की व्यवस्था का भी जायजा लिया, लेकिन वहां व्यवस्था का अंदाज देखकर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को भी डांट भी लगाई।


निरीक्षण के दौरान डीसी अमरजीत सिंह अधिकारियों के साथ।

दरअसल मिनी सचिवालय परिसर में स्थित सभी क्षेत्रों में इन दिनों ब्यूटीफिकेशन और सुविधाओं को नए सिरे से जुटाने का प्रयास चल रहा है। इसका ज्यादातर काम मकम्मल हो गया है। पुलिस विभाग के सीआईडी विंग के लिए भी अलग से दफ्तर की व्यवस्था बनाई गई है। पुरानी जगह को अलग ढंग से विकसित करने की योजना है, क्योंकि जिस जगह पर सीआईडी का ऑफिस है, उसकी पुरानी व्यवस्था वहां पर बहाल करने की योजना पर भी काम हो रहा है। बचत भवन के परिसर का भी जीर्णोद्धार जारी है। इसकी ब्यूटीफिकेशन भी हो रही है। वाहनों की पार्किंग के लिए भी यहां सिस्टम में अब सुधार नजर आना शुरू हो जाएगा।

भवनों में चल रहे मरम्मत एवं निर्माण कार्यों का जायजा लेने के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने मिनी सचिवालय के पीछे बन रहे ओपन एयर जिम और हमीर भवन का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि ओपन एयर जिम में आम लोगों की कसरत के लिए आधुनिक उपकरण स्थापित कर दिए गए हैं। कुछ ही दिनों के बाद इसमें आम लोग आकर अपने स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। इस पर लगभग साढ़े पांच लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसमें रेलिंग, फर्श और अन्य कार्य भी अतिशीघ्र पूरे कर लिए जाएंगे। रेलिंग का काम शुरू हो चुका है जो कि एक-दो दिन में मकम्मल हो जाएगा जबकि टाइलिंग का काम भी कुछ दिनों में मकम्मल हो जाएगा।

यह ओपन एयर जिम डीसी एवं एसपी कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा आम लोगों के लिए भी खुला रहेगा। फिलहाल इसकी टाइमिंग को लेकर कोई बंदिश नहीं है, जब चाहे यहां लोग आ सकते हैं। इससे जिला विकलांगता पुनर्वास केंद्र में फीजियोथैरेपी के लिए आने वाले दिव्यांगजन भी लाभान्वित होंगे।

अमरजीत सिंह ने बताया कि डीसी कार्यालय परिसर में ही चिल्ड्रन पार्क, कैंटीन और अन्य कार्य भी तेजी से पूरे करवाए जा रहे हैं, ताकि इस पूरे परिसर में आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर एसी टू डीसी अपराजिता चंदेल, डीएसओ पूर्ण चंद कटोच और डीआरडीए के अधिकारी भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# पेंशनर्स ने महंगाई भत्ते की 2 किस्तों का एरियर देने की उठाई मांग


पेंशनर्स फोरम की बैठक में हिस्सा लेते पेंशनर्स।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

प्रदेश बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम की नादौन इकाई की बैठक गगाल में संपन्न हुई। इसमें पेंशनर्स की समस्याओं बारे विस्तार से चर्चा की गई तथा सरकार से मांग की गई कि युक्तिकरण प्रक्रिया व स्मार्ट मीटरिंग की योजना को बंद करने और पेंशनर्स के वित्तीय लाभों को जारी करने, महंगाई भत्ते की 2 किस्तों का एरियर व 11 प्रतिशत लंबित मंहगाई भत्ता देने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष राज कुमार चौधरी की।

बैठक में सचिव विधि चन्द, कोषाध्यक्ष पिरथी चंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगत राम सहित काफी पेंशनर्स से हिस्सा लिया। बैठक में विशेष तौर पर उपस्थित बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के वरिष्ठ प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के साथ 19 नवंबर को प्रबंधक वर्ग के साथ हुई बैठक के बाद 75 साल से ऊपर की आयु वाले पेंशनर्स को 77.5 प्रतिशत बकाया राशि की अदायगी हुई है और फैमिली पेंशनर्स को बकाया राशि का भुगतान हो पाया है जबकि 75 साल के नीचे वाले पेंशनर्स को अभी तक बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पाया है और 1 जनवरी 2016 के बाद सेवानिवृत कर्मचारियों को 50-50 हजार रुपए की पहली किस्त व 20 प्रतिशत संशोधित ग्रेच्यूटी की बकाया राशि की अदायगी भी नहीं हो पाई है।

इससे पेंशनर्स में भारी आक्रोश व्याप्त है। 11 फरवरी को हमीरपुर में आयोजित की जा रही महापंचायत का पुरजोर समर्थन करते हुए नादौन युनिट से 150 पेंशनर्स से महापंचायत में हिस्सा लेने का फैसला किया है।

# जिले में 7680 युवा आजमाएंगे पुलिस भर्ती में अपना भाग्य

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

**28 से 5 मार्च तक अणू के सिंथेटिक ग्राउंड में होगी भर्ती**

हिमाचल प्रदेश में 1226 पुलिस कांस्टेबलों के पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। पुलिस कांस्टेबल के पदों की भर्ती के लिए हमीरपुर जिले के 7680 युवाओं ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इन पदों के लिए हमीरपुर जिले में 28 फरवरी से 5 मार्च तक अणू के सिंथेटिक ग्राउंड में भर्ती आयोजित की जाएगी। इसके लिए पुलिस विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

हमीरपुर में 28 फरवरी से भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके लिए पहले युवाओं का फिजिकल स्टेंडर्ड टेस्ट और फिजिकल एफीशियेंसी टेस्ट लिया जाएगा। फिजिकल एफीशियेंसी टेस्ट के दौरान 100 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, हाई जंप और लांग जंप का टेस्ट लिया जाएगा। पुलिस कांस्टेबल भर्ती की वीडियो रिकार्डिंग के अलावा युवाओं डोप टेस्ट होगा। ग्राउंड टेस्ट से पहले युवाओं का सैंपल लिया जाएगा, जिसकी जांच की जाएगी। ग्राउंड टेस्ट पास करने वाले युवा ही लिखित परीक्षा देंगे। गौर रहे कि पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए स्टेट कैडर कर दिया गया है। इसलिए क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों को वरिष्ठता के आधार पर ही रखा जाएगा। पुलिस कांस्टेबल के पदों पर भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों को बटालियन में भेजा जाएगा। भर्ती के दौरान किसी अन्य युवा की भर्ती स्थल पर आने की अनुमति नहीं होगी।

इस बारे में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए जिला के 7680 युवाओं ने आवेदन किया है। 28 फरवरी से भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है, इसके लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ग्राउंड टेस्ट से पहले युवाओं का डोप टेस्ट भी होगा, ताकि नशा करने वाले का पता लग सके।

# छिंज मेले में कुश्ती लड़ते हुए होमगार्ड जवान की मौत

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बड़सर के सलोनी में आयोजित मक्कड़ छिंज मेले में रविवार को कुश्ती के दौरान एक हादसा हुआ। मुकाबले के बीच ही पहलवान और होमगार्ड जवान उधम सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गई और बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

आयोजकों और दर्शकों ने तुरंत पहलवान को प्राथमिक उपचार देने की कोशिश की, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे भोटा पीएचसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मेले में मातम छा गया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**छिंज मेलों में सुरक्षा पर उठे सवाल :** इस दर्दनाक घटना के बाद छिंज मेलों में सुरक्षा और मेडिकल सुविधाओं को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय प्रशासन ने इस घटना पर गहरा शोक जताया है और आयोजकों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। (अनंत ज्ञान)

> मक्कड़ छिंज मेले में कुश्ती के दौरान एक पहलवान की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा।
> **मनोज कुमार, एसआई, पुलिस चौकी भोटा**

> होमगार्ड जवान उधम सिंह की मौत अत्यंत दुखद है। जिला होमगार्ड बटालियन ने अपना एक अनुभवी और समर्पित सदस्य खो दिया है। वह 29 वर्षों से सेवा दे रहा था और पहलवानी का शौक रखता था।
> **विनय कुमार, कमॉडेंट, जिला होमगार्ड बटालियन हमीरपुर**

### मौत के कारणों की जांच जारी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुश्ती के दौरान पहलवान ने कमजोरी महसूस की और अचानक लड़खड़ा गया। पहले तो लोगों को लगा कि वह थकान के कारण सुस्त हो गया है, लेकिन जब उसकी हालत और बिगड़ने लगी, तो तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मौत के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### 29 साल से होमगार्ड की सेवा, 40 साल से पहलवानी का था शौक

मृतक उधम सिंह हमीरपुर जिले का रहने वाला था और वर्ष 1996 से होमगार्ड जवान के रूप में सेवाएं दे रहा था। पहलवानी का जुनून उसे बचपन से ही था और पिछले 40 वर्षों से वह दंगल में भाग लेता आ रहा था। रविवार को मक्कड़ दंगल में भी उसने अपनी कुश्ती लड़ी, लेकिन यह मुकाबला उसकी जिंदगी का आखिरी मुकाबला साबित हुआ। मृतक उधम सिंह पुत्र नारायण दास, गांव डुढान, तहसील और जिला हमीरपुर का स्थायी निवासी था। वह 26 मार्च 1996 से होमगार्ड जवान के रूप में सेवाएं दे रहा था।

# युवक से विदेश जाने के नाम पर की 3.20 लाख की धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** लुदर महादेव पंचायत के भजलाह गांव के युवक से 3 लाख 20 हजार रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। संतोष कुमार की शिकायत पर भोरंज पुलिस थाना में मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके दो बेटे हैं जिनमें छोटा बेटा अनिल कुमार है। अनिल कुमार को विदेश भेजने का झांसा अशोक कुमार ने दिया।

शिकायतकर्ता ने अक्तूबर 2023 मे भिन्न-भिन्न रूप से 3 लाख 20 हजार रुपए उसके गूगल पे तथा उसके अकाउट नंबर पर भेजे, लेकिन विदेश भेजने के नाम पर उक्त व्यक्ति ने टालमटोल की जिस पर उन्होंने शिकायत दर्ज करवा दी है। उधर, पुलिस थाना भोरंज के थाना प्रभारी एसएचओ प्रशांत सिंह ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि धारा 420 आईपीसी (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।

# करोट विद्यालय की दो छात्राओं अंकिता और प्रिया का विद्यालय पहुंचने पर किया भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल सरकार के समग्र शिक्षा विभाग के सौजन्य से जिला हमीरपुर के सभी व्यावसायिक, वोकेशनल विषयों से संबंधित विद्यालयों में अलग-अलग व्यवसायिक-वोकेशनल शिक्षा के विषयों के छात्रों ने जिला स्तरीय स्किल इन्नोवेशन प्रोजेक्ट प्रतियोगिता जो कि जिला परियोजना एवम् प्रशिक्षण संस्थान गौना-करौर द्वारा आयोजित करवाई गई, जिसमें सभी विद्यालयों के प्रतिस्पर्धी छात्रों ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने अपने विद्यालयों की ओर से प्रस्तुति दी।


उपलब्धि के लिए छात्राओं का स्वागत करते गणमान्य।

इस प्रतियोगिता के अपैरल-परिधान एवं रूप सज्जा प्रतिस्पर्धा में करोट विद्यालय की दो छात्रों क्रमशः अंकिता व प्रिया ने पहला स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी हमीरपुर जिले की ओर से प्रतिनिधित्व करने का गौरव भी हासिल किया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या अनीता कुमारी ने भी उन्हें स्मृति चिन्ह आदि देकर स्वागत करते हुए कहा कि इन दोनों छात्राओं ने जिला में पहला स्थान प्राप्त कर व अब आगे राज्य स्तरीय स्किल इन्नोवेशन प्रोजेक्ट की अपैरल-परिधान एवं रूप सज्जा प्रतिस्पर्धा में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो कि किसी भी विद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

इसके साथ में वोकेशनल प्रवक्ता कंचन की तारीफ करते हुए उन्हें भी बधाई दी। इसके साथ विद्यालय के भाषाध्यापक सुरेंद्र कुमार ने विद्यालयी मंच से छात्राओं की इस गौरवमयी उपलब्धि हेतु सभी को शुभकामनाएं दीं तथा अन्य छात्र-छात्राओं से भी इसी तरह जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए नशे से दूर रहकर समाज हित तथा देश हित में अच्छे कार्य करने के लिए सभी बच्चों को प्रेरित किया और कहा कि हमें जीवन में अच्छे रास्ते पर चलना चाहिए।

# एक महीने में ई-केवाईसी करवाएं हमीरपुर के पेयजल कनेक्शन धारक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जलशक्ति विभाग के उपमंडल हमीरपुर के सहायक अभियंता ने बताया कि उपमंडल के पेयजल कनेक्शन धारकों की ई-केवाईसी आरंभ कर दी गई है। ई-केवाईसी के बाद उपभोक्ताओं को पेयजल कनेक्शन के बिल जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्रदेश सरकार ने विधवा महिलाओं, एकल नारियों, अनाथ और दिव्यांग उपभोक्ताओं को पेयजल निशुल्क उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। इनके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सालाना 50 हजार रुपए से कम आय वाले उपभोक्ताओं को आधी दरों पर बिल जारी किए जाएंगे।

सहायक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से एक माह के भीतर अपनी ई-केवाईसी करवाने की अपील की है। उपभोक्ता अपनी पंचायतों से संबंधित जरूरी दस्तावेज जलशक्ति विभाग के उपमंडल कार्यालय हमीरपुर में जमा करवाने होंगे। अधिक जानकारी के लिए विभाग के अधिकारियों या फील्ड कर्मचारियों से संपर्क किया जा सकता है।

**सम्मान** बसंती पंचमी महोत्सव पर भगवान की 80 विभूतियों का वर्णन

# कविता से बताई बसंत ऋतु की महता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सीनियर सिटीजन काउंसिल के तत्वाधान में गीता प्रचार प्रसार संस्थान हमीरपुर द्वारा श्री बसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस पुनीत आयोजन की अध्यक्षता संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं वित्त सचिव ओपी शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीनियर सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष विजय कुमार पुरी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आरंभ भगवती मां सरस्वती के पूजन-अर्चना एवं आरती के साथ आरंभ हुआ। श्रीमद् भगवत गीता के दशम अध्याय विभूति योग को सामूहिक वाचन किया। ऋतुराज बसंत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान दास शास्त्री ने भगवान को 80 विभूतियों का विशद वर्णन किया। ऋतुराज बसंत को भगवान की दिव्य विभूति को बताते हुए श्रीमद् भगवद गीता के पठन-पाठन करने का सभी उपस्थित श्रोताओं से अनुरोध किया। इस


बसंत पंचमी पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य।

अवसर पर योग प्रकाश नंदा ने गायत्री मंत्र को ईश्वरीय विभूति बतलाते हुए बड़े विस्तार के साथ गायत्री मंत्र का अर्थ सभी श्रोताओं को समझाया।

वहीं, गंगा शर्मा ने बसंत ऋतु की महता बतलाते हुए अपनी कविता प्रस्तुत की। जगदीश वर्मा ने सरस्वती माता के भजन के रूप में मां से सदबुद्धि प्रदान करने की प्रार्था की। इस अवसर पर गीता प्रचार प्रसार संस्थान द्वारा गीता प्रेमी चतुर्भुज शर्मा और उनकी पत्नी कमला शर्मा को शॉल व टोपी, श्रीमद् भगवद गीता की प्रति एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसदों की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण: मोंटी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** केंद्रीय बजट 2025 में हिमाचल प्रदेश को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जाना प्रदेश के लोगों के साथ अन्याय है। इस बजट में हिमाचल को किसी भी नई परियोजना या विशेष सहायता राशि का लाभ नहीं दिया गया, जिससे प्रदेश की जनता में गहरी नाराजगी है।



हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक मोंटी संधू ने इस अनदेखी के लिए प्रदेश के चारों भाजपा सांसदों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार ने हिमाचल को बजट में पूरी तरह नकार दिया, तो ये सभी सांसद चुप्पी साधे बैठे रहे।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता ने इन सांसदों को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए चुना था, लेकिन वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में पूरी तरह विफल रहे हैं।

# पीएनबी 7-8 को लगाएगा हाउस लोन और सूर्या घर ऋण एक्सपो

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**हमीरपुर बस स्टैंड के सामने होगा आयोजन, मौके पर स्वीकृत किए जाएंगे ऋण**

पंजाब नेशनल बैंक 7 और 8 फरवरी को हमीरपुर बस स्टैंड के सामने हाउसिंग लोन एवं सूर्या घर ऋण एक्सपो का आयोजन करने जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय हमीरपुर के प्रमुख अरविंद सरोच ने बताया कि मकान बनाने के लिए ऋण लेने और सूर्या घर योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु ऋण लेने के इच्छुक लोगों की सुविधा के लिए विशेष रूप से यह एक्सपो आयोजित किया जा रहा है।

इसमें लोगों को बैंक की विशेष ऋण योजनाओं और ब्याज दरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। अरविंद सरोच ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक का हाउसिंग लोन 8.40 प्रतिशत ब्याज दर और सूर्या घर योजना के तहत घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध है। एक्सपो के दौरान इस तरह के ऋणों को त्वरित स्वीकृति प्रदान की जाएगी तथा विशेष ऑफर एवं छूट भी दी जाएगी। इस दौरान रियल एस्टेट विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों से विशेष परामर्श भी प्राप्त किया जा सकता है। अरविंद सरोच ने बताया कि इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर खरीदने और सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे। अधिक जानकारी के पंजाब नेशनल बैंक की नजदीकी शाखा में संपर्क किया जा सकता है। बैंक के सर्कल प्रमुख ने जिलावासियों से इस एक्सपो का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस एक्सपो का उद्घाटन हमीरपुर के उपायुक्त अमरजीत सिंह करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग आज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** एसडीएम कार्यालय भोरंज के अंतर्गत इस माह वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट की तिथि निर्धारित कर दी गई है। एसडीएम शशि पाल शर्मा ने बताया कि वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट 4 फरवरी को सुबह 10 बजे कंज्याण के हेलीपेड ग्राउंड में होंगे। उन्होंने कहा कि 3 फरवरी तक फीस जमा करवाने वाले आवेदक ही ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। 4 फरवरी को कोई भी फीस जमा नहीं की जाएगी और फीस एवं अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण किए बिना किसी भी अभ्यर्थी को वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### जंगलों को आग से बचाने के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, रंगस।** जंगलों को आग से बचाने के लिए हंस फाउंडेशन के सौजन्य से एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत टिल्लू, अमलेहड़, चिलाराड़ा, किटपल, बसारल और कथरोह पंचायतों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए, जो जंगल की आग पर आधारित था। नाटक के माध्यम से लोगों को वनों का महत्व समझाया गया और जंगल की आग को रोकथाम लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान की अध्यक्षता में हंस फाउंडेशन की ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर किरण और उनकी टीम ने लोगों को जंगलों को बचाने के लिए जागरूक किया। इस अभियान के दौरान लोगों को जंगलों में आग न लगने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय समझाए गए और पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

### प्रतियोगिता में छात्रों ने चमकाया स्कूलों का नाम



**अनंत ज्ञान, रंगस।** राज्य परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के तहत हमीरपुर के बड़ू में प्रोजेक्ट इनोवेशन पर जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रंगस और जोलसप्पड़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स ने उपलब्धि हासिल कर स्कूलों का नाम चमकाया है। प्रतियोगिता में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोलसप्पड़ के जमा दो की व्यावसायिक विषय इलेक्ट्रोनिक्स के दो स्टूडेंट्स नतीश व शुभम ने वर्किंग मॉडल बना कर इसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला स्तर उनका प्रदर्शन शानदार रहा तथा उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसमें व्यावसायिक शिक्षा के नोडल अधिकारी कृष्ण चंद सोनी तथा प्रशिक्षक नेहा कुमारी का मार्गदर्शन भी सराहनीय रहा। स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल राजकुमारी कौशल तथा स्टाफ ने बच्चों को उपलब्धि पर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, रंगस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शुभम और आयुष धीमान ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अव्वल स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल नरेश ठाकुर ने स्टूडेंट्स व स्टाफ को बधाई दी है।

### भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने चखा प्रसाद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर स्थित बाबा स्वरूप गिर जी महाराज मंदिर में सोमवार को मंदिर कमेटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया। बाबा स्वरूप गिर जी महाराज मंदिर में सुबह हवन किया गया और पूर्ण आहुति दी गई, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और लोगों द्वारा पूजा-अर्चना कर भजन-कीर्तन और आरती की गई। इसके उपरांत सुबह 10 बजे से भंडारे का शुभारंभ किया गया, जो कि देर शाम तक चलता रहा। इसमें सुजानपुर व आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने बाबा जी का आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### गाहलियां गांव के लोगों का जांचा बीपी व शुगर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपस्वास्थ्य केंद्र दरोग के अंतर्गत गांव गाहलियां में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों का बीपी, शुगर की जांच की गई तथा साथ में सभी लोगों को टीबी लक्षण जांच के बारे में जानकारी दी गई। सभी लोगों को बीपी, शुगर की निशुल्क दवाइयां भी दीं। स्वास्थ्य कार्यकर्ता संजीव ठाकुर, सीएचओ नेहा कुमारी, आशा यशु बाला, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन कुमारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

### पंधेड़ प्रबंधक समिति चुनावों की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी ब्लॉक की सहकारी सभा प्रबंधक समिति के चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि चुनाव संबंधी सूचना सभा कार्यालय में लगा दी गई है, जिसके अनुसार प्रबंधक समिति सदस्यों के लिए 26 फरवरी 2025 को नामांकन भरा जाएगा व 28 मार्च को चुनाव होंगे।

### जल व ऊर्जा संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में हिमकोस्ट के सौजन्य से ऊर्जा संरक्षण व जल संरक्षण पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि राजेश गौतम जिला विज्ञान पर्यवेक्षक हमीरपुर, स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान विक्रम शर्मा ने शिरकत की। प्रधानाचार्य ने जिला पर्यवेक्षक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक ने बच्चों को जल व ऊर्जा संरक्षण का महत्व बताकर बच्चों को जागरूक कर जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

### शिविर में 65 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान,नादौन।** द हंस फाउंडेशन नादौन की मोबाइल मेडिकल यूनिट 4 द्वारा नादौन ब्लॉक की जसाई तथा बेहरड़ पंचायत में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। हंस फाउंडेशन के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नेक सिंह ठाकुर ने बताया कि संस्था द्वारा 65 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा 35 से अधिक टेस्ट किए गए तथा निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। शिविर में डाक्टरों की टीम में मेडिकल ऑफिसर आदर्श चौधरी, बलदेव प्रयोगशाला परीक्षक, फार्मासिस्ट अंकिता तथा सुरेश कुमार शामिल थे।

### मीडिया ट्रेड में मझीण को प्रथम पुरस्कार



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझीण के होनहारों ने अपने हुनर से विद्यालय का नाम रोशन किया है। धर्मशाला में संपन्न एकदिवसीय जिला स्तरीय स्किल कंपटीशन इन प्रोजेक्ट इनोवेशन में मझीण स्कूल से मीडिया एंड एंटरटेनमेंट टेड में प्रथम स्थान हासिल किया। सोमवार को विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य सुरेश ठाकुर ने सभी विजेता विद्यार्थियों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रधानाचार्य व वोकेशनल स्कूल को-ऑर्डिनेटर लेक्चरर केमिस्ट्री ब्यास देव ने मीडिया सब्जेक्ट में जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार मिलने की सभी प्रतिभागी छात्रों को बधाई भी दी।

### पीएचसी भोटा में लगा मिर्गी जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, भोटा।** ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस दिल्ली की टीम द्वारा भोटा पीएचसी में मिर्गी उपचार को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस टीम का नेतृत्व डॉ. ममता भूषण सिंह प्रो. न्यूरोलॉजी ने किया। इस अवसर पर टीम के सदस्य डॉक्टर हेमंत तिवारी ने बताया कि जिला हमीरपुर में आशा वर्करों द्वारा 226 मिर्गी रोगी चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस रोग के उपचार हेतु जिले में चार जगहों पर जागरूकता शिविर लगाया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आशा वर्करों द्वारा चिन्हित किए गए रोगियों के अलावा छूट गए रोगियों को भी इलाज किया जाएगा। डॉक्टर तिवारी ने बताया कि भोटा में लगभग 80 रोगियों का इलाज करने व परामर्श देने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि ऐसे रोगियों का मुफ्त उपचार किया जाएगा तथा उन्हें मुफ्त दवाइयां भी दी जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे रोगियों को 1 महीने की दवाई आशा वर्करों द्वारा घर-द्वार पर दी जाएगी। उनका कहना है कि इस दवाई के खाने से मिर्गी के रोगियों को कम झटके आते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जो बच्चा जन्म के समय काफी देर बाद रोता है या किसी बच्चों के सिर पर गहरी चोट लगी होती है, ऐसे बच्चों में मिर्गी का रोग होने की ज्यादा आशंका रहती है।

# प्रदेश में डिले करप्शन को शून्य करने का लक्ष्य : सीएम सुक्खू

## सभी एचपीएएस अधिकारियों ने छोड़ी बिजली सब्सिडी, फार्म भर कर किए प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार सायं पीटरहॉफ शिमला में आयोजित हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा अधिकारी संघ के वार्षिक सम्मेलन 'अभिव्यक्ति' की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) को और सशक्त करेगी। उन्होंने अधिकारियों से सरकार के निर्णयों में भरपूर सहयोग और योगदान देने का आह्वान करते हुए कहा कि अधिकारी सरकार की ताकत हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान की चुनौतियों का सामना नई तकनीक और नई सोच के साथ ही किया जा सकता है। सरकार व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ निरंतर प्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 'डिले करप्शन' को शून्य करने के अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा


एचपीएएस अधिकारियों के वार्षिक सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री सुक्खू।

कि राज्य सरकार विभिन्न प्रक्रियाओं और नियमों में सकारात्मक सोच के साथ सार्थक बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में प्रदेश आत्मनिर्भर राज्य और 2032 में देश का सबसे समृद्धशाली राज्य बनेगा। सरकार ने गठन के बाद आर्थिक, राजनीतिक और प्राकृतिक चुनौतियों का मजबूती से सामना किया। दृढ़ इरादों और दूरदर्शी नीतियों के फलस्वरूप वर्तमान में हिमाचल हर क्षेत्र में सशक्त हुआ है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, जल विद्युत, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, डेटा स्टोरेज और कृषि व बागवानी पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। सुक्खू ने प्रशासनिक अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि वह दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में भी सराहनीय सेवाएं प्रदान कर अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर कार्यान्वित करने में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। सरकार भी कर्मचारियों व अधिकारियों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है और उनके हितों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एचपीएएस अधिकारियों की मांगों पर सहानुभूतिर्पूक विचार करेगी और इसके लिए शीघ्र ही उच्च स्तरीय बैठक में विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एचपीएएस अधिकारी संघ के नए लोगो, फ्लैग और स्मारिका का विमोचन भी किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण मांटा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और एसोसिएशन की गतिविधियों और मांगों से अवगत करवाया। इस अवसर पर एचपीएएस अधिकारी संघ के सभी सदस्यों ने बिजली सब्सिडी छोड़ने का निर्णय लिया तथा इस संबंध में फार्म भरकर प्रस्तुत किए। एसोसिएशन महासचिव प्रशांत सरकैक ने आभार प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## भाजपा का विधायक दल जयराम की नहीं सुनता बात : सुक्खू

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने कहा कि भाजपा राज्यसभा चुनाव सीट जीतने के बाद से असहज हो चुकी है। वे कोशिश करते रहे थे मगर जनता ने उन्हें चुनकर नहीं भेजा। जनता ने हमें 34 से 40 सीटों तक पहुंचा दिया था। भाजपा का विधायक दल जयराम ठाकुर की बात नहीं सुनता है। 5 गुटों में बंटी भाजपा अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है।

**जयराम ने मांगा सरकार के कामों का ब्यौरा**

वहीं, सीएम के आरोप पर जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री झूठ बोलना बंद करें और 2 साल में उन्होंने जो काम अपनी सरकार में करवाए उसका ब्यौरा दें। अधिकारी उन्हें गुमराह कर रहे हैं और झूठे आंकड़े दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जितने भी काम मीडिया के सामने गिनवाए हैं उन सारे कामों की स्वीकृति भाजपा के सरकार में हुई थी, उनकी डीपीआर भाजपा की सरकार में स्वीकृत हो गई थी और उन सभी प्रोजेक्ट पर भाजपा सरकार में ही काम शुरू हो गया था। मुख्यमंत्री होते हुए हर बात पर झूठ बोलना, बार-बार झूठ बोलना उनके न तो व्यक्तित्व को शोभा देता है और न ही उनके पद की गरिमा के अनुकूल है।

# तालमेल से ही दिल्ली को विश्व स्तरीय राजधानी बनाने में मिलेगी मदद : इंदु गोस्वामी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



राज्य सभा सांसद इंदुबाला गोस्वामी ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में डोर-टू-डोर कई विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं और सामान्य मतदाताओं से मुलाकात की और उनसे भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करके दिल्ली में डबल इंजन सरकार बनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच बेहतर तालमेल से ही दिल्ली को विश्व स्तरीय राजधानी बनाने में मदद मिलेगी और दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच टकराव से दिल्ली की विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन में बांधा उत्पन्न होती है, जिससे आम जनमानस को नुकसान पहुंचता है। दिल्ली में भाजपा सरकार आते ही महिलाओं को मानदेय, सस्ता सिलेंडर सहित सभी वादों को कार्यान्वित करने के लिए टास्क फोर्स गठित की जाएगी। उन्होंने लोगों से इस चुनाव में जमकर मतदान करने का अनुरोध किया, ताकि भ्रष्ट सरकार की उखाड़ा जा सके।




# विक्रमादित्य सिंह ने मां संग महाकुंभ के पवित्र संगम में लगाई डुबकी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह और उनकी मां प्रतिभा सिंह ने सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम के पवित्र तट पर डुबकी लगाई। फेसबुक पर एक पोस्ट में, विक्रमादित्य ने लिखा कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सभी 70 लाख परिवारों की शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने यह भी कहा कि हमने स्नान घाट पर सूर्योदय के समय स्नान किया और यह एक अद्भुत अनुभव था। पवित्र गंगा नदी में डुबकी लगाने से मुझे एक नई ऊर्जा और शांति की अनुभूति हुई।

# कांग्रेस मुख्यमंत्री के करीबियों को दे रही प्राथमिकता : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस सरकार के नकारात्मक रवैये एवं विधायकों के अपमान को लेकर 4 फरवरी को होने वाली विधायक प्राथमिकता की बैठक का भाजपा बहिष्कार करेगी।

उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार है और दो वर्षों से जो हमारे चुने हुए विधायक अपोजिशन के विशेष तौर से मैं जिक्र करना चाहूंगा, परंपरा के हिसाब से उसका पालन करते हुए विधायक प्राथमिकता की बैठकों में जाते रहे, लेकिन हमें इस बात को लेकर के अफसोस है कि दो वर्ष के कार्यकाल में अपोजिशन के विधायकों की डीपीआर बनने की प्रोसेस अधिकांश जगह पर हुई ही नहीं है। उन्होंने कहा अगर विधायक अपने-अपने क्षेत्र की बात कहना चाहेंगे तो एक दो स्पेसिफिक इश्यूज को लेकर



के जो हमने प्राथमिकता दी है, पीडब्ल्यूडी और आईपीएच में दी है उसकी डीपीआर बनाने की प्रोसेस ही शुरू नहीं हुई और दो वर्ष का कार्यकाल कांग्रेस का पूरा हो चुका है। यह तीसरी विधायक प्राथमिकता की बैठक है।

सवाल यह उठता है कि जब आपको डीपीआर ही नहीं बनानी है तो निश्चित रूप से उसके बाद फिर विधायकों के कहने पर काम कैसे होंगे? उससे आगे बढ़कर के एक और चीज को लेकर के हिमाचल प्रदेश में एक नई परंपरा शुरू कर दी गई है कि पिछली डीपीआर जो बन कर के तैयार हो भी गई है, उसमें भी लिस्ट बनाकर के मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की जा रही है। कौन-सी डीपीआर नाबार्ड के सामने पेश करनी है और उसमें फिर जो है भारतीय जनता पार्टी यानी कि विपक्ष के विधायकों की डीपीआर बनी है उनके सामने काटा जाए।

जयराम ने कहा कि सिर्फ कांग्रेस के उन विधायकों के लिए प्राथमिकता तय हो रही है जो मुख्यमंत्री के करीब और नजदीक है। केवल उनकी स्कीमों के सामने टिक लगता है और जब हमने रविवार को बहिष्कार का फैसला किया कि तो कांग्रेस के भी बहुत सारे विधायक ऐसे हैं जो संपर्क कर रहे हैं कि हमारी भी स्थिति ऐसी ही है जैसी आपकी है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह, प्रो. प्रेम कुमार धूमल भी विधायकों को उचित स्थान एवं मंच देते थे। प्रेस वार्ता में त्रिलोक जम्वाल, जीत राम कटवाल, डॉ. जनक राज आदि उपस्थित रहे।



अनंत सागर

श्रद्धावान् लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः। ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति।।

**भावार्थः** जो लोग श्रद्धावान होते हैं और अपने मन और इंद्रियों पर नियंत्रण रखते हैं, उन्हें दिव्य ज्ञान मिलता है, जिससे वे जल्द ही परम शांति को हासिल कर लेते हैं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 4 फरवरी 2025

**प्राचीन नगरी उत्तर प्रदेश के वाराणसी को मंदिरों का शहर कहा जाता है। यहां के हर मंदिरों के पौराणिक महत्व हैं। इसी कड़ी में काशी के काल भैरव मंदिर की भी अनेक मान्यताएं हैं। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक काशी विश्वनाथ स्वयं काशी के राजा हैं, जबकि उन्हीं की ओर से काल भैरव को शहर के कोतवाल और सेनापति के तौर पर नियुक्त किया गया है। इस मंदिर में विशेष तौर पर रविवार और मंगलवार के दिन दूरदराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं और विधि विधान से पूजन कर अपने सभी बाधाओं, क्लेश और दुख का निवारण कर सफल मनोकामनाओं की प्राप्ति करते हैं। बाबा काल भैरव भगवान शंकर के ही रुद्र अवतार हैं और उनकी पूजा का विशेष महत्व है। फल प्राप्ति के साथ-साथ बुरे कर्मों की सजा-दंड देने के लिए भी श्री काल भैरव जाने जाते हैं।**

# ...जब भगवान शंकर ने काल भैरव को नियुक्त किया काशी का संरक्षक



## इस मंदिर का दर्शन किए बिना काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन का नहीं मिलता लाभ

### काशी में मिली थी काल भैरव को ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्ति

शास्त्रों में भगवान शंकर स्वयं इनके बारे में बताते हैं कि काल भैरव पर ब्रह्म हत्या का दोष लगा था और उस दोष से मुक्ति पाने के लिए ये तीनों लोकों का भ्रमण कर रहे थे। तब जाकर काशी के गंगा तट पर पहुंचने के बाद काल भैरव को ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्ति मिली थी। उसी समय भगवान शंकर ने उन्हें काशी में ही रहकर तप करने का आदेश दिया था। काशी शहर के अलग-अलग हिस्सों में काल भैरव के दंड पाड़ी, लाट भैरव जैसे आठ अलग-अलग रूप हैं। वाराणसी के विशेश्वरगंज स्थित काल भैरव मंदिर से चंद किलोमीटर की दूरी पर भगवान काशी विश्वनाथ धाम है। मान्यता यह भी है कि बिना काल भैरव मंदिर का दर्शन किए काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन का लाभ नहीं मिलता अर्थात काशी कोतवाल का दर्शन भी अनिवार्य है। प्रमुख तौर पर रविवार और मंगलवार के दिन दूर दराज से श्रद्धालु संकरी गलियां से होते हुए मंदिर परिसर तक पहुंचाते हैं।

*मंदिर के आसपास लगे फूल-माला, रंगीन धागे, पीतल-तांबे के बर्तन सहित अन्य पूजन सामग्रियां और क्षेत्र का भक्ति मय माहौल श्रद्धालुओं का मन मोह लेता है। काल भैरव मंदिर में प्रमुख तौर पर दौना, बैगनी, लाल, सफेद रंग के पुष्प अर्पित किए जाते हैं। अपने ऊपर से सभी बाधाओं और क्लेश के निवारण के लिए यहां हाथ और गले में धागा बंधवाने और कुछ अवसर पर मदिरा चढ़ाने की भी परंपरा है। श्वान की पहचान बाबा काल भैरव के सवारी के रूप में है जिन्हें सफेद बर्फी खिलाई जाती है।*



### शहर को बचाते हैं बुरी ताकतों से

**दरअसल,** वाराणसी में काल भैरव मंदिर एक महत्वपूर्ण और पवित्र स्थान है, जो सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। काशी के संरक्षक के रूप में, काल भैरव शहर को बुरी ताकतों से बचाते हैं और इसकी आध्यात्मिक शुद्धता बनाए रखते हैं। काशी के कोतवाल काल भैरव- वाक्यांश का प्रयोग अक्सर उनके आशीर्वाद और सुरक्षा का आह्वान करने के लिए किया जाता है।

### कब बनाया गया था मंदिर

**वाराणसी** में काल भैरव को समर्पित एक प्रसिद्ध मंदिर है, जिसे शहर के सबसे पवित्र मंदिरों में से एक माना जाता है। काल भैरव मंदिर के निर्माण की सही तारीख ज्ञात नहीं है, लेकिन अनुमान है कि वर्तमान संरचना 17वीं शताब्दी के मध्य में बनाई गई थी। ऐसा भी कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण महाभारत के नायक पांडवों ने अपने निर्वासन के दौरान किया था।




### आध्यात्मिक साधकों के लिए बेहद पवित्र स्थान

**काल** भैरव बुरी शक्ति यों के विनाश से जुड़े हैं, जो उन्हें हिंदू पौराणिक कथाओं में एक शक्ति शाली देवता बनाता है। भक्त बुरी ताकतों से सुरक्षा, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए काल भैरव को प्रार्थना और प्रसाद चढ़ाते हैं। मंदिर को आध्यात्मिक साधकों के लिए एक पवित्र स्थान माना जाता है, जो पूजा करने और देवता से आशीर्वाद लेने आते हैं. मंदिर का उल्लेख स्कंद पुराण और काशी खंड सहित कई प्राचीन ग्रंथों में किया गया है।

### अद्वितीय वास्तुकला है इस मंदिर की

**इस** मंदिर की वास्तुकला अद्वितीय है, जिसमें काल भैरव की आकर्षक काले पत्थर की मूर्ति है। मंदिर दिन के 24 घंटे खुला रहता है, पुजारी निरंतर पूजा और अनुष्ठान करते हैं। यह मंदिर प्रतिदिन हजारों लाखों भक्त ों को आकर्षित करता है, जिससे यह भारत के सबसे व्यस्त मंदिरों में से एक है। मंदिर अपने विशेष अनुष्ठानों और पूजाओं के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें काल भैरव पूजा भी शामिल है, जो आधी रात को की जाती है।

### धर्म की नगरी में भगवान भैरव के कितने रूप

*धर्म की नगरी वाराणसी में भगवान भैरव के आठ रूप हैं, जो शहर के रक्षक और न्यायकर्ता के रूप में कार्य करते हैं। ये रूप हैं-दण्डपाणी भैरव, क्षेत्रपाल भैरव, लाट भैरव.. जैसे किसी प्रशासनिक व्यवस्था में होता है, वैसे ही इन आठों भैरवों को सभी स्थलों से अर्जियां प्राप्त होती हैं, जिन्हें वे भगवान विश्वनाथ तक पहुंचाते हैं। यहां, न्याय का फैसला भगवान विश्वनाथ नहीं, बल्कि भैरव ही करते हैं। काशी आने वाला कोई भी अधिकारी पहले भैरव का दर्शन करता है।*

### पीएम से लेकर हर कोई दरबार में लगाता है हाजिरी

**यहां** तक कि जब प्रधानमंत्री किसी शुभ कार्य के लिए काशी आते हैं, तो वे भी भैरव का आशीर्वाद लेते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी जब बनारस आते हैं, तो पहले भैरव का आशीर्वाद लेते हैं और फिर भगवान विश्वनाथ जाते हैं। यहां तक की बनारस में हर नियुक्ति पर प्रत्येक अधिकारी चाहे वह पुलिस विभाग से हो या किसी भी अन्य प्रशासनिक विभाग से, चार्ज ग्रहण करने से पहले बाबा काल भैरव के दर्शन, बाबा विश्वनाथ के दर्शन और संकट मोचन में दर्शन करने के बाद ही ग्रहण करते है. यह दर्शाता है कि भैरव काशी के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।



# महाकुंभ

## भारत की आध्यात्मिक व सॉफ्ट पावर का पर्याय



**अध्यात्म का पुंज, पावन धरा भारत में इस समय सनातन आस्था व भारतीय आध्यात्मिक परंपरा व सांस्कृतिक विरासत का विराट उत्सव महाकुंभ आध्यात्मिक भव्यता और सांस्कृतिक विरासत के पर्व व त्योहार के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस समय प्रयागराज सनातन परंपरा व आस्था का केंद्र बना हुआ है। महाकुंभ-2025 को लेकर हमारे देश सहित दुनिया में अलग ही उत्साह दिख रहा है। प्रतिदिन हजारों-लाखों व स्नान के दिन तो संख्या करोड़ों तक पहुंच रही है। इस बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि इस महाकुंभ के मध्य तक आते-आते फरवरी तक न जाने कितने ही आंगुतक यहां अपनी हाजिरी भरकर सौभाग्य प्राप्त करेंगे। इस बार लगभग 40 करोड़ लोगों के प्रयागराज महाकुंभ पहुंचने का अनुमान है। अगर ऐसा होता है तो यह सबसे बड़े धार्मिक व सामाजिक आयोजन का कीर्तिमान स्थापित करेगा।**

### अद्भुत अनुभूति

**संगम** स्थल की पावन धरा पर लहराते भगवा ध्वज व अनेक रंग भरती लहराती अन्य ध्वजाएं, पताकाएं और अपने विशिष्ट वेशभूषा में साधु-संत समेत देश-विदेशों से संस्कृति का दीदार करने पहुंचे श्रद्धालु जनों ने ऐसा विहंगम दृश्य प्रस्तुत किया है, जिसका वर्णन शब्दों में करना शायद मुमकिन न हो, क्योंकि यह बोलने व लिखने की चीज से परे अनुभूति का कार्य है। यह आयोजन न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है, बल्कि यह विश्व को भारत की एकता और विविधता का भी प्रदर्शन करता है।

### आस्था की डुबकी

**विश्व** भारत की आध्यात्मिक ताकत देख रहा है। विश्व के कोने-कोने से अनेक धर्मों के आंगतुक श्रद्धा भाव से कई-कई दिनों तक महाकुंभ में रहकर आस्था की डुबकी लगाएंगे और जाते समय भी हिंदू संस्कृति व सनातन का गुणगान व खुद को भाग्यशाली बताते हुए जाएंगे, मगर उन्हें कोई धर्म परिवर्तन के लिए नहीं कहेगा। यही तो खुबसूरती है सनातन व भारतीय संस्कृति की, जिसे पूरा विश्व नजरें गड़ाए देख रहा है। कई देशों से श्रद्धाभाव भक्ति में लीन होकर आस्था की डुबकी की तमन्ना लिए जो यहां पहुंच रहे हैं। यही तो भारत की सॉफ्ट पावर को सुदृढ़ कर रहा है।

### एक जीवंत विरासत

**महाकुंभ** एक आयोजन से कहीं अधिक एक ऐसी जीवंत विरासत है जो साझा मान्यताओं और परंपराओं के माध्यम से पीढ़ियों को एक साथ जोड़ती है। यह एक ऐसा अनुभव है, जो न केवल तीर्थयात्रियों को बल्कि सामूहिक आस्था की शक्ति को देखने वाले दर्शकों को भी बदल देता है। सदियों से प्रयागराज ने विद्वानों, यात्रियों और आध्यात्मिक साधकों सहित दुनिया भर के लोगों को अपनी ओर खींचा है। महाकुंभ 2025 का उद्देश्य इस ऐतिहासिक संबंध को फिर से जगाना है, दुनिया को शांति, सद्भाव और सह-अस्तित्व के सार्वभौमिक मूल्यों को फिर से खोजने के लिए आमंत्रित कर रहा है। महाकुंभ का यह महाउत्सव मनाकर हम भारत की अंतरात्मा का उत्सव मनाते हैं। यह एक ऐसी भूमि है जहां पवित्रता और सौहार्दपूर्वक, सह-अस्तित्व के तत्व विद्यमान है तथा जो विश्व को अपनी खोज की यात्रा पर निकलने के लिए प्रेरित करती है।

### महाकुंभ में डिजिटल नवाचार

**महाकुंभ** में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित हो रहे हैं, जो विभिन्न संप्रदायों, अखाड़ों और परंपराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह विशाल आयोजन भारत की सांस्कृतिक विरासत, एकता और विविधता को विश्व के सामने प्रदर्शित करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा, महाकुंभ में डिजिटल नवाचारों का भी प्रयोग किया जा रहा है, जैसे कि डिजिटल नेविगेशन, एआई चैटबॉट और डिजिटल लॉस्ट एंड फाउंड सेंटर। तकनीक ओर परंपरा का अनूठा संगम सिद्ध हो रहा है, एआई डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र के माध्यम से भक्त जन प्राचीन संस्कृति, पौराणिक कथाओं व अखाड़ों के इतिहास से परिचित हो रहे हैं। अब तक 13.26 करोड़ से अधिक लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह करोड़ों की संख्या वैश्विक स्तर पर भारत की संस्कृति की बढ़ती स्वीकार्यता का प्रतीक है। यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ तकनीक के साथ विश्व को भारत की तकनीकी क्षमताओं का भी दर्शन करवा रहा है। कई प्रकार की तप-साधना,कठोर संकल्प व अनेक रूपों व विधाओं में निपुण योगी-साधु-संत, तपस्वियों के पावन दर्शन व निरंतर बजते घंटी-घंटाल व शंखों की गूंजती ध्वनि, मंत्रोच्चार, 24 घंटे पवित्र गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में स्नान करते असंख्य लोग, यज्ञशालाओं से निकलती हवन कुंड की अग्नि,भजन-कीर्तन के साथ प्रवचनों और हेलीकॉप्टरों द्वारा की जा रही पुष्प वर्षा से निर्मित वातावरण और वहां जाने वालों के चेहरों पर दिख रहे भाव दिव्यता व अद्भुता के समान हैं।

### विश्व कल्याण का भाव

**चिंतन** योग्य व गौरवान्वित करने की बात है कि हमारे महान ऋषि-मुनियों ने किस तरह समय-समय पर हर चीज को समन्वयित करते हुए संपूर्ण विश्व और ब्रह्मांड, मानव, जीव-जंतु के कल्याण का भाव पैदा करने के लिए दिव्य परंपराएं स्थापित की हैं, जिस तरह गंगा-यमुना और अमूर्त सरस्वती का संगम है, उसी को साकार करता अलग-अलग विचारधाराओं, पंथों, मतों, भाषाओं, क्षेत्रों, रंग-रूपों, जातियों, संप्रदायों से जुड़े जनसमूह, सब इस पर्व में एक ही प्रतीत होते है केवल सनातनी। महाकुंभ पर्व संपूर्ण विश्व के जन-जन को एक कर 'मातृ भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्या' की अथर्ववेद की अवधारणा को साकार व चरितार्थ करने की महाबेला प्रतीत होती है।



ठाकुर दीक्षित धलारिया
संधोल, मंडी

# भीष्म की याद में मनाई जाती है भीष्म द्वादशी

**भीष्म** द्वादशी माघ मास के शुक्ल पक्ष को मनाई जाती है। इस दिन भीष्म पितामह की याद में व्रत रखा जाता है। महाभारत में भीष्म पितामह कौरवों की ओर से युद्ध लड़ रहे थे। पांडवों के लिए भीष्म को हराना असंभव था। ऐसा इसलिए क्योंकि भीष्म को यह वरदान प्राप्त था कि वे तभी मरेंगे जब वे ऐसा करने का निर्णय लेंगे। युद्ध में भीष्म पितामह की कुशलता के कारण कौरव पराजित नहीं हो सकते थे। भीष्म को हराने के लिए एक योजना बनाई गई। इस योजना का केंद्र बिंदु शिखंडी था। पितामह ने प्रतिज्ञा की थी कि वे कभी किसी स्त्री के सामने हथियार नहीं उठाएंगे। इसलिए जब पांडवों को इस प्रतिज्ञा के बारे में पता चलता है तो वे भीष्म के साथ छल करते हैं। युद्ध के दौरान वे शिखंडी को भीष्म पितामह के ठीक सामने खड़ा कर देते हैं। अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार वे हथियार नहीं उठाते। इस अवसर का लाभ उठाकर अर्जुन भीष्म पर बाणों की वर्षा करना शुरू कर देते हैं। अंत में पितामह गिर जाते हैं और बाणों की शय्या पर लेट जाते हैं, लेकिन उस समय सूर्य के दक्षिणायन होने के कारण भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्यागे नहीं थे। उन्होंने सूर्य के उत्तरायण होने पर ही अपने शरीर का त्याग किया था। भीष्म पितामह ने अष्टमी तिथि को अपने प्राण त्यागे थे। हालांकि उनकी पूजा के लिए माघ महीने की द्वादशी तिथि तय की गई थी। इसी वजह से माघ महीने की शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि को भीष्म द्वादशी कहा जाता है।



## ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति दिलाता है

# जया एकादशी व्रत

*माघ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी का व्रत किया जाता है। जया एकादशी की कथा सुनना और पढ़ना बहुत ही प्रभावशाली माना जाता है। पद्म पुराण में वर्णित कथा को सुनने मात्र से ही आधी लड़ाई जीत ली जाती है। यह एकादशी बहुत ही पुण्यदायी है, इस एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति नीच योनि जैसे भूत, प्रेत, पिशाच की योनि से मुक्त हो जाता है।*



**जया एकादशी व्रत कथा :** युधिष्ठिर भगवान मधुसूदन से जया एकादशी व्रत कथा सुनाने का अनुरोध करते हैं, ताकि वे इसकी महिमा को समझ सकें और उससे लाभ उठा सकें। युधिष्ठिर माघ शुक्ल पक्ष की एकादशी का दूसरा नाम और व्रत रखने की विधि जानना चाहते थे। तब भगवान कृष्ण युधिष्ठिर को कथा सुनाते हैं। युधिष्ठिर कहते हैं कि आप सर्वव्यापी हैं। आपका न तो आदि है और न ही अंत। आप ही समस्त प्राणियों के आधार हैं। आप ही प्राणियों को उत्पन्न, पालन और संहार करते हैं तथा उन्हें संसार के बंधन से मुक्त करते हैं। अतः आप हमें एकादशी की कथा सुनाकर कृतार्थ करें। हम इस कथा को सुनने के लिए उत्सुक हैं। युधिष्ठिर के दयालु वचनों के बाद भगवान कृष्ण इस कथा के महत्व पर अपना ज्ञान साझा करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि हे कुंती पुत्र, माघ महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी के नाम से जाना जाता है। अपने नाम के अनुसार, एक भक्त अपनी सभी परियोजनाओं में विजयी होगा और उसे सिद्धियां प्राप्त होंगी। इस व्रत को करने से भक्त को ब्रह्म हत्या से मुक्ति मिलती है। उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। भक्त के सभी रोग भी दूर हो जाते हैं। एक बार की बात है देवराज इंद्र नंदनवन में अप्सराओं और गंधर्वों के साथ घूम रहे थे। वहां गंधर्व कन्या पुष्पवती और गंधर्व बालक माल्यवान एक दूसरे से प्रेम करने लगे। परिणामस्वरूप वे अपना ध्यान खो बैठे और गायन पर ध्यान नहीं दे पाए। दंपत्ति के खराब गायन के कारण भगवान इंद्र का ध्यान भंग होता है। इससे देवराज इंद्र क्रोधित हो जाते हैं और उन्हें श्राप दे देते हैं। श्राप के अनुसार, पुष्पवती और माल्यवान मृत्यु के बाद राक्षस बन जाएंगे। इससे दोनों परेशान हो जाते हैं और हिमालय में रहने लगते हैं। उनका जीवन कठिन हो जाता है। वे हर चीज से दूर हो जाते हैं और उनकी पांचों इंद्रियां काम करना बंद कर देती हैं। वे अपने आस-पास की चीजों से पूरी तरह बेखबर हो जाते हैं। अपने दुखों से दुखी होकर वे अपने जीवन का हर पल मोक्ष की तलाश में बिताने लगते हैं। संयोग से माघ मास के शुक्ल पक्ष की जया एकादशी को दोनों को पूरा दिन भोजन नहीं मिला। वे पूरा दिन बिना भोजन के ही रहे। भूख के कारण वे सो भी नहीं पाए। अनजाने में उनसे जया एकादशी का व्रत हो गया, जिसमें उपवास और रात्रि जागरण करना होता है। परिणामस्वरूप वे देवराज इंद्र के श्राप से मुक्त हो गए।

## न्यूज ब्रीफ

### धीरा बाजार में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि दिनांक 4 फरवरी दिन मंगलवार को 250 केवी धीरा ट्रांसफार्मर के उचित रखरखाव व मरम्मत हेतु धीरा बाजार में सुबह 10 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान खराब मौसम होने की स्थिति में कार्य को अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### जेएनवी में प्रवेश परीक्षा आठ फरवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा नवमी तथा ग्यारहवीं के लिए लेटरल एंट्री सेलेक्शन टेस्ट 2025 की परीक्षा 8 फरवरी को सुबह 11:00 बजे से 1:45 तक तीन केंद्रों- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय परोरा- कक्षा ग्यारहवीं, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला- कक्षा नवमी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बालक विद्यालय परोरा- कक्षा नवमी में होनी तय हुई है। यह जानकारी कार्यकारी प्रधानाचार्य शैलेंद्र सिंह ने दी है।

### फतेहपुर में मनाया मां सरस्वती का प्रकटोदिवस

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** शिक्षा खंड फतेहपुर के श्री नरसिंह सरस्वती विद्या मंदिर फतेहपुर में विद्या की देवी मां सरस्वती का प्रकटोदिवस बसंत पंचमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अनिल भारद्वाज व उनकी पत्नी मुख्य अतिथि रहे। हवन यज्ञ व सरस्वती पूजन के पश्चात विद्यालय में सनातन नीति के अनुसार विद्यालय में विद्या आरंभ संस्कार भी किया गया। प्रबंधन समिति के अधिकृत सदस्य जगदेव सिंह ने कहा कि सनातन में 16 संस्कारों में से विद्या आरंभ संस्कार महत्वपूर्ण है। जो हमें शिक्षा के साथ संस्कारों से जोड़ता है।

### द हंस फाउंडेशन ने धीरा में लगाया हेल्थ कैंप

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को द हंस फाउंडेशन के मोबाइल मैडीकल यूनिट द्वारा निशुल्क नाक, कान, गला तथा स्त्री रोग का विशेष निदान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 117 लोगों को निशुल्क उपचार व नाक, कान, गला तथा स्त्री रोग संबंधी जांच परिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। द हंस फाउंडेशन संस्था द्वारा निशुल्क दवाइया, शुगर व रक्तचाप आदि के टैक्स भी किए गए। इस शिविर के दौरान जनरल ओपीडी में एमएमयू के चिकित्सा अधिकारी द्वारा लाभार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सभी गांववासियों, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धीरा के प्रशासन द्वारा द हंस फाउंडेशन के इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया गया। साथ ही कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में लोगों से बातचीत की गई।

### लूहना में युवाओं को दिए पुलिस भर्ती के टिप्स



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पूर्व सैनिक संगठन नगरोटा बगवां द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर लूहना में सोमवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कर्नल रमेश वालिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। शिविर में विशेष रूप से उपस्थित हिमाचल प्रदेश पुलिस से सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर मनोज वालिया ने युवाओं को आगामी पुलिस भर्ती से संबंधित शारीरिक और लिखित परीक्षा के लिए बारीकियां सिखाईं जिसमें उन्होंने दौड़, लंबी छलांग ऊंची कूद से संबंधित जरूरी टिप्स दिए और युवाओं को साइबर क्राइम और नशे से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में समझाया। इस दौरान कर्नल रमेश वालिया ने भी बच्चों को देशसेवा के लिए प्रेरित किया और आगामी भर्तियों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कोचिंग सेंटर के निदेशक पवन डोगरा ने बताया कि वर्तमान समय में संस्थान में पुलिस भर्ती,एसएसजीडी भर्ती, आर्मी भर्ती के लिए विशेष शारीरिक व लिखित परीक्षा के विशेष बैच चलाए जा रहे हैं। इस दौरान कैप्टन प्रदीप कुमार, आर्मी रिटायर्ड सतीश कुमार तथा समस्त स्टाफ सहित युवा मौजूद रहे।

### साइबर अपराध के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत आने वाली विभिन्न पंचायतों के प्रधानों के साथ थाना भवारना के प्रभारी गुरदेव सिंह ने एक बैठक का आयोजन किया। सत्र के दौरान सभी उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा उपायों, साइबर अपराध जागरूकता और कानून व व्यवस्था से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों से उनके संबंधित क्षेत्रों में कानून प्रवर्तन प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए इनपुट एकत्र किए गए।

### द्रोणाचार्य कॉलेज में एमएड का 12वां सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य शिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में एमएड के 12वें सत्र 2024-26 का भगवती सरस्वती के समक्ष पूजन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पटनिया ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने मुख्यतिथि व आए हुए समस्त प्रशिक्षुओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्या से विनम्रता प्राप्त होती है और विनम्र व्यक्ति अपने समाज और राष्ट्र की उन्नति में सहयोग करता है। आए हुए विद्यार्थियों को ओरिएंटेशन दी गई, जिसमें उनको एमएड की विषयों के बारे में अवगत करवाया गया।

### केसीसी बैंक ने मैंहजा में लगाया वित्तीय शिविर

**अनंत ज्ञान, डरोह।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा दरंग द्वारा ग्राम पंचायत मैंहजा में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल बैंकिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मैंहजा व आस पास की पंचायतों के सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों को बैंक की तरफ से अतुल मेहरा ने वित्तीय साक्षरता और डिजिटल बैंकिंग के बारे विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई।

### फतेहपुर के हाड़ा में गली में पलटा ट्रैक्टर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर के कस्बा हाड़ा स्थित कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की शाखा के नजदीक की गली में सोमवार दोपहर बाद एक ट्रैक्टर अचानक पलट गया। हादसे में चालक को चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया ईंटों से बने इस रास्ते पर हर समय नमी रहती है, जिस कारण आए दिन उक्त जगह पर बाहन स्किड होते रहते हैं। उन्होंने सबंधित पंचायत से गली का निर्माण दोबारा से करवाने की अपील की है।

## मत्स्य विभाग ने काटे 12 लोगों के चालान

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** प्रदेश के पौंग झील में अंडर साइज जाल लगाने, दिन में जाल लगाकर मछली शिकार करने व अवैध रूप से ही रहे मछली शिकार को रोकने के लिए मत्स्य विभाग ने कमर कस ली है। फिशरीज ऑफिसर पंकज पटियाल व टीम द्वारा लगातार मोटरबोट से झील का निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले सात दिनों में मत्स्य विभाग ने दिन के समय जाल लगाकर अवैध तरीके से मछली शिकार के 12 केस पकड़े हैं तथा अंडरसाइज 13 जाल जब्त किए हैं। वर्ष 2024-25 में अवैध मत्स्य आखेट के 284 केस पकड़े जा चुके हैं तथा इनसे 174640 रुपए मुआवजा वसूला गया है। सहायक निदेशक मत्स्य विभाग पौंग बांध संदीप कुमार ने बताया कि पौंग झील में अंडरसाइज जाल लगाने व अवैध तरीके से मछली शिकार करने की शिकायत मिल रही थीं। विभाग ने पिछले सात दिन में 12 चालान काटे हैं तथा 13 जाल जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई मछुआरा झील में छोटे जाल लगाकर मछली पकड़ता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

# जिले में कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने पर खर्च होंगे 251 लाख : एडीसी

## कहा, कृषि योजना के तहत जिले में 30 क्लस्टरों का किया गया चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि हिम कृषि योजना के तहत अंतर्गत जिला कांगड़ा के लिए प्रत्येक विकास खंड में लगभग 40-40 बीघा के 2 क्लस्टर चयनित किए गए हैं। पूरे जिला कांगड़ा में 30 क्लस्टर चयनित किए गए हैं। इन सभी क्लस्टरों में विभिन्न कृषि कार्यों पर मार्च 2025 तक लगभग 251 लाख रुपए खर्च करने का प्रावधान है।

सोमवार को एडीसी कार्यालय में वार्षिक योजना के अनुमोदन के लिए आयोजित जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि अतिरिक्त उपयुक्त ने बताया कि हिम कृषि योजना को कार्यन्वित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर कमेटियों का गठन किया गया है ।क्लस्टर स्तर पर क्लस्टर कोर टीम, ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक कोर टीम तथा जिला स्तर पर जिला कोर टीम का गठन किया गया है। इस योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार वार्षिक योजना क्लस्टर कोर टीम द्वारा बनाई गई है और ब्लॉक कोर टीम तथा जिला कोर टीम ने हिम कृषि योजना के बेहतर कार्यान्वयन के सुझाव के साथ अपने अपने स्तर पर अनुमोदित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत किसानों के भ्रमण तथा किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि उस क्लस्टर में फसल विविधीकरण मुख्यता सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सके।

### योजना में बागवानी और पशुपालन को करें शामिल

**अतिरिक्त** उपायुक्त विनय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हिम कृषि योजना में बागवानी तथा पशुपालन की गतिविधियों को भी शामिल किया जाए ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हिम कृषि योजना के तहत चल रही गतिविधियों की स्वयं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। इससे पहले उपनिदेशक कृषि विभाग कुलदीप धीमान ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए हिम कृषि योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## स्ट्रीट वेंडर्स 11 फरवरी तक जमा करवाएं दस्तावेज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला शहर के स्ट्रीट वेंडर्स 11 फरवरी तक किसी भी कार्यदिवस के दौरान अपना पुराना स्ट्रीट वेंडिंग कार्ड व अन्य दस्तावेज, राशन कार्ड की प्रति/संबंधित वार्ड पार्षद/नगर निगम से प्रमाणित परिवार सूची, परिवार के सदस्य की 2 फोटो व आधार कार्ड की प्रति धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड के चीलगाड़ी स्थित कार्यालय में 10 से 5 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। आयुक्त नगर निगम जफर इकबाल ने बताया कि धर्मशाला नगर निगम द्वारा शहर के स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वेक्षण 16 जनवरी से आरंभ किया गया, लेकिन कई वेंडर्स द्वारा अभी तक दस्तावेज जमा नहीं करवाए गए हैं, उनके लिए अंतिम अवसर दस्तावेज जमा करवाने के लिए दिया गया है। इसके अतिरिक्त पटवारी/पार्षद/तहसीलदार से परिवार आय की रिपोर्ट तथा एससी/एसटी,ओबीसी, विधवा विकलांग एवं एकल नारी इत्यादि श्रेणी से संबंधित प्रमाण पत्र तथा शपथ पत्र देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी के बाद किसी भी प्रकार के आवेदन को मान्यता नहीं दी जाएगी।

## एनडीपीएस एक्ट के तहत अरेस्ट पार्षद मनु 3 दिन के रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, देहरा**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

देहरा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किए गए ज्वालामुखी के वार्ड नंबर 4 के पार्षद मनु शर्मा उर्फ माल्टा को सोमवार कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 5 फरवरी तक यानी 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले की पुष्टि डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने की है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले को लेकर हर पहलू की जांच कर आगे की कार्रवाई अमल में ला रही है। पुलिस के अनुसार हिमाचल में किसी भी सूरत में चिट्टे के खात्मे को लेकर पुलिस सतर्क है और ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शने वाली नहीं है।

## सुरिंद्र बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राज्य पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बैजनाथ इकाई की बैठक सोमवार को बंबधीर राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें जिला अध्यक्ष सुरेश ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इसमें बैजनाथ इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें इकाई अध्यक्ष सुरिंद्र धीमान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्र राज वर्मा, महासचिव जोगिंदर सिंह, अतिरिक्त महासचिव गुरबख्स, मुख्य सलाहकार बंबधीर राणा, कोषाध्यक्ष रमेश चंद, उपाध्यक्ष राजिंदर भांगलिया, रमेश शर्मा, सगठन सचिव जोगिंदर कपूर, लेखाकार करतार सिंह, सयोजक शक्ति चंद, सलाहकार राजिंदर मेहता, सुरेश राणा, कैलाश कटोच, नाथ राम, प्रेस सेक्रेटरी अनुज आचार्य, महिला विंग की अध्यक्षा सरला ठाकुर और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सलोचना कटोच को चुना गया।

## साइबर क्राइम थाने का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब पुलिस के डायरेक्टर जनरल गौरव यादव द्वारा थाना डिवीजन नंबर-01 पठानकोट की दूसरी मंजिल पर बनाए गए नए साइबर क्राइम थाने का उद्घाटन किया गया। वर्तमान आधुनिक और तकनीकी युग में पुलिस को साइबर क्राइम जैसे जटिल तकनीकी अपराधों को सुलझाने के लिए अत्याधुनिक सेवाओं से लैस साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की स्थापना की गई है।

# अरनी विवि में मेजर जनरल अभय सम्मानित

## विश्वविद्यालय प्रशासन ने सम्मान में विशेष दीक्षांत समारोह का किया आयोजन

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



अरनी विश्वविद्यालय में मेजर जनरल अभय दयाल, वीएसएम को उनके राष्ट्र के प्रति असाधारण सेवा को देखते हुए सम्मानित करने के लिए एक विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। मेजर जनरल अभय दयाल, वीएसएम, एवीएसएम को भारतीय सशस्त्र बलों में उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथियों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, संकाय और छात्रों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत लोगों के स्वागत से हुई, जिसके बाद अकादमिक जुलूस का प्रवेश हुआ, जिसमें चांसलर डॉ. विवेक सिंह, कुलपति डॉ. आरके पांडे, प्रो-कुलपति डॉ. मनीष कुमार श्रीवास्तव एवं कुलसचिव डॉ. त्रिलोचन सिंह आदि शामिल रहे। जुलूस में मेजर जनरल अभय दयाल, वीएसएम, एवीएसएम, नीलिमा दयाल, लेफ्टिनेंट कर्नल जैरी जॉर्ज और प्रसिद्ध हिमाचली फिल्म निर्माता अजय के सकलानी भी शामिल थे। एनसीसी कैडेटों द्वारा अतिथि मेजर जनरल अभय दयाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने विश्वविद्यालय उपलब्धियों का व्याख्यान किया। वहीं, मेजर जनरल अभय दयाल ने सम्मान के विवि का धन्यवाद किया। मेजर जनरल अभय दयाल की पत्नी श्रीमती नीलिमा दयाल माथुर को भी मेजर जनरल दयाल के विशिष्ट करियर के दौरान उनके समर्थन के लिए सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# कशिक मिस, अर्णव मिस्टर पारस

**राकेश डोगरा, डरोह**



पारस पब्लिक स्कूल भवारना में सोमवार को बारहवीं कक्षा के छात्रों का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापक -अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम व मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया।

इसमें म्यूजिकल चेयर, मॉडलिंग, बैलून कप गेम जैसी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। 11वीं कक्षा की छात्राओं की ओर से सामूहिक नृत्य व एकल गान जैसे कार्यक्रम पेश किए गए। कक्षा बारहवीं की छात्रा मुस्कान और कशिक ने अपने स्कूल के दिनों की यादों को एक कविता में पिरोकर सबके साथ साझा किया और स्कूल दिनों को कभी ना भूलने की बात की।

समारोह में कशिक मिस पारस, अर्णव मिस्टर पारस, मुस्कान मिस फेयरवेल, पीयूष मिस्टर फेयरवेल, आंशिका मिस पर्सनैलिटी, प्रियंका मिस सिंपलिसिटी, अक्षिता मिस ब्यूटीफुल स्माइल, रिया मिस क्रिएटिव, श्रेया मिस चार्मिंग और तेजस्विनी को मिस फिटनेस फ्रिक के खिताब से नवाजा गया। अंत में प्रधानाचार्या ने बच्चों को भविष्य में अच्छा मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

## पंचरुखी में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराईं : डोगरा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते पंचरुखी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंचरुखी एक चिकित्सक के सहारे चल रहा है। पूरा दिन जनता की भीड़ स्वास्थ्य केंद्र में बनी रहती है। इस क्षेत्र में पंचायत स्तर पर बने ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र भी स्टाफ की कमी का शिकार हो रहे हैं। अब जनता को छोटी से छोटी बीमारी का इलाज के लिए भी पंचरुखी आना पड़ता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंचरुखी के लिए एक नया भवन बन रहा है, किंतु पिछले 6-7 महीना से निर्माण कार्य रुका हुआ है, जिससे जनता निराशा है। मंजीत डोगरा ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि पंचरुखी स्वास्थ्य केंद्र को पुनः से सीएचसी का दर्जा दिया जाए।

# गेहूं की फसल को पाले से बचाने में निंजा तकनीक मददगार : डॉ . लव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

गेहूं की फसल को पाले से बचाने में निंजा तकनीक मददगार साबित हो रही है। वर्षा न होने के कारण किसानों की चिंताएं बढ़ी हुई हैं, जबकि सूखे व ठंड से फसल को काफी नुकसान पहुंच रहा है। जनवरी के महीने में चल रहा है तथा ठंड पड़ के चलते फसलों को कई तरह के नुकसान हो रहे हैं। अब ऐसे में किसानों को इस बात की चिंता बनी हुई है कि फसल अगर बिगड़ जाती है तो उनका उत्पादन अच्छा नहीं मिलेगा।

किसानों की कड़ी मेहनत के बाद भी अगर उत्पादन अच्छा नहीं मिल पाता है तो ऐसे में किसानों के लिए बहुत नुकसान दायक साबित होता है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. लव भूषण के अनुसार पाले की समस्या से गेहूं की फसल को बहुत ज्यादा नुकसान होता है। इस समस्या के चलते पौधे की ग्रोथ रुक जाती है। साथ ही उत्पादन भी बहुत कम होता है। पाले की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आपको सबसे पहले ठंड के दौरान किसान को अपनी फसल में हल्का-हल्का पानी दे देना चाहिए तो इससे पाले का असर थोड़ा कम हो जाता है। किसानों को 1 लीटर सल्फ्यूरिक एसिड को 1000 लीटर पानी में मिला करके एक एकड़ के हिसाब से स्प्रे कर देना चाहिए। 15 दिन बाद भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इस तकनीक को निंजा तकनीक कहते हैं। उन्होंने कहा कि पाले से कई तरह के नुकसान होते हैं। इसके प्रभाव से पेड़ पौधों की कोशिकाओं और ऊतकों में मौजूद पानी के बर्फ में बदल जाने के चलते इसका वॉल्यूम बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। इसकी वजह से ऊतक कोशिकाएं और संवाहनी नलिकाएं फटने की समस्या नजर आती है। जिसके चलते पौधा मर जाता है। इतना ही नहीं कई बार तो ऐसा होता है की फसल पूरी तरह से पाले से बर्बाद हो जाती है।

उन्होंने कहा पाले की समस्या से छुटकारा पाने के लिए किसान को अपनी फसल में हल्का-हल्का पानी दे देना चाहिए तो इससे पाले का असर थोड़ा कम हो जाता है। साथ ही सूखी घास या फिर गोबर के उपले को आपको चूल्हे में जला करके धुआं कर देना चाहिए।

## वनाग्नि पर काबू पाने के लिए दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ के धानग फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में वन अग्नि की रोकथाम और शमन को लेकर द हंस फाउंडेशन और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वन विभाग से बीट अधिकारी सुनील, अग्निशमन विभाग से विजय कुमार, द हंस फाउंडेशन से महिमा पासवान (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) और मुस्कान नेगी (सीडीएस), एसडीआरएफ हिमाचल प्रदेश की टीम उपस्थित रहीं। बैजनाथ बीट के सभी स्वयंसेवकों ने इस प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया और वन अग्नि रोकथाम के महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा। कार्यक्रम के दौरान, वन में लगने वाली आग से निपटने के तरीकों और आग रोकथाम की रणनीतियों पर चर्चा की गई।

## जखाड़ा में वाइल्ड लाइफ एरिया में लगी आग

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जखाड़ा के साथ लगते प्रतिबंधित वाइल्ड लाइफ एरिया में झाड़ियों में बीती रात अचानक आग लग गई। आग ने इतना भंयकर रूप ले लिया कि हुई कि दूर-दूर तक दिखाई देने लगी। एक स्थानीय व्यक्ति ने अग्निश्मन विभाग को सूचित किया। विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। इस बारे सोमवार को पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने कहा विभाग को मामले में जांच करते हुए उचित कार्रवाई करनी चाहिए। आजकल लाखों की तादाद में प्रवासी पक्षी उक्त क्षेत्र में पहुंचे हुए हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए वन्य प्राणी विभाग की टीमें दिन-रात तैनात रहने का विभाग दम भर रहा है। ऐसे में अगर आग लग जाए तो यह जांच का विषय बनता है।

# संघर्ष के बाद मिली कामयाबी बदल देती है जीवन: प्रो. सुनील

## केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर के सभागार में डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के नवप्रवेशी छात्रों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा और विशिष्ट अतिथि स्वाति वालिया एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील ठाकुर रहे।

सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। इसके बाद केंद्र के समन्यवक और अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। बतौर विशिष्ट अतिथि स्वाति वालिया जिनका चयन हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के लिए हुआ है, उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि संघर्ष चाहे जितना बड़ा हो, हमे अपना धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए। यह धैर्य ही है, जो आपको सफलता के शिखर पर ले जाता है। वहीं मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा से प्रयासरत रहा है कि विद्यार्थी अपने सपनों का साकार करें। वहीं, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील ठाकुर ने कहा कि संघर्ष के बाद मिली कामयाबी छात्र के जीवन में बड़ा बदलाव लाती है। समय लगता है लेकिन जब मेहनत रंग लाती है तो वो संघर्ष बहुत अच्छा लगता है। कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ. सचिन उपमन्यु, डॉ. अंकिता, डॉ. रीना और डॉ. राजकिशोर सिंह उपस्थित रहे।

## बिजली बिल जमा नहीं करवाया तो कटेगा कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विद्युत विभाग उपमंडल फतेहपुर में कार्यरत सहायक अभियंता अभिजीत सिंह ने सोमवार को मिडिया के माध्यम से बिधुत बिल जमा करवाने से छूटे विद्युत उपभोक्ताओं को चेतावनी दी है कि मौजूदा सप्ताह में बिजली बिल जमा नहीं कराए तो उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। विभाग ने उपमंडल के भिन्न-भिन्न तरह के उपभोक्ताओं से 1 करोड़ 54 लाख रुपए बिल के रूप में लेना है। सबसे ज्यादा जलशक्ति विभाग से एक करोड़ 26 लाख रुपए बिल के रूप में लेना है तो वहीं घरेलू उपभोक्ताओं से 8 लाख 77 हजार और व्यवसायी उपभोक्ताओं से 5 लाख 19 हजार रुपए बिल के रूप में लेना है। उन्होंने कहा कि अगर सप्ताह में उक्त उपभोक्ता बिल जमा करवा देते हैं तो ठीक है नहीं तो उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

**अनदेखी** सत महाजन के समय प्रगति की राह पर था ऐतिहासिक नगर

# नूरपुर के नूर को लगा ग्रहण : सुदर्शन

**भूषण शर्मा, नूरपुर**



> अब तो सरकारी कार्यालय भी अन्य विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे स्थानांतरित

नूरपुर को हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा की बहुत पुरानी तहसील होने का गौरव प्राप्त है। नूरपुर को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो नूरपुर विधानसभा की परिधि क्षेत्र में पहले ज्वाली, फतेहपुर, इंदौरा का कुछ हिस्सा नूरपुर विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा हुआ करता था और नूरपुर जिला बनने की ओर अग्रसर था, लेकिन न जाने कौन सी राजनीतिक दुर्घटना से ग्रस्त होकर नूरपुर अपने मौजूदा अस्तित्व को बचाने की लड़ाई में जूझ रहा है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि उपरोक्त तीनों विधानसभा क्षेत्रों की अधिकतम पंचायतें नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में हुआ करती थीं, जिसमें फतेहपुर की 13 पंचायतें, जवाली की चार पंचायतें शामिल थीं, लेकिन अब तो नूरपुर का नूर कहीं डूबता दिखाई दे रहा है। अब तो नूरपुर के अधिकतर कार्यालय भी अन्य विधानसभा क्षेत्रों को स्थानांतरित कर दिए गए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस सबका मुख्य कारण नूरपुर में राजनीतिक नेताओं की पकड़ का कमजोर पड़ना है।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि जब तक नूरपुर पर राजनीतिक दृष्टि से स्वर्गीय सत महाजन का ब्रह्महस्त रहा मजाल है कि नूरपुर के किसी पटवार सर्कल पर भी किसी ने कुदृष्टि से देखा हो।

सुदर्शन शर्मा ने कहा कि नूरपुर को अब पुलिस जिला का दर्जा प्राप्त है जो कि जिले की राह पर अग्रसर है, लेकिन नूरपुर क्षेत्र में राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो नूरपुर में लोकनिर्माण विभाग का सर्किट हाउस, भवन, पॉलिटेक्निकल कॉलेज, पोस्ट ग्रेजुएट क्लासेज का प्रावधान, पर्यटन विकास निगम होटल को राज्यस्तर के आधार पर अपग्रेड किया जाना, उच्च न्यायालय बेंच को मासिक आधार पर एक दिन नूरपुर न्यायालय के न्यास में स्थापित किया जाना अति आवश्यक है। ये तमाम प्रारूप जिला स्तर का ढांचा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। (अनंत ज्ञान)

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र.।**
क्रमांक नं. 47 / रीडर।।

दिनांक 03-02-2025

बृज लाल पुत्र पुन्नू राम निवासी महाल रामपुरी मौजा नूरपुर तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ....*वादी*

**वनाम**

**आम जनता**

...प्रतिवादी (जाति दुरुस्ती)

ईश्तहार अखवार वावत आवेदन जाति दरुस्ती महाल रामपुरी तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा ईश्तहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी बृज लाल पुत्र पुन्नू राम निवासी महाल रामपुरी मौजा नूरपुर तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि गांव सठीण उप तहसील कोटला जिला कांगड़ा हि. प्र. के शजरा नस्व में उसकी जाति नाई उपजाति जंगीबहाल दर्ज है, जो कि सही है। जवकि राजस्व अभिलेख शजरा नस्व महाल रामपुरी तहसील नूरपुर में उसकी जाति खतरी उपजाति कपूर दर्ज है जो कि गलत है। व इसकी जाति दरुस्ती की जाए ।
अत: हर आम व खास को इस ईश्तहार अखवार द्वारा सूचित किया जाता है, जो प्रार्थी के आवेदन पर अपना कोई एतराज पेश करना चाहता हो, तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 04-03-2025 को पेश कर सकता है। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश जाति /शजरा नस्ब दरुस्ती जारी कर दिए जाएंगे।
आज दिनांक 03-02-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी**
**नूरपुर जिला काँगड़ा ( हि.प्र. )**

## न्यूज ब्रीफ

### कर्मचारियों की मांगों पर मंथन 9 को रामपुर में



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** 9 फरवरी को प्रदेश शिक्षा प्रयोगशाला कर्मचारी संघ की एक अति आवश्यक बैठक जिला शिमला के रामपुर में आयोजित की जाएगी। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कंवर सिंह तंगड़ाईक ने बताया की यह बैठक रामपुर बुशहर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा की इस बैठक में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सेवाएं दे रहे प्रयोगशाला कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक के उपरान्त शिक्षा सचिव, शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री को एक मांगपत्र सौंप कर सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया जाएगा। उन्हों ने कहा कि संघ की राज्य स्तर की इस बैठक में समस्त जिला अध्यक्ष, महासचिव, सचिव व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है ताकि कर्मचारियों कीमांगों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। इस बैठक को सफल बनाने का दायित्व रामपुर शिक्षा खंड के रामपुर, ननखड़ी एवं कुमारसेन के समस्त शिक्षा प्रयोगशाला कर्मचारियों को सौंपा गया है। इस मौके पर सेवानिवृत्त हो चुके प्रयोगशाला कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कंवर ने प्रदेश प्रयोगशाला कर्मचारी संघ के समस्त जिला पदाधिकारियों से बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

### 15 से होगा माउंटेन गॉट 12वां विंटर स्पीति एक्सपीडिशन

**दशमी रावत, रोहडू।** माउंटेन गॉट 12वीं विंटर स्पीति एक्सपीडिशन 15 से 23 फरवरी तक होने जा रहा है। माउंटेन गॉट के संस्थापक सूरज तायल और शाश्वत गुप्ता ने बताया है कि माउंटेन गॉट 12वां एक्सपीडिशन इंडिया की सबसे बड़ी 4म4 एक्सपीडिशन होने जा रही है जिसमें 85 गाड़ियां हिन्दुस्तान के कोने-कोने से और दूसरे देशों के प्रतिभागी इस विंटर स्पीति एक्सपीडिशन में हिस्सा लेंगे। सूरज तायल ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 व 16 फरवरी, 2025 को माउंटेन गॉट एडवेंचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। जिसका स्थान (एडवेंचर रिजॉर्ट कुफरी) जिसमें लाइव प्रोग्राम, ड्रिफ्ट एंड बाइक स्टंट्स हो कार्टिंग कंपीटिशन और विभिन्न प्रकार की मनोरंजन गतिविधियों का आयोजन किया है। शाश्वत गुप्ता ने बताया कि माउंटेन गॉट एडवेंचर फेस्टिवल में कोई भी व्यक्ति टिकट के माध्यम से माउंटेन गॉट एडवेंचर फेस्टिवल का लुप्त उठा सकता है।

### बीते 33 दिनों में सामान्य से 85 फीसदी कम बरसे बादल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौजूदा विंटर सीजन 1 जनवरी से 3 फरवरी तक सामान्य से 85 फीसदी कम बारिश हुई है। इससे राज्य में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है। इस अवधि के लिए 91.3 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया लेकिन वास्तव में 13.4 मिलीमीटर बारिश की हुई। बिलासपुर जिले में सामान्य से 95, चंबा 89, हमीरपुर 95, कांगड़ा 94, किन्नौर 93, कुल्लू 78, लाहौल-स्पीति 79, मंडी 86, शिमला 83, सिरमौर 81, सोलन 93 व ऊना में 96 फीसदी कम बारिश हुई है। राज्य में आगामी एक सप्ताह के दौरान भी अच्छी बारिश-बर्फबारी की संभावना कम है। सोमवार को भी शिमला सहित पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना रहा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य में 3, 5, 8 व 9 फरवरी को अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना है। जबकि 4 फरवरी को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। सप्ताह के शेष दिनों के दौरान राज्य में मौसम साफ रहने के आसार हैं। 4 फरवरी को कुछ स्थानों पर शीत दिवस रहने की संभावना है। विभाग के अनुसार 4 फरवरी की दोपहर से 5 फरवरी की शाम/मध्य रात्रि तक कई स्थानों पर हल्की बर्फबारी, जबकि किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिले सहित कांगड़ा, चंबा, शिमला, मंडी, सिरमौर और कुल्लू जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम बर्फबारी की संभावना है। इन जिलों के शेष भागों में कई स्थानों पर हल्की तथा कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं सोलन, हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान पर्यटन स्थलों कुफरी, नारकंडा, मनाली, सोलंग घाटी, डलहौजी और सिस्सू और निकटवर्ती क्षेत्रों में भी बर्फबारी हो सकती है।

### डंगार, हरित्यांगर व आसपास कल पावर कट

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** घुमारवीं उपमंडल के विभिन्न गांवों में 5 फरवरी को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल नंबर-2 घुमारवीं सहायक अभियंता विवेकानंद ने बताया कि 11 केवी नसवाल डंगार फीडर के लकडी के पुराने खंभों को बदलने व लाइन के रखरखाव के चलते डंगार, हरित्यांगर, नसवाल, छंजयार, दख्युत, चोखना, जस्वाणी, मरयाणी, भराड़ी, देहलवी, केट, बाह, हरित्यांगर के आस पास के गांवों मे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि 5 फरवरी को सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य मौसम पर भी निर्भर रहेगा।




### दधोल स्कूल ने जीता तीसरा और चौथा स्थान

**अनंत ज्ञान, दधोल।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर द्वारा आयोजित मॉडल प्रदर्शनी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल से टेलीकम्युनिकेशन विभाग में 11वीं कक्षा की छात्रा प्रिया ने तीसरा स्थान तथा टूरिज्म में कृतिका सोनी ने चौथा स्थान अर्जित किया। इन बच्चों का सोमवार को पाठशाला पधारने पर भव्य स्वागत किया गया। पाठशाला प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज ने इनको सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉक्टर तिलक धर्माणी, अनिता कुमारी प्रभारी वोकेशनल, कीर्ति कुमारी, मुकेश चंदेल, विकास कुमार, कुलदीप, विजय कुमार बलदेव कुमार नरवेंद्र देव, मनोज कुमार, अरविंद कुमार, अश्विनी कुमार, ज्योति प्रकाश, पंकज शर्मा, केंद्र मुख्य शिक्षक किशोरी लाल, संतोष, ऋतिका, निशा कुमारी, मीना कुमारी, अनिता कुमारी, कुसुम लता सुनीता, कमलेश कुमारी कौशल्या रीता कुमारी, सरोज लता अनिल कुमार, चंदन, पुरुषोत्तम दत्त रहे इत्यादि मौजूद रहे।

### बसंत पंचमी पर अल्फा स्कूल में किया हवन



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में बसंत पंचमी पर विशाल हवन यज्ञ व भंडारा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पाठशाला के सभी अध्यापकों, बच्चों व अभिभावकों ने यज्ञ में आहुतियां डालकर सरस्वती मां के समक्ष शीश नवाजा। इस अवसर पर पाठशाला में बाहर से आए हुए खिलाड़ी युवाओं, खेल प्रेमियों सहित अन्य गण मान्य व्यक्तियों ने हवन में आहुतियां डालीं। पाठशाला के प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने यज्ञ में पूर्ण आहुति डालकर यज्ञ को संपन्न किया। शर्मा ने सभी बच्चों अध्यापकों व अभिभावकों को बसंत पंचमी की बधाई दी तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रांजलि आईटीआई में मनाया खेल दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रांजलि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सोमवार को एकदिवसीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के विभिन्न ट्रेडों के छात्रों ने भाग लिया। संस्थान के अध्यक्ष हरीश उप्पल ने बताया कि इस खेल दिवस के आयोजन के मौके पर संस्थान के इलेक्ट्रीशियन तथा मोटर मैकेनिक ट्रेड के छात्रों के बीच बॉलीबाल तथा कबड्डी के मुकाबले करवाए गए। जिसमें कबड्डी मैच में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के छात्रों ने मोटर मैकेनिक ट्रेड को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। वहीं दूसरी तरफ बॉलीबाल के मैच में मोटर मैकेनिक ट्रेड के छात्रों का दबदबा रहा। इसमें उन्होंने इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के छात्रों को हराकर ट्रॉफी जीती। इस मौके पर खिलाड़ियों को रिफ्रेशमेंट भी प्रदान की गई। इस मौके पर छात्रों ने इन खेलों में अपनी ऊर्जा और उत्साह से सब का दिल जीत लिया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष हरीश उप्पल ने कहा कि इस खेल दिवस को मनाने का उद्देश्य बच्चों की शारीरिक फिटनेस टीमवर्क और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए जरूरी है। इसलिए उन्होंने संस्थान के सभी छात्रों को नशे से दूर रहकर खेलकूद में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में टीमवर्क की भावना को बढ़ावा मिलता है।

### दैनिक भोगी कर्मचारियों को गैर-कानूनी तरीके से नौकरी से निकालने के खिलाफ सीटू का विरोध

# कर्मचारियों का डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय घन्डल शिमला से 43 दैनिक भोगी कर्मचारियों को गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकालने के खिलाफ सीटू के बैनर तले कर्मचारियों ने डीसी ऑफिस शिमला के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

सीटू ने कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के कदम व विश्वविद्यालय प्रशासन के व्यवहार को तानाशाही करार दिया है। प्रदर्शन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, उपाध्यक्ष जगत राम, जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा, कोषाध्यक्ष बालक राम, विवेक कश्यप, विरेंद्र लाल, सरीना, उमा, चमन, प्रताप चौहान, पूर्ण चंद, कपिल नेगी, रामप्रकाश, आशा, पंकज, हेमराज, रजनीश, चंद्रमोहन, हेमंत, धर्मेंद्र, रणधीर, मीरा, राजेश, दुर्गादत्त, पुष्पेंद्र, ज्योति, रामप्यारी, रचना, चंदन, हेमा, दीपशिखा, अनीता, निर्मला, जीत, सोहन लाल, हनींद्र, अनूप आदि शामिल रहे। सीटू ने चेताया है कि अगर मजदूरों की तुरंत बहाली न हुई तो आंदोलन तेज होगा।



प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विजेंद्र मेहरा, जगत राम, कुलदीप डोगरा, बालक राम, विवेक कश्यप, विरेंद्र लाल, कपिल नेगी, आशा, पंकज, रजनीश कुमार व हेमराज ने कहा कि आंदोलन के अगले चरण में प्रदर्शन श्रम कार्यालय शिमला के बाहर होगा क्योंकि इन मजदूरों को नौकरी से निकाले हुए एक महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है परंतु श्रम विभाग में औद्योगिक विवाद खड़ा करने के बावजूद श्रम विभाग ने कोई भी समझौता वार्ता बुलाने की जहमत नहीं उठाई है।

उन्होंने कहा कि छात्रों को कानून की पढ़ाई करवाने वाले विधि विश्वविद्यालय में सरेआम कानून का गला घोंटा जा रहा है। मजदूरों को हायर एंड फायर नीति के तहत गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकालना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

ये कर्मचारी पिछले कई वर्षों से सफाई, सुरक्षा, हॉस्टल अटेंडेंट, ड्राइवर, कारपेंटर, प्लंबर सहित तकनीकी कर्मी के रूप में विश्वविद्यालय में कार्यरत थे। इन मजदूरों को केंद्र सरकार का न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा था। इनसे बारह घंटे तक कार्य करवाया जाता था व इन्हें इसके बदले कभी भी डबल ओवरटाइम वेतन का भुगतान नहीं किया गया। बिना वेतन के कई तरह के अतिरिक्त कार्य करवाए जाते थे। इन्हें ईपीएफ, ईएसआई, मेडिकल सुविधा, छुट्टियों की कोई भी सुविधा नहीं दी जाती थी। कर्मचारियों से ज्यादा कार्य करवाया जाता था। इनसे अपनी श्रेणी के अलावा अतिरिक्त कार्य करवाने पर इन्हें कभी भी अतिरिक्त वेतन का भुगतान नहीं किया गया। इन कर्मचारियों का भारी शोषण हो रहा था। इन कर्मचारियों की नियुक्ति पूर्ण प्रक्रिया को अपनाते हुए साक्षात्कार के जरिए की गई थी। अब इन्हें बिना नोटिस के नौकरी से निकालना कानून के विरुद्ध है।

#### इन मांगों को पूरा करने की उठाई मांग

**इस** दौरान राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से नौकरी से निकाले गए 43 कर्मचारियों को तुरंत बहाल किया जाए। कर्मचारियों को 90 दिन बाद ब्रेक देना बंद किया जाए। दैनिक भोगी कर्मचारियों को तुरंत रेगुलर किया जाए। कर्मचारियों की गैर कानूनी छंटनी बंद की जाए। कर्मचारियों को गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकालना बंद किया जाए। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में हायर एंड फायर की नीति बंद की जाए। विधि विश्वविद्यालय में श्रम कानून लागू किए जाएं।

# सीएम ने प्राकृतिक खेती में किसानों के पंजीकरण के लिए फार्म किया लांच



पंजीकरण के लिए फार्म लांच करते हुए सीएम व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां विधायकों की प्राथमिकता बैठक के दौरान राज्य में प्राकृतिक खेती में किसानों के पंजीकरण के लिए सरल फार्म लांच किया। किसान ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से फार्म भर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इच्छुक किसान अब इस फार्म को भरकर आसानी से प्राकृतिक खेती से जुड़ सकते हैं। पंजीकरण फार्म में किसानों की भूमि, उगाई जाने वाली फसलों, पशुओं की नस्ल और प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण से संबंधित कुछ अन्य विवरण होंगे। यह फार्म प्रदेश की सभी पंचायतों में किसानों को वितरित किए जाएंगे। इससे राज्य में वर्ष 2025-26 में प्राकृतिक खेती को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में 1508 किसानों से 398.976 मीट्रिक टन प्राकृतिक रूप से उगाई गई मक्की 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश, देश में मक्की पर सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रहा है।

आगामी सीजन में प्राकृतिक रूप से उत्पादित गेहूं की खरीद के लिए भी इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। लोगों को प्राकृतिक रूप से उत्पादित मक्की के आटे के एक किलोग्राम और पांच किलोग्राम के पैकेट 'हिम भोग' ब्रांड नाम से उपलब्ध करवाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 1054 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से 1 फरवरी, 2025 तक 38.225 मीट्रिक टन मक्की के आटे की बिक्री की गई है और हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड की थोक इकाइयों के माध्यम से 73.52 मीट्रिक टन आटा बेचा गया है।

# बजट में आयकर प्रावधानों को बनाया सरल : कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला**



सांसद सुरेश कश्यप ने कहा की आयकर प्रावधानों को सरल बनाने, उन्हें कम करने कम और उसके अनुपालन को आसान बनाने तथा मध्यम वर्ग के करदाताओं को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करने के लिए बजट 2020-21 में नई कर व्यवस्था शुरू की गई थी। लगभग 75 प्रतिशत करदाताओं ने नई कर व्यवस्था को चुना है।

यह रेखांकित किया गया है कि बजट 2025 में प्रस्तुत प्रत्यक्ष करों से संबंधित प्रस्तावों का एक उद्देश्य व्यक्तिगत आयकर सुधार है, जिसमें मध्यम वर्ग के करदाताओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

नई कर व्यवस्था के तहत पहले दी गई सीमांत राहत 12 लाख रुपए से थोड़ी अधिक आय पर भी लागू होगी। आयकर दरों में कमी: बजट 2020-21 में नई कर व्यवस्था लागू होने के बाद से विभिन्न आय स्लैब में व्यक्तिगत आयकर दरों में लगातार कमी आ रही है।

वर्तमान बजट 2025-26 में यह प्रस्ताव किया गया है कि 24 लाख रुपये से अधिक की कुल आय पर 30 प्रतिशत की उच्च कर दर लागू की जाएगी।

# विद्यार्थियों ने किया विधानसभा का भ्रमण



भ्रमण के दौरान मौजूद विद्यार्थी व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

टूर हिमाचल प्रदेश समन्वयक अंकुश वर्मा ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत से हिमाचल पहुंचे छात्रों ने आज विधानसभा , दूरदर्शन केंद्र शिमला एवं रिज मैदान शिमला का भ्रमण किया। विधानसभा के अंदर दूरदर्शन केंद्र के अंदर एवं रिज मैदान शिमला के अंदर गाइड द्वारा पूर्वोत्तर भारत के इन सभी जगह के इतिहास के बारे में बताया गया और इन जगहों से जुड़ी हिमाचल की संस्कृति के बारे में बताया गया।

पूर्वोत्तर भारत के 32 छात्र राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा 2025 के तहत हिमाचल प्रदेश 2 फरवरी को पहुंच चुके हैं। यह सभी प्रतिनिधि नालागढ़ असम मणिपुर अरुणाचल प्रदेश जैसे पूर्वी राज्यों से आए हैं। पहले दिन ही इन प्रतिनिधियों द्वारा एडवांस स्टडी और स्टेट म्यूजियम चौड़ा मैदान में भ्रमण किया गया।

ऐसे ही दूसरे दिन इन सभी प्रतिनिधियों द्वारा विधानसभा, दूरदर्शन केंद्र शिमला एवं रिज मैदान का भ्रमण किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी इन सभी प्रतिनिधियों के लिए विद्यार्थी परिषद द्वारा किया गया है जो कि 6 फरवरी को शिमला रिज मैदान के गीयेटी थिएटर में होगा। ऐसे ही मुख्यातिथि की तौर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल होंगे।

# एचपीयू ने जारी की बीएड परीक्षा की डेटशीट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** बीएड की परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू होंगी। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) ने बीएड की वार्षिक व सैमेस्टर पैटर्न की परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। बीएड प्रथम व तृतीय वर्ष (रैगुलर विद्यार्थियों के लिए), इक्डोल में बीएड कोर्स में प्रवेश प्राप्त प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों (जनवरी बैच) की यह परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू होकर 6 मार्च तक चलेंगी।

बीएड की प्रथम वर्ष व प्रथम सैमेस्टर की परीक्षाएं सुबह के सत्र में आयोजित होंगी और 80 अंकों की परीक्षाएं सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक चलेंगी जबकि 40 अंकों वाली परीक्षाएं सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक चलेंगी।

# दकड़ी चौक पर बन रहे फुटब्रिज से दुकानदार नाखुश

### घुमारवीं के एसडीएम गौरव को सौंपा ज्ञापन, यहां अंडरपास बनाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं के दकड़ी चौक पर यातायात को सुचारु बनाने के लिए फुटब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय दुकानदार असंतुष्ट दिखाई दे रहे हैं। इसी समस्या को लेकर सोमवार को घुमारवीं के दकड़ी चौक के दुकानदारों ने एसडीएम घुमारवीं को एक ज्ञापन सौंपा। इसमे इस फुटब्रिज को भूमिगत बनाने की मांग की गई। दुकानदार बलदेव राज ने बताया कि इस पुल के निर्माण से उनकी दुकानों के सामने पिलर खड़े हो जाएंगे, जिससे उनकी दुकानें पूरी तरह ढक जाएंगी और ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होगी। इसी कारण



दुकानदारों ने इस प्रस्तावित पुल का विरोध शुरू कर दिया है और प्रशासन से भूमिगत पुल (अंडरपास) बनाने की मांग की है।

दकड़ी चौक घुमारवीं का सबसे व्यस्त स्थानों में से एक है। यहां प्रतिदिन हजारों लोग आते-जाते हैं, जिससे यह स्थान व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। फुटब्रिज से यहां स्थित दुकानों पर सीधा असर पड़ने की संभावना है। उन्होंने बताया कि फुटब्रिज के निर्माण से व्यापार पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को देखते हुए दुकानदारों ने प्रशासन के सामने एक नया सुझाव रखा है। यदि प्रशासन को यहां यातायात को बेहतर बनाना है, तो फुटब्रिज की बजाय भूमिगत पैदल पुल (अंडरपास) बनाया जाए। इससे न केवल सड़क पर जाम की समस्या हल होगी, बल्कि दुकानदारों और व्यापार पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। वहीं एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने बताया कि दुकानदारों की ओर से शिकायत पत्र उन्हें मिल है। फुटब्रिज बनाने वाली कम्पनी से बात करके समस्या को समाधान करने के विकल्प निकाले जाएंगे। प्रशासन यह ध्यान रखेगा कि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। इस मौके पर बलदेव राज, अरुण शर्मा, अरविंद, अंकुश चंदेल, रवि कांत देविंदर कुमार, सुरेश कुमार, सोनू, धर्म पाल, लेख राम, मौजूद रहे।

# भाषा एवं संस्कृति विभाग के ऑडिशन में 120 कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश सरकार की कला और संस्कृति संरक्षण नीति के तहत स्थानीय कलाकारों को अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय मेलों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसी दिशा में भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों की ग्रेडिंग प्रक्रिया चलाई जा रही है, जिसके तहत जिला स्तर पर ऑडिशन आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को बिलासपुर जिले में ऑडिशन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से करीब 120 कलाकारों ने भाग लिया। यह ऑडिशन भाषा एवं संस्कृति विभाग के बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें गायन, वादन, नृत्य, लोक नाटक, लोक गाथा तथा पारंपरिक वाद्य यंत्रों से जुड़े कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस ऑडिशन में कलाकारों के मूल्यांकन के लिए चार सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया था, जिसमें सहायक जनसंपर्क अधिकारी हेमंत नेगी, प्रसिद्ध संगीतज्ञ मीना वर्मा और कॉलेज के संगीत प्रवक्ता डॉ. मनोहर शर्मा, जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी शामिल रहे। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का गहन निरीक्षण किया और उनकी तकनीकी दक्षता, प्रस्तुति कौशल, स्वरों की शुद्धता, ताल-मात्रा तथा लोक कलाओं में उनकी दक्षता को ध्यान में रखते हुए अंक प्रदान किए।

जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बताया कि ऑडिशन प्रक्रिया के तहत चयनित कलाकारों की ग्रेडिंग की जाएगी, जिससे उन्हें प्रदेश में आयोजित होने वाले मेलों एवं उत्सवों में प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। यह पहल न केवल स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देगी, बल्कि प्रदेश की समृद्ध लोक सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और संवर्धित करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

#### लोक कलाकारों को मंच प्रदान करना है उद्देश्य

**प्रदेश** सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का उद्देश्य प्रदेश के लोक कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, ताकि उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। भाषा एवं संस्कृति विभाग इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है और इस तरह के आयोजनों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस आयोजन ने बिलासपुर जिले के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ा और भविष्य में वे अपने कौशल को और निखार सकें।

## लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत सुन्हाणी के मेला ग्राउंड में आज झंडूता की गाड़ियों और दो पहिया वाहनों के ग्राउंड टैस्ट का आयोजन किया गया। इसमें झंडूता उपमंडल के विभिन्न इलाकों से लोग ग्राउंड टैस्ट देने के लिए सुन्हाणी पहुंचे। इस दौरान सड़क सुरक्षा अधिकारी आदर्श मिश्रा ने ग्राउंड टैस्ट देने आने वाले लोगों और युवाओं को सड़क सुरक्षा के बारे में भी जागरूक किया। आदर्श मिश्रा ने लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वाहन चलाते समय सभी को सड़क नियमों की पालना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तेज गति में व नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए। इसके अतिरिक्त वाहन चलाते हुए मोबाइल का प्रयोग न करें।

## दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए 7 को होगी जांच

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी शशि दत्त शर्मा ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला चिकित्सा विकलांगता बोर्ड न्यू ओपीडी कॉम्प्लेक्स, कमरा नं. 203 क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में 7 फरवरी को प्रात: 10 बजे से दिव्यांग व्यक्तियों की चिकित्सा जांच करेगा। जांच प्रक्रिया समाप्त होने के बाद लाभार्थियों को विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। बोर्ड में विशेषज्ञ डॉक्टरों और अधिकारियों को शामिल किया गया है, जिनमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल हैं। बोर्ड में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. शशि दत्त शर्मा अध्यक्ष होंगे। जबकि डॉ. निशांत आचार्य बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. ऋषि टंडन ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. प्रशांत शर्मा सर्जन, डॉ. कुलदीप कुमार आर्थोपेडिक सर्जन, डॉ. ईशानी गुप्ता नेत्र सर्जन, डॉ. नरेश चौहान, आयुष शर्मा मनोचिकित्सक, ज्योत्सना शर्मा क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक बोर्ड के सदस्य होंगे। उन्होंने चिकित्सा जांच प्रक्रिया में सभी लाभार्थियों को अपने आवश्यक दस्तावेज, पहचान पत्र, और चिकित्सा से संबंधित रिपोर्ट साथ लाने के लिए कहा है।

# घुमारवीं में पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा करने में नाकाम : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने दो दिन पहले घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हंबोट पंचायत के उपप्रधान पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। प्रेस को जारी एक बयान में धर्माणी ने कहा कि जिस तरह आए दिन क्षेत्र में अपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं उससे साफ जाहिर होता हैं कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा करने में नाकाम साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आए दिन चोरी तथा लूटपाट की घटनाएं हो रही है। लेकिन पुलिस अपराधियों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। धर्माणी ने उपप्रधान पर हुए जानलेवा हमले पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं लोकतंत्र के लिए एक चिंता का विषय है। हैरानी की बात है कि दो दिन बीत जाने के बाद भी हमलावर को गिरफ्तार नहीं किया गया है इसे साफ जाहिर होता है कि पुलिस लगातार दबाव में काम कर रही है तथा हमलावर को और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस अपने कार्य को करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है।



**समस्या** बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों से रोजाना लग रहे ट्रैफिक जाम से शहरवासी परेशान

# घुमारवीं शहर की सड़क बन गई पार्किंग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं शहर में बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों से सड़क संकरी हो रही है। शहर में वाहन चालक सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा कर देते हैं, जिस वजह से शहर में पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। यही कारण है कि पूरा दिन लगने वाले इस जाम से जहां स्थानीय दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं, दूसरी तरफ शहर भर में ट्रैफिक को लेकर अव्यवस्था का आलम बना रहता है। शहर में जगह-जगह दोपहिया वाहन व कारें सड़क के किनारे खड़े आम देखे जा सकते हैं। ऐसे में



पैदल चलने वाले लोगों को खासा परेशान होना पड़ता है।

घुमारवीं शहर पार्किंग स्थल बनकर रह गया है। हालांकि शहर में पार्किंग की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन द्वारा नया पार्किंग प्लान तैयार किया गया था, जिसे उपायुक्त बिलासपुर द्वारा मंजूरी दी गई थी। लेकिन करीब डेढ़ वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी इस पार्किंग प्लान को प्रशासन धरातल पर नहीं उतार पाया है। लोगों को उम्मीद थी कि नई पार्किंग व्यवस्था बनने से शहर में अक्सर लगने वाले जाम से छुटकारा मिल जाएगा, लेकिन विभागों की लेट लतीफ के कारण स्थानीय दुकानदार तथा बाहर से आने वाले लोग आज भी जाम की समस्या से जूझ रहे हैं।

नगर परिषद घुमारवीं के कार्यकारी अधिकारी खेम चंद वर्मा ने कहा कि घुमारवीं बाजार में पार्किंग जोन का कार्य आरंभ किए जाने के लिए टेंडर कर दिए गए है। जैसे ही कार्य पूरा होगा उसके बाद नए पार्किंग प्लान के तहत शहर में पार्किंग की व्यवस्था बनाई जाएगी, ताकि सड़कों पर खड़े वाहनों की वजह से जाम की समस्या को दूर किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### आत्महत्या करने पर मामला हुआ दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना सदर में आत्महत्या करने का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार अमरनाथ पुत्र उत्तम चंद गांव व डाकघर अलाथू तहसील सदर जिला मंडी ने शराब के नशे की हालत में सुसाइड कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम जोनल अस्पताल मंडी में करवाया जाएगा। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू की दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस जांच कर रही है।

### घरवासड़ा मंदिर का नहीं लग पाया गेट : भूपेंद्र

**रितेश, सरकाघाट।** व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार के नुमाइंदे और अधिकारी धर्मपुर में व्यवस्था बिगाड़ने में लगे हुए हैं। ये बात माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र



सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि टिहरा बस स्टैंड पर बना रेन शैल्टर लोकनिर्माण विभाग ने नवंबर महीने में जेसीबी लगाकर गिरा दिया है और अब उसे पुनः निर्मित करने के बारे में विभागीय अधिकारी गहरी नींद सो गए हैं। जबकि एक्सईन धर्मपुर को इस रेन शैल्टर और घरवासड़ा मुख्य सड़क पर माता कंचनपुरी मंदिर के लिए बने गेट को ठेकेदार द्वारा डेढ़ साल पहले गिराए जाने के बाद आज तक न बनाने बारे जल्द कार्यवाई करने बारे 24 दिसंबर को पत्र लिखा था और इन्हें जल्द निर्मित करने की मांग की थी, लेकिन विभाग की लापरवाही का आलम ये है कि उन्होंने अभी तक मेरे द्वारा लिखे पत्र का उत्तर देने की ज़हमत नहीं उठायी। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि टिहरा में हर रोज सैकड़ों लोग आते जाते हैं और वहां पर बैठने के लिए रेन शैल्टर ही एक जगह थी जहां पर लोग बैठते थे लेकिन विभाग की बहुत ज्यादा लापरवाही है जिसने इसे उखाड़ दिया है और अब इसे पुनिर्मित करने में कोई क़दम नहीं उठा रहे हैं। ऐसी ही स्थिति घरवासड़ा मुख्य सड़क पर बने मन्दिर गेट को गिराने के बारे में है जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा हो रही है और यही नहीं मन्दिर के लिए बने पक्के रास्ते को भी उखाड़ दिया है जिससे मन्दिर जाने आने में भी असुविधा हो रही है।ये मुद्दा पिछले दिनों मीडिया में भी उजागर हुआ था लेकिन न तो लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी और न ही यहां के विधायक कुछ कर रहे हैं और परेशानी आम जनता को हो रही है और तथाकथित व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था बिगाड़ने का ही काम हो रहा है।यही नहीं पिछले दो साल से सारे विकास कार्य भी ठप्प हो गए हैं लेकिन विधायक अधूरे व रुके हुए कार्यों को भी पूरा नहीं करवा पा रहे हैं।

### सड़क में व्यर्थ बह रहे पानी को रोकने की मांग

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर की ग्राम पंचायत खनी के लहाल के समीप आरा नामक स्थान पर सड़क में व्यर्थ वह रहे पानी को रोकने की मांग की है। पंचायत के आरा, खलेली, चकरोता आदि गांवों के लोगों ने विभाग से मांग की है कि इस सड़क में काफी दिनों से व्यर्थ पानी वह रहा है जो सड़क में फैला होने के कारण सड़क में बने गड्ढों में रुकता है। जब भी कोई भी वाहन सड़क में से गुजरता है तो पानी के छींटे राहगीरों पर गिरते हैं। यही नहीं पैदल आने जाने बालों को भी अपने कपड़े बचाकर निकलना पड़ता है। गांव वासियों ने विभाग से इस व्यर्थ वह रहे पानी को रोकने के आदेश जारी करने की मांग की है। उन्होंने विभाग मांग की है कि विभाग अपने कर्मचारी भेजकर पता लगाकर उस नलके को ही बंद करे,जहां से ये पानी खुले में निकलता है। इस संदर्भ में विभाग के निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पानी के व्यर्थ बहने की शिकायत उन्हें मिली है,जिसे तुरंत बंद कितने के लिए कर्मचारियों को वहां भेज दिया गया है तथा जहां से ये पानी सड़क पर फैलता है उस नलका बन्द रखने को कह दिया गया है।

### सलूणी पंचायत के आधा दर्जन गांव सड़क से वंचित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एक माह के भीतर ग्राम पंचायत सलूणी के आधा दर्जन गांवों के लिए सड़क का कार्य शुरू न किया तो पंचायत प्रतिनिधि लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन सौंपने के साथ चेतावनी भी जारी कर दी है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि सलूणी पंचायत के आधा दर्जन गांव आजादी के बाद भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। गांव में यदि कोई बीमार हो जाए तो उसे पालकी में उठाकर दो किलोमीटर पहले मुख्य सड़क तक पहुंचाना पड़ता है और उसके बाद एंबुलेंस या निजी वाहन के जरिए अस्पताल पहुंचाया जाता है। ग्रामीणों के लिए गृह निर्माण सामग्री भी गांव तक पहुंचाना काफी मुश्किल है। अब पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने फैसला लिया है कि सरकार और विभाग ने एक माह में सड़क बनाने की स्थिति साफ नहीं की तो प्रतिनिधि और ग्रामीण उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। इसके बाद जो भी परिस्थिति पैदा होगी, उसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की रहेगी। ग्राम पंचायत सलूणी के प्रधान मान सिंह, वार्ड सदस्य प्रवीण कुमार, पूर्व बीडीसी सदस्य दिनेश राणा और ग्रामीणों शक्ति सिंह, रमेश कुमार, कैलाश चंद, माधो राम, संजीव कुमार, रवि कुमार और पृथु राम ने बताया कि सलूणी पंचायत के लेहनाई, सुकड़ाह, मुंढाह-एक, दो और तीन में रहने वाली 1000 आबादी आज भी सड़क सुविधा से महरूम है। सड़क बनाने के लिए ग्रामसभा में भी प्रस्ताव पारित किए लेकिन उन प्रस्तावों पर विभाग ने कोई भी गौर नहीं किया। इसको लेकर लोगों में रोष है।

### सड़क पर धूल के गुबार उड़ने से चालक परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सिहुंता से लाहड़ु तक 22 किलोमीटर लंबी सड़क का सुधारीकरण कार्य चल रहा है। मगर इस दौरान सड़क पर उड़ रहे धूल के गुबार से स्थानीय लोग, राहगीर और वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। धूल के कारण लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। वाहन चालकों का कहना है कि इस समस्या के बारे में अधिकारियों से बार-बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि धूल के कारण सांस लेने में परेशानी हो रही है। मिट्टी के कणों के कारण आंखों में जलन हो रही है, जिससे उनका स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है।

प्रशासन और सरकार की ओर से प्रभावितों का दर्द सांझा करने नहीं पहुंचा कोई

# मछेतर अग्निकांड के तीन दिन बाद भी प्रभावितों को मदद का इंतजार

**ओपी शर्मा, भरमौर**

होली के मछेतर में हुए अग्निकांड के तीन दिन बीत जाने के बाद भी अग्निकांड प्रभावितों को सरकार व प्रशासन की ओर से कोई भी मदद नहीं की गई है। भयंकर अग्निकांड के तीन दिन बीत जाने के बाद भी शासन प्रशासन व सरकार की ओर से इन प्रभावितों का दर्द सांझा करने के लिए कोई भी नहीं पहुंचा है।

इस भीषण अग्निकांड में तीन मकान जलकर राख हो गए हैं। इस अग्निकांड में विचित्र राम की सारी उम्र की संपत्ति जलकर राख हो गई है। उनके पास जो कपड़े पहने हैं वहीं शेष बचे हैं। अग्निकांड प्रभावित परिवारों को सर्दियों में बाहर अंगीठी रखकर खाना पकाना पड़ रहा है।

अग्निकांड प्रभावित परिवारों का कहना है कि प्रशासन की ओर से उनके पास पटवारी और कानूनगो ही यहां पर आए थे। इस अग्निकांड के बाद प्रशासन द्वारा न तो इन प्रभावितों को फौरी राहत प्रदान की गई है और न ही आर्थिक सहायता दी गई है। हालांकि यह अग्निकांड



इतना भीषण था कि समय रहते अग्निशमन विभाग आग पर काबू नहीं पाता तो पूरा गांव ही जलकर राख हो जाता। हालांकि प्रशासन की ओर से ही दलील देकर प्रभावतों की मदद नहीं की गई कि जहां यह आग लगी है वह अवैध कब्जा है। लेकिन इस अग्निकांड में तीन परिवारों के उम्र भर के सपने जलकर पूरी तरह से राख हो गए हैं।

प्रभावितों की माने तो अभी तक जनप्रतिनिधियों ने भी मौके पर आकर उनका दुख दर्द नहीं बांटा है। हालांकि स्थानीय विधायक द्वारा फोन पर अग्निकांड प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद देने का आश्वासन जरूर दिया गया है।

### गैस सिलेंडर, डीजल व पेट्रोल के चलते भयानक हुई आग

ग्रामीण व अग्निकांड प्रभावित विचित्र कुमार रविंद्र कुमार व दूसरे परिवारों की माने तो यहां पर कुछ लोगों द्वारा कमरा किराए पर लेकर यहां पर अवैध रूप से डीजल पेट्रोल व गैस सिलेंडर रखे थे। जिसके चलते आग लगने के बाद इन ज्वलनशील पदार्थों में आग पकड़ ली और सिलेंडर द्वारा ब्लास्ट होने के चलते यह आग जगह-जगह फैल गई। तीन परिवारों के घर पूरी तरह जलकर राख गए। ग्रामीणों का दावा है की अवैध रूप से सिलेंडर डीजल व पेट्रोल रखने को लेकर वह पहले भी पुलिस में शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## सरकार को स्वीकृति के लिए भेजे प्रस्ताव : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा ।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत प्रस्ताव सरकार को स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं।



उन्होंने बताया कि प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चंबा से शिक्षा विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति, ग्रामीण विकास इत्यादि विभागों से प्राप्त प्रस्ताव स्वीकृति के लिए सरकार को प्रेषित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि यह योजना ऐसे अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही है जहां 15 किमी परिधि में कम से कम 25 प्रतिशत आबादी हो तथा इस योजना के अंतर्गत आधारभूत सरंचना सुधार के लिए जैसे स्कूल भवन, छात्रावास का निर्माण, कोशल विकास, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, जल आपूर्ति आपूर्ति योजना, सीवरेज, खेल मैदान इत्यादि के लिए अनुदान राशि उपलब्ध करवाई जाती है । इस दौरान स्कूलों में बच्चों सुविधाएं उपलब्ध होती हैं ताकि बच्चे स्कूलों में अच्छी शिक्षा हासिल कर सकें।

# कुलैठ पंचायतों में 60 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

**लोगों को सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं की दी जानकारी**

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

100 दिवसीय स्वास्थ्य अभियान के दौरान होली क्षेत्र की दयोल तथा कुलैठ पंचायतों में लगभग साठ लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। निक्षेय शिविर के दौरान आयोजित इस शिविर में दूरदराज की पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग भरमौर की टीम की अगुवाई डाक्टर शिव राज सिंह राणा ने की।

भरमौर की होली क्षेत्र की दयोल तथा कुलैठ पंचायतों के दयोल, क्यूर, तूह, बनतूह, कुलैठ, गुवाड़ आदि गांवों के लोगों को सरकार द्वारा चलाई गई स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

टीवी मुक्त अभियान को सफल बनाने में प्रत्येक पंचायत वासी को अपना सहयोग देने की अपील की गई।

इस दौरान टीवी उन्मूलन के कार्यक्रम पर्यवेक्षक किशन चंद तथा एक्स–रे तकनीशियन ध्यानू राम, आईसीटीसी लैब के पवन भारद्वाज, लैब तकनीशियन देवेंद्र कुमार ने लोगों की रक्त जांच के सैंपल लिए तथा लोगों को सौ दिवसीय कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी।



होली क्षेत्र की दयोल पंचायत में आयोजित शिविर में उपस्थित लोग।

# लखदाता टुंडी ने जीता ओपनिंग क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, चंबा**

18वें रवि मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया जिसमें शहीद रवि के पिता उधो राम मुख्यातिथि व विशेष अतिथि छलाड़ा पंचायत के उपप्रधान शमशेर राणा, पूर्व प्रधान रिकु मैहरा, मोतला पंचायत के उपप्रधान संजीवन राणा, गरनोटा पंचायत के उपप्रधान अरुण शर्मा मौजूद रहे। मुख्यातिथि ने रिबन काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। आयोजकों द्वारा सभी गणमान्य को बैच पहना कर सम्मानित किया। सुरेश कुमार ने बताया की इस ट्रॉफी में चंबा व कांगड़ा के कुल 16 टीम भाग ले रही है । प्रत्येक टीम के



तीन लीग मैच होंगे, जिसमें दो मैच जितने वाली टीम अगले राउंड में जाएगी। प्रत्येक टीम की फीस 4500 रुपए होगी, विजेता को 21000, उपविजेता को 11000 नकद व ट्रॉफी इनाम दिए जाएंगे। ओपनिंग मैच जम्बों इलाबन व लखदाता टुंडी के बीच खेला गया लखदाता टुंडी ने मैच में जीत हासिल की। दूसरा मैच छलाड़ा व कुंजर महादेव के बीच खेला गया, जिसमें छलाड़ा ने मैच जीता।

पूर्व प्रधान रिंकु मैहरा ने कहा शहीद रवि मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता हर वर्ष रवि की याद में कराई जा रही है। इससे युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। खेल व पढ़ाई में युवाओं को बढ़–चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया।

इस दौरान आयोजन मैंबर में शम्मी ठाकुर, मुकेश धीमान, अक्षय ठाकुर, मनीष कुमार, शिवांक मैहरा, आशीष भारद्वाज, पंकज, चंचल कुमार, शानू मैहरा सहित आदि शामिल हैं।

# तबादले के एक महीने बाद भी चंबा नहीं पहुंचे चिकित्सक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

टांडा मेडिकल कॉलेज और आईजीएमसी शिमला से चंबा में ट्रांसफर किए गए चिकित्सकों ने एक महीने का समय बीतने के बाद भी ज्वाइनिंग नहीं दी है। जिसके चलते ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अभी तक भी मरीजों को डॉक्टर का इंतजार करना पड़ेगा। तबादला आदेश जारी हो जाने के बाद भी अभी तक इन डॉक्टर ने अपने–अपने जगह पर ज्वाइन नहीं किया है। इससे प्रतीत हो रहा है कि चिकित्सक सरकार के आदेशों की अनदेखी करते हुए चंबा में कार्य करने के लिए तैयार नहीं हैं।

चंबा जिला के 46 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी बनी हुई है। सरकार ने इन केंद्रों में चिकित्सकों की तैनाती के आदेश दिए थे, लेकिन चिकित्सक आदेशों की अवहेलना कर ज्वाइनिंग नहीं दे रहे हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार ये चिकित्सक अपनी ट्रांसफर को रुकवाने के प्रयासों में लगे हुए हैं, जिसके कारण अब तक ज्वाईनिंग नहीं हो पाई है। सरकार के आदेशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरवास में दिव्य कौशल, पुर्थी डॉ. विजय कालिया, पीएचसी ब्रंगाल में अंकुश कुमार कौंडल, साच में वरुण सूद, मांधा में सुमित कटोच, सुंडला में डॉ. राजेश कुमार, जगत में देवेंद्र पटियाल, मनहुता में डॉ. सौरभ और छलाड़ी में डॉ. पंकज शर्मा को ज्वाइन करना था।

हालांकि सरकार के आदेशों में स्पष्ट कहा गया था कि चिकित्सकों को शीघ्र चंबा के स्वास्थ्य केंद्रों में ज्वाइन करना होगा। एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक एक भी चिकित्सक ने चंबा में अपनी ज्वाइनिंग नहीं दी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बिपन ठाकुर ने कहा कि सरकार ने जिन नौ चिकित्सकों के आदेश जारी किए थे। उन्होंने अभी तक चंबा में ज्वाइन नहीं किया है। आगामी दिनों में ये चिकित्सक ज्वाइनिंग दे सकते हैं।

# चूड़ी से बक्कल सड़क निर्माण में अतिरिक्त कैंची मोड़ बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

ग्राम पंचायत राड़ी के अंतर्गत बनने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क चूड़ी से बक्कल निर्माण को लेकर लोगों ने गलत डीपीआर बनाने के आरोप विभाग पर लगाए हैं।

लोगों का कहना है कि इस सड़क निर्माण के दौरान कई गांवों को सड़क सुविधा से नहीं जोड़ा गया है । जबकि सड़क दूसरे किनारे से होकर बनाई गई है। जिसके कारण करीब एक दर्जन गांवों के लगभग 1500 लोग सड़क सुविधा से वंचित रह गए हैं। लोक निर्माण विभाग मंत्री को लिखे पत्र में लोगों ने इस गांव के लिए अतिरिक्त कैंची मोड़ लगाकर सड़क पहुंचाने की मांग की है। स्थानीय लोगों में रमेश कुमार , मनोज कुमार, मनीष, रामशरण खेम, पन्नू राम, रविंद्र, बिद्धू, अरुण , अशोक ने कहा है कि करीब 9.50 करोड़ की लागत से यह सड़क बनाई जा रही है, लेकिन इस सड़क निर्माण के दौरान किसी भी गांव को इससे जोड़ा नहीं गया है।

लोगों का कहना है कि जहां से यह सड़क जा रही है वहां से गांव 3 किलोमीटर ऊपर है। लोगों को सारा सामान पीठ पर उठाकर ले जाना पड़ेगा तो वहीं पर मरीजों को भी पालकी के सहारे उठाकर गांव पहुंचाना पड़ेगा। लोगों ने कहा कि तीन अतिरिक्त कैंची मोड़ लगाकर इन सड़क सुविधा से जोड़ा जाए।

# छात्रों ने किया विज्ञान केंद्र पालमपुर का शैक्षिक भ्रमण

**बबलू पठानिया, भटीयात/चुवाड़ी**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह के कक्षा 10 एवं 12 के छात्रों ने सोमवार को पीएम श्री योजना के तहत विज्ञान केंद्र पालमपुर का शैक्षिक भ्रमण किया।

इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहरी समझ प्रदान करना था। विज्ञान केंद्र पालमपुर में छात्रों ने विभिन्न विज्ञान प्रदर्शनी, इंटरैक्टिव मॉडल्स और शैक्षिक प्रयोगों का अवलोकन किया। केंद्र के विशेषज्ञों ने छात्रों को विज्ञान के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी और उन्हें सवाल पूछने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान छात्रों ने खासतौर पर पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत, और नवीकरणीय ऊर्जा के विषयों पर



भ्रमण के दौरान मौजूद विद्यार्थी व साथ हैं अन्य।

ध्यान केंद्रित किया।विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा, 'हमारा उद्देश्य छात्रों को शैक्षिक दृष्टिकोण से बेहतर बनाने के लिए ऐसे शैक्षिक भ्रमण आयोजित करना है, ताकि वे पुस्तकें पढ़ने के अलावा वास्तविक दुनिया में विज्ञान और तकनीकी नवाचारों को समझ सकें। शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

छात्रों ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया और विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को समझने में अपनी जिज्ञासा को और बढ़ाया। यह भ्रमण छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया, जिसने उन्हें न केवल विज्ञान के प्रति उत्साहित किया, बल्कि उन्हें नई खोजों और आविष्कारों की ओर भी प्रेरित किया।( अनंत ज्ञान)

## बजट सत्र में जलरक्षक की मांगें पूरी करने की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पंचायत के माध्यम से लगे जलरक्षक लंबे समय से सरकार के समक्ष अपनी मांगें रख रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी प्रमुख मांगों पर कोई उचित फैसला नहीं लिया गया है। आने वाले बजट सत्र में जलरक्षक महासंघ ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि उनके कार्य को देखते हुए उनके वेतनमान में बढ़ोतरी की जाए तथा उनकी प्रमुख मांग, कांटेक्ट पर आने की अवधि को 12 वर्ष से घटाकर 8 वर्ष किया जाए। जलरक्षक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष रूपलाल, उपाध्यक्ष बबलू वर्मा, टेकचंद, रजनीश, सुनील, सचिव डोलमचंद, कोषाध्यक्ष हरि ठाकुर, मीडिया प्रभारी मीना ठाकुर, बबलू पंवार आदि ने मांगों को पूरा किया करने की मांग उठाई।

| सूडोकु 0059 | | | | | | | | मध्यम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0058 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

4 फरवरी, 2025, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** सप्तमी (02:33): **नक्षत्र** अश्विनी (09:50), **पक्ष** : शुक्ल, **योग :** शुभ (00:05) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13-12:57), **राहुकाल** (03:18 -04:40)।

**विशेष दिन**

04 फरवरी 2025 : सूर्य रथ सप्तमी आज।

04 फरवरी : आरोग्य अचला सप्तमी आज।

**मेष:** मन अशान्त रहेगा। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। माता का सान्निध्य मिलेगा। आय में वृद्धि हो सकती है।

**वृषभ:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के स्रोत विकसित होंगे।

**मिथुन:** धैर्यशीलता में कमी आयेगी। परिवार की समस्ये याओं से परेशान रहेंगे। रहन-सहन अस्त-व्यस्त रहेगा। यात्रा अधिक रहेगी।

**कर्क:** आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है।

**सिंह :** मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। नौकरी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कन्या :** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों से मतभेद बढ़ सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। माता को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**तुला:** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। मानसिक तनाव रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता में कमी आयेगी। सत्ता की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**धनु :** कला एवं संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर :** क्षणे रूष्टा-क्षणे तुष्टा के भाव मन में रहेंगे। अपनी भावनाओं को वश में रखें। सन्तान को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**कुंभ :** शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**मीन :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

# टिहरा अस्पताल बना शोपीस, नहीं मिलती स्वास्थ्य सुविधा : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने धर्मपुर में लचर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सरकार की कड़ी निंदा की है और उन्हें सुदृढ़ करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के टिहरा में गत भाजपा सरकार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को पचास बिस्तरों वाला अस्पताल स्तरोन्नत किया है और करोड़ों रुपये की बिल्डिंग बनाई जा रही है।लेकिन इस अस्पताल का आलम ये है कि वहां जो भी गंभीर हालत वाला मरीज़ जाता है तो उसका ईलाज तो नहीं हो पाता लेकिन मौत अवश्य होती है। ऐसी ही घटना पिछले कल 51 वर्षीय कोट निवासी लता देवी पत्नी डॉ. प्रदीप के साथ हुई जिसे पिछले कल सुबह 7 बजे के आसपास हार्ट अटैक का दौरा पड़ा। परिवार ने उसे टिहरा अस्पताल ले गए लेकिन वहां पर समय पर सुविधा उपलब्ध नहीं होने से उनकी मौत हो गई।

हालांकि उनके पति स्वयं प्रेक्टिनर फर्मासिस्ट हैं लेकिन वे भी कुछ नहीं कर पाए। हालात ये हैं कि की इस अस्पताल में एक्स–रे की सुविधा उपलब्ध नहीं है और एंबुलेंस भी नहीं है।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया स्वामी श्री हरि गिरि हॉस्पिटल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, भटीयात/चुवाड़ी**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला चंबा डॉक्टर विपिन ठाकुर ने सोमवार को स्वामी हरी गिरी अस्पताल ककीरा में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन का निरीक्षण किया।उन्होंने इस पर जानकारी देते हुए बताया कि पीसी पीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत जिले में अल्ट्रासाऊंड मशीन का समय–समय पर निरीक्षण करने का प्रावधान है, जिसके तहत निजी अस्पताल में स्थापित मशीन का



निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमे अल्ट्रासाउंड मशीन का रिकॉर्ड ओर कार्यवाही को सही पाया गया है।

उन्हों कहा कि गर्भ में पल रहे बच्चे का लिंग बताना अपराध है, जिसके लिए पहली बार पकड़े जाने पर कानून के तहत 10 हजार रुपए जुर्माना तथा 3 साल तक की जेल हो सकती है। उन्होंने बताया कि लिंग समानता को बनाए रखने के लिए यह कानून बनाया गया है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कृषि** — किसानों को लागत के मुताबिक नहीं मिलते उचित दाम

# घाटी के किसान पारंपरिक खेती से कर रहे तौबा

**रूपी ठाकुर, बरोट**

छोटाभंगाल व चौहार घाटी के किसान आधुनिकता के इस दौर में प्राकृतिक खेती करने के लिए लगभग तौबा ही कर रहे हैं। यहां के कुछ ही किसान अभी भी प्राकृतिक खेती से जुड़े तो हैं मगर वे भी नाममात्र की खेती ही करते हुए नजर आ रहे हैं। कारण यह है कि जैविक खेती में मेहनत अधिक है मगर उनके हौंसले बरकरार है।

ये किसान जहां खेतों में जैविक खाद का इस्तेमाल करते हैं और खेत बैलों के साथ जोतते हैं और निराई–गुडाई करने के बाद शुद्ध ऑर्गेनिक मक्की, गेहूं, काठू, भरेस, कोदरा और अन्य फसलों को बीजते हैं। ये किसान ऐसे हैं जो महज ही अपने लिए ऑर्गेनिक खेती का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन किसानों की माने तो इस पुरानी परंपरागत फसलों की लागत इतनी होती है कि उन्हें सामान्य दाम की तर्ज पर बेचा जाना संभव नहीं है। इसके चलते ऐसे किसान व्यवसाय की दृष्टि से इसकी पैदावार नहीं कर रहे हैं।

जैविक खेती एक ऐसी तकनीक है जिसमें जैविक कट मास्को का उपयोग किया जाता है इसमें रसायनों की कोई जगह नहीं होती है इस तरह की खेती में केवल जैविक तत्वों का ही इस्तेमाल होता है जैविक खेती एक ऐसी तकनीक है जिसमें जैविक खाद और जैविक कीटनाशक का उपयोग किया जाता है। इसमें रसायनों की कोई जगह नहीं होती।

इस तरह की खेती में केवल जैविक तत्वों का ही उपयोग किया जाता है जैविक खेती एक ऐसी तकनीक है जिसमें मिट्टी के प्राकृतिक गुना को बरकरार रखते हुए फसल दी जाती है।

चौहार घाटी के किसान मान सिंह का कहना है कि वे हमेशा ही बैलों के साथ काफी जमीन में जैविक विधि से विभिन्न प्रकार की फसलों को उगाना नहीं छोड़ते हैं।

उनका कहना है कि उन्होंने आजतक अपनी फसलों की पैदावार के लिए कभी भी किसी भी प्रकार की खाद व कीटनाशक दवाइयों का उपयोग ही नहीं किया है। कृषि विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि विभाग द्वारा किसानों को पुरानी परंपरागत खेती करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।( अनंत ज्ञान)

**ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग**
**कार्यालय एवं न्यायालय ग्राम पंचायत चौन्तड़ा**
**विकास खंड चौन्तड़ा तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मंडी हि.प्र.**

**निविदाएं मागने बारे:-** बैठक में सर्वसम्मति द्वारा कि ग्राम पंचायत चौन्तड़ा द्वारा 3 हेंड पंप लगाऐ जाने है तथा नि. पुली सुक्कड़ खड्ड के सरीया खरीदा जाना है। जिनकी निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 15 फरवरी 2025 को शाम 5 बजे तक पंचायत कार्यालय मे पहुंच जानी चाहिए, और निविदाएं दिनांक 17 फरवरी 2025 को 11 बजे खोली जाएगी। सामग्री विवरण निम्न प्रकार से है:- **1.** वार्ड नं. 8 में हेंड पंप लगवाने बारे, **2.** वार्ड नं. 6 में हेंड पंप लगवाने बारे **3.** वार्ड नं. 4 में हेंड पंप लगवाने बारे, 4. खरीद सरिया 8 एमएम,खरीद सरिया 10 एमएम, खरीद सरिया 12 एमएम, खरीद सरिया 16 एमएम, खरीद सरिया 20 एमएम

**शर्ते:-** 1. निविदाएं बंद लिफाफे मे होनी चाहिए।
2. हेण्ड पम्प लगाने पर अदायगी जब तक नहीं की जाऐगी जब तक पानी नहीं निकलेगा।
3. हेण्ड पम्प लगानी वाली कम्पनी को पूरी जिम्मेदारी होगी अगर किसी प्रकार की अनियममिता या घटना की। 4. हेण्ड पंप लगाने वाली कम्पनी को इस बारे शपथ पत्र देना होगा।

प्रधान/ सचिव
ग्राम पंचायत चौन्तड़ा
विकास खंड चौन्तड़ा जिला मंडी हि.प्र.

दो धर्मों का कभी झगड़ा नहीं होता, सब धर्मों का अधर्म से ही झगड़ा होता है। -विनोबा भावे

संपादकीय

## प्रदेश का घटता पर्यटन

हिमाचल प्रदेश से इस बार मौसम पूरी तरह से रूठ गया है। मौसम की इस बेरुखी का प्रदेश के पर्यटन पर गहरा असर पड़ा है। चूंकि पर्यटन प्रदेश की आय का मुख्य स्रोत है, लेकिन इस दफा हिमाचल में उतनी बर्फ नहीं पड़ी कि पर्यटक उसे दिखने के लिए आएं। यही वजह है कि पर्यटक हिमाचल आने से कतरा रहा है। उसे इस समय हिमाचल बेरौनक लग रहा है। बर्फबारी न होने से पर्यटन कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी एक मुख्य आकर्षण है, जो पर्यटकों को आकर्षित करता है। बर्फबारी न होने से पर्यटकों की संख्या में व्यापक स्तर पर कमी आ आई है, जिससे पर्यटन कारोबार प्रभावित हुआ है। प्रदेश के कई होटल खाली चल रहे हैं, जबकि यह सीजन कमाई का सबसे बड़ा सीजन होता है। इसकी दूसरी वजह यह भी है कि हिमाचल में पर्यटक इस समय प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के कारण भी नहीं आ रहा। महाकुंभ ने भी पर्यटन की कमर तोड़ी है। इसके अलावा, बर्फबारी न होने से स्थानीय लोगों की आय भी प्रभावित हो सकती है, जो पर्यटन से जुड़े व्यवसायों पर निर्भर हैं।

इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। हिमाचल प्रदेश सरकार को इस समस्या का समाधान निकालने के लिए कदम उठाने चाहिए, जैसे कि पर्यटन के अन्य आकर्षणों को बढ़ावा देना या बर्फबारी के विकल्पों को विकसित करना। बर्फबारी के अलावा बारिश का न होना भी शुभ संकेत नहीं है। किसान-बागवान इससे खासा परेशान है। कई जगह बिजाई नहीं हुई है। अगर हुई है तो फसलें ठीक से उगी नहीं हैं। निश्चित रूप से इसका आने वाले समय में व्यापक असर होगा। सूखा प्रदेश के हित में नहीं है। सूखे के कारण हर चीज प्रभावित होने वाली है। सबसे पहले तो पर्यावरणीय नुकसान होगा। पानी की कमी का सामना करना पड़ेगा। सूखे के कारण पानी की कमी हो जाती है, जिससे पेयजल, सिंचाई और उद्योगों के लिए पानी की उपलब्धता प्रभावित होती है। वनस्पति और जीव-जंतुओं की हानि भी होती है। इससे पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है। सूखे के कारण मिट्टी का क्षरण हो सकता है, जिससे मिट्टी की उर्वरता कम होती है और भूमि की गुणवत्ता प्रभावित होती है। सूखा कई तरह के आर्थिक नुकसान भी करता है। कृषि उत्पादन में कमी आने से किसानों की आय प्रभावित होती है। पशुपालन को नुकसान हो सकता है, जिससे पशुपालकों की आय प्रभावित होती है।

उद्योगों को नुकसान हो सकता है, जिससे उद्योगों की उत्पादन क्षमता प्रभावित होती है। इसके अलावा सूखे से सामाजिक नुकसान भी होते हैं। सूखे के कारण पलायन हो सकता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में लोगों का पलायन होता है। बेरोजगारी बढ़ सकती है, जिससे लोगों को रोजगार की कमी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं, जैसे कि पानी जनित बीमारियों और पोषण संबंधी समस्याएं। ऐसे में हिमाचल में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार को कई उपाय करने चाहिए। सबसे पहले, पर्यटन स्थलों का विकास करना आवश्यक है, जैसे कि मनाली, शिमला, और धर्मशाला आदि में पर्यटन सुविधाओं को बढ़ाना। इसके अलावा, सरकार को स्थानीय संस्कृति और कला को बढ़ावा देना चाहिए, जैसे कि स्थानीय त्योहारों और समारोहों का आयोजन करना। यह पर्यटकों को हिमाचल की स्थानीय संस्कृति का अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगा। सरकार को पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए, जैसे कि प्रदूषण नियंत्रण और वनस्पति संरक्षण। यह पर्यटकों को हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगा। यही नहीं, सरकार को पर्यटन संबंधी सुविधाओं को बढ़ाना चाहिए, जैसे कि पर्यटन सूचना केंद्र, पर्यटन गाइड और पर्यटन संबंधी सेवाएं। यह पर्यटकों को हिमाचल में अपने प्रवास को सुखद और सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा। सरकार को पर्यटन के लिए विपणन अभियान चलाना चाहिए, जैसे कि सोशल मीडिया और ऑनलाइन विज्ञापन का उपयोग करके हिमाचल को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में प्रमोट करना। यह पर्यटकों को हिमाचल की ओर आकर्षित करने में मदद करेगा। यदि सरकार यह सब करने में सफल होती है तो निश्चित रूप से प्रदेश की हालत सुधर जाएगी वरना इस काम में देरी कर दी तो आने वाला समय हिमाचल के लिए कष्टकारी हो सकता है। प्रकृति का विनाश इंसान के लिए कई तरह के संकट लेकर आ सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में हिमाचल में शीघ्र ही अच्छी बारिश होगी और लोग राहत की सांस लेंगे। ■

# दादा साहेब आपटे : एक कर्मशील जीवन की दो महान उपलब्धियां



एक सौ बीस साल पहले 2 फरवरी के दिन शिवराम शंकर (दादा साहेब) आपटे का जन्म हुआ था। दूरद्रष्टा, विद्वान और कुशल संगठनकर्ता होने के नाते ही हम सब श्रद्धापूर्वक दादा साहेब आपटे का पुण्य स्मरण करते हैं। 45 साल के अपने जीवन में दो महानतम उपलब्धियां एक संगठन और एक संस्थान की स्थापना का अनुपम कार्य, इसके चलते वे कालजयी रहेंगे। भारत में आरतीय भाषाओं की एकमात्र न्यूज एजेंसी में कार्य करने का जो गौरव हम महसूस करते हैं। 1948 में इसकी नींव दादा साहेब आपटे ने ही रखी थी। 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं'- यह जयघोष जिस संगठन के माध्यम से विश्वव्यापी हुआ, 1964 में विश्व हिंदू परिषद् की स्थापना के शिल्पी भी दादा साहेब आपटे ही थे।



लेखक : जितेंद्र तिवारी
हिंदुस्थान समाचार के संपादक

दादा साहेब आपटे के व्यक्तित्व और कृतिव्य को एक लेख या कुछ सौ शब्दों में व्यक्त या प्रस्तुत कर पाना असंभव सा कार्य है। वह भी ऐसा जीवन जिसमें एक समय के बाद बहुत व्यापक परिवर्तन हुआ हो। गुजरात के वडोदरा के एक कुलीन परिवार में 02 फरवरी 1905 को जन्में शिवराम शंकर आपटे 35 वर्ष की आयु तक जीवन की एक अलग धारा में तैर रहे थे। कानून की डिग्री हासिल कर वकालत करने बाम्बे गए तो एक शाही अंदाज था। सूट, बूट, हैट और सिंगार वाले शिवराम शंकर को यह सौभाग्य मिला कि वे स्वातंर्त्यवीर सावरकर के सान्निध्य में चले गए। वीर सावरकर के घर किरायेदार बनकर। उधर वकालत करने के बाद वे जिस पार्क में आकर बैठते थे, वहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक शाखा भी लगती थी। जिसके चलते वे बापूराव लेले के संपर्क में भी आए। वीर सावरकर और संघ के सुमेल का उन पर गहरा प्रभाव पड़ा। इसी के चलते अपनी 27 वर्ष की आयु में पिताजी के निधन के बाद अपनी पांच बहनों के विवाह की पारिवारिक जिम्मेदारी निभाकर ही संघ के पूर्णकालिक प्रचारक बने। हालांकि अविवाहित रहकर राष्ट्र कार्य करने का विचार तो तभी दृढ़ हो गया था जब वे नागपुर के संघ शिक्षा वर्ग में चालीस दिन तक मा. स. गोलवलकर उपाख्य श्रीगुरु जी के संपर्क में आए। यह वही वही संघ शिक्षा वर्ग था जिसके सर्वाधिकारी श्रीगुरुजी थे और उसी साल 21 जून को संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार का भी महाप्रयाण हुआ था। इन दो महान संगठनकर्ताओं और शिल्पियों की आभा से प्रदीप्त शिवराम शंकर 1944 में संघ के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनकर तमिलनाडु गए और उसके बाद से लेकर 10 अक्तूबर, 1985 तक अहिर्निश देश और समाज की सेवा में समर्पित रहे।

दादा साहेब आपटे के विशाल व्यक्तित्व के बारे में खुद का विश्लेषण न कर यदि उस संगठन के प्रमुख का भाव ही पढ़ा जाए, जिसकी स्थापना उन्होंने की, तब शायद अधिक हम उन्हें अधिक जान सकेंगे। विश्व हिंदू परिषद - नेतृत्वकर्ता श्री अशोक सिंहल ने उनका स्मरण करते हुए लिखा है- दादा आपटेजी के पत्रकारिता के क्षेत्र में हिंदुस्थान समाचार और सामाजिक सांस्कृतिक क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद् के प्रयोग जहां एक ओर नीति निर्धारकों के घट-घट में व्याप्त कूड़े-कचरे को निकालने के प्रयास थे, वहीं दूसरी ओर सामान्य जन को यह विश्वास दिलाने के लिए भी कि ये लोग विदेशी रूह से ग्रस्त हैं। इसलिए इस संक्रमण काल में ये महाजन नहीं हैं। इस प्रकार विश्व हिंदू परिषद् जन साधारण के स्तर पर छेड़ा गया एक महा आंदोलन है। अशोक जी सिंहल लिखते हैं- महात्मा गांधी की हत्या का झूठा आरोप लगाकर संघ को प्रतिबंधित किया गया। आपटे जी इस बात का अनुभव करते थे कि संघ जैसे पवित्र कार्य पर बाधा आई, लेकिन राष्ट्रीय संकट के इस काल में मीडिया की भूमिका नकारात्मक रही। संघ के विरुद्ध अनर्गल और झूठे प्रचार में तत्कालीन प्रचार माध्यम सहायक बने रहे। तब उन्होंने हिंदुस्थान समाचार नाम की भारतीय भाषाओं की संवाद समिति का निर्माण किया। इसके विस्तार के लिए वे विदेश गए।

उस दौरान उनका विश्व भर में कार्य करने गए हिंदू समुदाय के साथ निकट संपर्क आया और देश-विदेश में समस्त हिंदुओं के संगठन की आवश्यकता पर उन्होंने सारगर्भित लेख लिखे। संघ के तत्कालीन प्रमुख श्रीगुरुजी भी उन लेखों से प्रभावित हुए दादा साहेब आपटे जी को ही यह कार्य सौंप दिया। यह कार्य भी उन्होंने बहुत सफलता से किया और 1964 में श्रीकृष्ण जन्माटमी के दिन मुंबई के संदीपनी आश्रम में स्वामी चिंमयानंद जी महाराज की अध्यक्षता में विश्व हिंदू परिषद् की स्थापना हुई। यह आपटे जी के प्रयासों का ही फल था कि 1966 में प्रयागराज कुंभ में पहली विश्व हिंदू परिषद् हुई। जिसमें पहली बार लोगों ने विभिन्न संप्रदायों के आचार्यों को एक मंच पर देखा। माना जाता है हर्षवर्धन के कालखंड के बाद वह पहला अवसर था। जब समस्त संप्रदायों के पूज्य धर्माचार्य एक मंच पर एकत्रित हुए थे। वहीं हिंदुस्थान समाचार बहुभाषी संवाद समिति को पुनरुजीवित करने वाले श्रीकांत जोशी जी इसके संस्थापक दादा साहेब आपटे का स्मरण करते हुए बताते हैं- दादा साहेब आपटे जी के जीवन की दो महानतम उपलब्धियां आज भी भारतीयों के लिए चिर गौरव का कारण बनी हुई हैं। हिंदुस्थान समाचार संवाद समिति और विश्व हिंदू परिषद् की स्थापना उनके युग प्रवर्तक होने का आभास कराती है।

वस्तुत: श्री शिवराम शकर उपाख्य दादा साहेब आपटे का जीवन एक स्वयंसेवक का राष्ट्र समर्पित जीवन था। आपटे जी संघ के एक कर्तव्यवान प्रचारक थे। बहुत कम लोग जानते हैं कि पूरा जीवन देश-दुनिया में यायावार की तरह घूमने और संगठन करने के बाद में जीवन के अंतिम कालखंड में पुणे के कौशिक अवन चले गए थे। उन्होंने यह कौशिक भवन अपने प्रयासों और संसाधनों से निर्मित किया था। उन्होंने यहीं अंतिम स्वांस ली और अब यह कौशिक भवन भी कौशिक आश्रम वन गया है। दादा साहेब आपटे अपने समय के उद्भट विद्वान् थे। अनेक भाषाओं के माता चित्रकार, यया चित्रकार तो वे थे ही। अमर चित्रकथा नामक बच्चों के लिए प्रकाशित होने वाली चित्रकथा की प्रेरणा भी दादा साहेब ने ही दी थी। उनकी पंद्रह से ज्यादा पुस्तके अंग्रेजी व मराठी में प्रकाशित हुई र्थी। लोकमान्य तिलक के मराठी दैनिक में वे नियमित लिखते थे। वेदों की स्थापना करने के लिए वे विश्व के अनेक देशों में गए। ऐसे महान व्यक्तित्व को ठीक से जानना और समझना हो, उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी हो तो डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री की पुस्तक विश्व हिंदू परिषद् के शिल्पी दादा साहेब आपटे अवश्य पढ़नी चाहिए। प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इस कृति में हिंदुस्थान समाचार और विश्व हिंदू परिषद् की स्थापना के साथ आपटे जी के महान जीवन की एक विस्तृत झांकी के दर्शन होते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# कैंसर के प्रति जागरूकता ही बचाव 'विश्व कैंसर दिवस'

विश्व कैंसर दिवस विशेष

यह 4 फरवरी को मनाया जाता है। यह अंतरराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ के नेतृत्व में वैश्विक एकजुट पहल है। कैंसर दुनियाभर में मौत का दूसरा प्रमुख कारण है और कैंसर से होने वाली 70 प्रतिशत मौतें निम्न-से-मध्यम आय वाले देशों में होती हैं। WHO ने कैंसर के शीघ्र निदान के लिए एक गाइड तैयार की है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कैंसर का जल्द पता लगाने से कैंसर से जुड़ी मृत्यु दर को प्रभावी ढंग से कम किया जा सकता है। विभिन्न प्रकार के कैंसर होते हैं, लेकिन भारत के लोगों को प्रभावित करने वाले सबसे आम कैंसर फेफड़े, स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, गर्दन, मस्तिष्क और कोलोरेक्टल कैंसर हैं। यह शरीर में कहीं भी असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि है। कैंसर के कई प्रकार हैं, जिन्हें आमतौर पर उन अंगों या ऊतकों के नाम पर रखा जाता है जहां कैंसर बनता है।



लेखक : दिनेश दमाथीआ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दुनिया में इस बीमारी के सबसे ज्यादा मामले हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, यदि कैंसर की घटनाएं रिपोर्ट की गई दर से बढ़ती रहीं, तो 2040 तक दुनिया भर में कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या 16.3 मिलियन से अधिक हो जाएगी। साथ ही, WHO के अनुसार कैंसर से होने वाली 40 प्रतिशत मौतें रोकी जा सकती हैं। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य कैंसर रोगियों की संख्या को कम करना और इसके कारण होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। साथ ही लोगों को कैंसर के लक्षणों की पहचान करने के तरीके के बारे में जागरूक करना, लोगों को शिक्षित करना, साथ ही सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को दुनियाभर में इस घातक बीमारी से लड़ने में मदद करने के लिए तैयार करना है। इतना ही नहीं, विश्व कैंसर दिवस मनाने का उद्देश्य कैंसर के बारे में गलत धारणाओं को कम करना और लोगों को इसके बारे में सही जानकारी प्राप्त करने में मदद करना है।



इस बीमारी से जुड़े कई मिथक हैं जैसे कि लोग कैंसर के मरीजों के साथ अछूत जैसा व्यवहार करते हैं, उन्हें लगता है कि अगर लोग कैंसर के मरीजों के साथ रहेंगे तो उन्हें भी कैंसर हो जाएगा।

इस तरह की सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इसलिए लोगों को यह जानना चाहिए कि कैंसर के मरीजों को कैसे और किस तरह का इलाज दिया जाता है। कैंसर के मरीजों को सामान्य लोगों की तरह जीने का पूरा अधिकार है और उन्हें आत्मसम्मान महसूस होना चाहिए और उन्हें अपने घर और समाज में सामान्य माहौल मिलना चाहिए। कैंसर की रोकथाम के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठन दुनिया भर में हर स्तर पर विभिन्न शिविर, व्याख्यान और सेमिनार आयोजित करते हैं। कई नीतियां और नियंत्रण उपाय लागू किए जाते हैं। इसके कुछ अन्य कारण भी हैं जैसे धूम्रपान, अधिक वजन, गैर-पौष्टिक आहार, तंबाकू चबाना, व्यायाम न करना आदि। कैंसर के कुछ प्रमुख लक्षण हैं जैसे गला खराब होना, लगातार खांसी आना, खाना खाते समय निगलने में कठिनाई, शरीर में किसी भी तरह की अनियंत्रित गांठ, शरीर के किसी भी भाग से पानी या रक्त का बहना, तिल की वृद्धि बढ़ जाती है और भूख में कमी, बिना किसी कारण के वजन कम होना या बढ़ना, हर समय थकान या आलस्य महसूस होना, पेशाब करने में कठिनाई या दर्द आदि। यह कहना गलत नहीं होगा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए जागरूकता सबसे बड़ी चीज है और कैंसर से बचने के लिए स्वस्थ जीवनशैली और खानपान का होना भी जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**वर्तमान** में बेसहारा पशुओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है हालांकि असल में यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है, क्योंकि आए दिन नए-नए पशु गांवों में बेसहारा घूमते हुए मिल जाते हैं। किसानों को फसल बचाने के लिए रातें खेतों में काटनी पड़ रही हैं। किसानों ने अपने-अपने खेतों में बांस का बाड़ लगाने की कोशिश भी की है, किंतु कोई लाभ नहीं हो रहा है। पशुओं और बंदरों के संयुक्त हमलों से बहुत से खेत वीरान हो चुके हैं। लोगों ने बीजना ही बंद कर दिए हैं। समस्या आजीविका पर सीधे आघात की है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। सरकार अपनी तरफ से प्रयास भी कर रही है, परंतु समस्या काबू नहीं आ रही है तो जाहिर है कि व्यवस्था पर समाधान के प्रयास छोटे पड़ रहे हैं। प्रदेश में कुल गोवंश की संख्या लाखों में है। 2005 में यह संख्या 24 लाख के लगभग थी। यानी पशुपालन के प्रति रुझान कम हो रहा है। **रिंकल, जवाली**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य कलाकार

**बिरजू** महाराज भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य कलाकारों में से एक थे। वे भारतीय नृत्य की 'कथक' शैली के आचार्य और लखनऊ के 'कालका-बिंदादीन' घराने के एक मुख्य प्रतिनिधि थे। ताल और घुंघुरूओं के तालमेल के साथ कथक नृत्य पेश करना एक आम बात है। उन्हें भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' (1986) और 'कालीदास सम्मान' समेत अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। उन्हें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और खैरागढ़ विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की मानद उपाधि भी मिली थी। बिरजू महाराज का जन्म लखनऊ, उत्तर प्रदेश के 'कालका बिंदादीन घराने' में हुआ था। पहले उनका नाम 'दुखहरण' रखा गया था, जो बाद में बदल कर 'बृजमोहन नाथ मिश्रा' हुआ। इनके पिता का नाम जगन्नाथ महाराज था, जो 'लखनऊ खराने' से थे और अच्छन महाराज के नाम से जाने जाते थे। मात्र 16 वर्ष की उम्र में ही बिरजू महाराज ने अपनी प्रथम प्रस्तुति दी और 28 वर्ष की उम्र में कत्थक में उनकी निपुणता ने उन्हें 'संगीत नाटक अकादमी' का प्रतिष्ठित पुरस्कार दिलवाया। उन्होंने लुई बैंक के साथ रोमियो और जुलियट की कथा को कत्थक शैली में प्रस्तुत किया। 83 साल के थे। हार्ट अटैक के बाद देर रात उन्होंने दिल्ली में आखिरी सांस ली। लखनऊ घराने से ताल्लुक रखने वाले बिरजू महाराज के पोते स्वरांश मिश्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए उनके देहांत की जानकारी दी थी। ■



बिरजू महाराज
जन्म : 4 फरवरी, 1938
मृत्यु : 17 जनवरी, 2022

कविता

## आभा



*अनिल शर्मा नील*

*अपनी रोशनी की आभा चहूंओर बिखेरे कांच से बने हुए बल्ब*
*उनींदे से, थके से मौनी अमावस्या से जूझते।*
*अपने अस्तित्व का दावा करते, मोनालिसा सी भूखी प्यासी।*
*काम क्रोध लोभ मोह की हवस में बेचैन आंखें ढूंढती रहती।*
*भक्ति की शरणस्थली, फरेबी भीड़ आस्था की डुबकी में।*
*छुपा रही है अपना असली चेहरा सफेद पीले चंदन की।*
*दिखावटी परत से, अमृत बेला में*
*पावन स्नान को आतुर श्रद्धालु अपने ध्येय से भटक*
*अमानुषता की राह पे कदम धर देते, जयकारों की गूंज से।*
*मची अफरा-तफरी में कुछ चलती फिरती सांसें।*
*अपनों को अंधेरे में छोड़ कर मौन हो गई सदा-सदा के लिए।*
*टूट गया बल्ब इंसानियत की रोशनी बुझ गई, फैल गया*
*अमावस्या का तमआस्था के घर ही आखिर क्यों मचती है भगदड़।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# जीवनभर की कमाई अथवा ऋण लेकर शादियों में दिखावा समझदारी नहीं

हमारे समाज को कुरीतियों ने चारों ओर से बुरी तरह से जकड़ रखा है। लोग अपनी संस्कृति व विरासत को भूलते जा रहे हैं। बस मात्र दिखावा ही रह गया है। बनावटी-नकली जीवन जीने में ही विश्वास किया जा रहा है। विवाह-समागमों में शाही खर्चा किया जा रहा है। इससे निम्न एवं मध्य वर्गीय लोग पिस रहे हैं। उनकी आर्थिक हालत बदतर होती चली जा रही है।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना, हिमाचल प्रदेश

लोग भारी-भरकम ऋण लेकर विवाह समारोह में फजूलखर्च कर अपना ही दिवाला निकलवा रहे हैं। क्यों हो रहा यह सब कुछ? बहुत ही गंभीरतम मसला है। गौरतलब है कि पुरातन समय भला था। दु:ख-सुख में लोग एक दूसरे का साथ देते थे। उनके हित सांझे थे। आपसी भाईचारा था। गांव, शहर व कस्बे में किसी की भी बेटी, बहन की शादी पर परस्पर मिल कर काम करवाते। एक दूसरे के काम में प्रसन्नतापूर्वक हाथ बंटाते। अब वह बात कहां। सब को अपनी-अपनी पड़ी है। प्रत्येक व्यक्ति अपनी समर्था से बढ़कर खर्च कर रहा है। भला, इसका क्या औचित्य है।

सिर्फ औपचारिकता के लिए इतना अधिक खर्च करना कदापि तर्क संगत नहीं कहा जा सकता। पहले-पहल घरों, सराय अथवा गुरुद्धारों, मंदिरों में सादा ढंग से विवाह हो जाते थे। अब वह बात कहां? गत कुछेक वर्षों से मैरिज पलैस कल्चर चल पड़ा है। इससे अब विवाह-शादियों में खर्च इतना बढ़ गया है



कि लोग परेशान रह कर भी विवशतावश दिखावा भी करने लगे हैं।

मैरिज पलैस का किराया, भारी सजावट, डीजे, गीत-संगीत व खाने-पीने के विभिन्न स्टाल इत्यादि से किसी भी साधारण एवं मध्य वर्गीयजन की कमर टूटनी स्वाभाविक है। रिंग समारोह, नोगे अथवा मिलनी भी दिखावे की शादी में शामिल है। बहुत कष्ट होता है जब कोई भारी-भरकम खर्च कर आजीवन खर्च के बोझ तले दब जाता है और अंतत: मौत को गले लगा लेता है। यह है दिखावे की त्रासदी का कड़वा सच। दहेज रूपी अजगर लोगों को डसे जा रहा है। हमारे सामने भीवत्स दृश्य है। दिखावे की शादी से यथासंभव बचना होगा। ऐसी शादियों पर शीघ्रातिशीघ्र अकुंश लगाना जरूरी है। हां, यह बिना समाज की पहल से मुमकिन नहीं है। अत: इस जटिल समस्या का हल शादी के पंजीकरण को अनिवार्य बनाने के लिए कानून बनवाने के लिए पहल की है। सभी लोग धनी नहीं होते। दिखावे की महंगी शादियों के कारण साधारण मनुष्य का कचूमर निकल रहा है।

जीवन भर की जमा पूंजी अथवा ऋण लेकर विवाह-शादियों में दिखावा कोई समझदारी का परिचायक नहीं है। इससे दोनों ही तरफ से किया जाने वाला अधिकाधिक खर्च उन्हें रसातल की ओर ही लेकर जाता है। समझदारी तो इसी में ही है कि पहले ही मिल बैठकर सुनियोजित ढंग से यथासंभव यथोचित कम से कम खर्च कर सादा विवाह समारोह की बात कर ली जाए, तो सोने पर सोहगे वाली बात होगी। ऐसा भी दिखावा क्या करना जो आजीवन आपको पुन: उठना ही न दे। आप हमेशा कर्ज के बोझ तले ही जीवन व्यतीत करते घुट-घुट मरें। अंतत: यही कहा जा सकता है कि सरकारें ऐसा कोई सख्त से सख्त कानून बनाए जिससे दिखावे की शादियों पर रोक लगे। खाने इत्यादि की बर्बादी को रोका जा सके। जहां तक संभव हो तो बरातियों की संख्या भी निश्चित कर दी जाए। आदर्श शादियों को उत्साहित किया जाए। धन के शक्ति प्रदर्शन पर रोक लगे। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि इस दिखावे पर कानून के माध्यम से रोक तभी संभव है अगर देश के सभी नागरिक स्वयंमेव भी एक स्वस्थ-सार्थक पहल करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...

**दैनिक** समाचार पत्र अनंत ज्ञान ने केंद्रीय बजट को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। इसी तरह अन्य महत्वपूर्ण विषयों को उजागर करने में समाचार पत्र सार्थक भूमिका निभा रहा है। समाचार पत्र का लेआउट अन्य समाचार पत्रों से बेहतर दिखता है। समाचार पत्र सामाजिक मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दैनिक अनंत ज्ञान ने कम समय में ही जो अपनी पहचान बनाई है वह सराहनीय है। इसमें हर प्रकार के लेख, समाचार, गांव से संबंधित सामग्री, धर्म और स्वास्थ्य जैसे विषय आकर्षित करते हैं। क्योंकि पाठकों को ऐसी ही सामग्री अच्छी लगती है। इसी लगन व मेहनत से अनंत ज्ञान भविष्य में स्तरीय पन्नों में स्थान पाएगा। ऐसी मेरी अपेक्षा है। मैं अनंत ज्ञान टीम के स्वर्णिम भविष्य की कामना करता हूं।



**डॉ. दमन आहूजा, सोलन**
**मोबाइल-98166-74020**

**मैं** जिला ऊना के धुंदला ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में लावारिस पशुओं के अलावा नशा खोरी और अन्य तमाम तरह की समस्याएं हैं। इसके अलावा मुख्य मार्ग पर वाहनों की ओवर स्पीड, अवैध खनन और वन माफिया की समस्या प्रमुख है। बंदरों के कारण कई लोग अब कृषि से पीछे हटने लगे हैं। सिंचाई की सुविधा भी नहीं है। इसके कारण लोग मात्र प्राकृतिक खेती पर ही निर्भर हैं। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी अधिक हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा एजेंसी भी जाना पड़ता है। अनंत: ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो डोहगी, वैरी हटली, ननावीं जखोला, भुगड़ियान आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। यहां जंगली जानवरों की वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।



**देव प्रकाश ( धुंदला, ऊना )**
**मो. 9805013577**

**मैं** जिला मंडी के भीम बसेड़ू राजपूत का रहने वाला हूं। मुझे शब्द साधक बनाने में अनंत ज्ञान का संपादक मंडल अमूल्य योगदान दे रहा है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनंत ज्ञान अखबार में छपी तमाम तरह की सामग्री पढ़कर फिर एक बार देशभक्ति का रंग चढ़ गया और खासकर तब जब राष्ट्रीय कार्यक्रम गणतंत्र दिवस की कवरेज 28 जनवरी को पढ़ने को मिली। हां एक बात जरूर है कि 26जनवरी को विज्ञापन अधिक होने के कारण दो; तीन -तीन जिलों को मिलाकर इकटठी कम खबरें छपी। कृपया ऐसे अवसर पर छापे जाने वाले विज्ञापनों के लिए अलग पृष्ठ लगाने का प्रयास करें और खबरों सहित रूटीन में अन्य छापी जा रही विविध सामग्री भी उसी प्रकार लगाने का प्रयास करें, इससे जागरूक पाठक का अखबार की प्रति दिलचस्पी बनी रहेगी।। बाकी अंदर के पन्नों पर पढ़ें यह सब मुख पृष्ठ पर किनारे ही सही लेकिन बीच में मोटे-मोटे शब्दों में आई कैचर आदि लगाकर रंगदार प्रकाशित करें। ओपिनियन में आपने जो प्रकाशक/संपादक का नाम अता पता इत्यादि छापा होता है यह सब एकदम नीचे छापें और इस स्थान पर स्टैंप साइज फोटो के साथ डायरी के पन्नों से छापें जिसमें चार-छह पंक्तियां हो सकती हैं। खासकर हिंदी तथा पहाड़ी में। खास मौकों पर अनंत ज्ञान के मुख पृष्ठ पर की जाने वाली सजावट ध्यान खींच कर रखती है। कोशिश करें कि स्वरोजगार और रोजगार से संबंधित सरकारी व नीजि क्षेत्र के समाचारों को भी अपने अखबार में स्थान मिले ऐसे में और अधिक पाठक जुड़ेंगे। यानी अनंत ज्ञान अखबार की प्रसार संख्या बढ़ेगी। कृपया ऐसा कुछ और कर गुजरें, जिससे कि अनंत ज्ञान की खूब तरक्की हो।



**भीम बसेड़ू राजपूत, मंडी**
**मो. 9816129019**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. : 88945-21702 व 80914-50407***

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## पुलिस ने दो मामलों में 7 ग्राम हेरोइन, 438 ग्राम चरस और 25 हजार रुपए किए बरामद

# हेरोइन सप्लाई के दो किंगपिन गिरफ्तार

**उमेश, सुंदरनगर**

जिला मंडी पुलिस की हेरोइन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। पहले मामले में पुलिस ने बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर क्षेत्र में हेरोइन बेचने वाले किंगपिन पर बड़ी कार्रवाई अमल में लाई है। वहीं दूसरे मामले पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत डैहर चौकी के पुलिसकर्मियों ने बस से अलसू चौक पर एक आरोपी से 438 ग्राम चरस बरामद की है।

पहले मामले में बीती देर रात बीएसएल पुलिस कॉलोनी की टीम ने हेड कांस्टेबल भानु शर्मा के नेतृत्व में बीएसएल न्यू कॉलोनी के तहत दो आरोपियों को 7 ग्राम हेरोइन की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने आरोपियों से हेरोइन बेच कर कमाई गई 25 हजार रुपए की नकदी भी बरामद की है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीएसएल पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम हेड कांस्टेबल भानु शर्मा के नेतृत्व में गश्त पर बीबीएमबी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान दो लोग पुलिस टीम को देखकर घबरा गए और उनके पास मौजूद एक बैग को साथ में मौजूद नाली में फेंक दिया। पुलिस टीम ने दोनों लोगों को पकड़ कर बैग को चेक किया तो बैग से 7 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

### एसपी बोलीं-नशा तस्करी में संलिप्त लोगों पर पुलिस रख रही पैनी नजर

पुलिस ने आरोपियों से बरामद बैग की चेकिंग में हेरोइन बेच कर कमाए गए 25 हजार रुपए के करंसी नोट भी बरामद किए हैं। आरोपियों की शिनाख्त अनिल कुमार(33) पुत्र बलराज कुमार जिला रूपनगर पंजाब और सुनिल दत्त(42) पुत्र वेद प्रकाश गांव व डाकघर श्री नैणा देवी जिला बिलासपुर के तौर पर हुई है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को बरामद हेरोइन और करंसी के साथ गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि बीएसएल पुलिस थाना टीम ने दो आरोपियों को 7 ग्राम हेरोइन और 25 हजार रुपए की करंसी सहित गिरफ्तार किया है।

### डैहर के अलसू चौक पर 438 ग्राम चरस बरामद

**पुलिस** थाना सुंदरनगर के तहत पुलिस चौकी डैहर ने रविवार देर शाम नाके के दौरान अलसू चौक में हरियाणा रोडवेज की बस में सवार हमीरपुर जिला निवासी एक युवक को 438 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस टीम ने मंडी की ओर से आई हरियाणा रोडवेज की बस को पुलिस ने जांच के लिए रोका। बस में सवार यात्रियों की तलाशी के दौरान पुलिस ने एक युवक अक्षय कुमार(32) पुत्र करनैल सिंह गांव समोह डाकघर बनी तहसील बडसर जिला हमीरपुर से 438 ग्राम चरस बरामद की। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने चरस बरामद करने की पुष्टि की है।



### तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, महिला घायल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने और लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। घटना में एक महिला घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

जानकारी अनुसार कर्म सिंह पुत्र कातकु गांव और डाकघर नागचला तहसील बल्ह जिला मंडी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह नागचला के पास सब्जी की दुकान करता है। टेकचंद व कुंता देवी रोड पार कर रहे थे तो नेरचौक की तरफ से एक मोटरसाइकिल नंबर एचपी82ए-4102 का चालक तेज रफ्तारी व लापरवाही से आया और कुंता देवी को टक्कर मार दी, जिससे सिर व टांगों में चोटे आई है। यह हादसा मोटरसाइकिल चालक की तेज रफ्तारी और लापरवाही से हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू की दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस जांच कर रही है।

### संधोल केंद्रीय विद्यालय के अध्यापक ने की खुदकुशी

**रितेश, सरकाघाट।** केंद्रीय विद्यालय संधोल के एक अध्यापक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर खुद को ही मौत को अपने गले लगा लिया।

अध्यापक की पहचान गोपाल चंद (32) पुत्र किरण चंद के रूप में हुई है जो पूर्वी दिल्ली का निवासी है। ये अध्यापक पिछले चार वर्षों से यहां अपनी सेवाएं दे रहा था। ये डिप्रेशन का शिकार भी बताया जा रहा था, जिसके चलते वो पिछले 2 माह से छह माह की मेडिकल लीव पर गया था, लेकिन शुक्रवार को वो संधोल आया था और शनिवार रात के बाद जब उसने अपना कमरा नहीं खोला तो आसपास के अन्य लोगों उसे आवाज लगाई तब पता चला कि वो अपनी चादर से अपने गले में फंदा लगाकर पंखे से झूलता दिखा। उन्होंने स्थानीय पुलिस को सूचित किया।

रविवार देर रात पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तो उन्होंने उनके दिल्ली स्थित उनके परिजनों को बुलाया। सोमवार सुबह उनके परिजनों के समक्ष ही पुलिस ने उसे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए सरकाघाट भेज दिया। डीएसपी संजीव सूद ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर उनके परिजनों को सौंप दिया है।

## महिलाओं ने पानी की समस्या को लेकर विभाग को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**



ज्ञापन सौंपते हुए डहणू पंचायत के लोग।

बल्ह उपमंडल की ग्राम पंचायत डहणू में गत दो साल से चली आ रही पेयजल की समस्या को लेकर गांव की महिलाओं ने जल शक्ति विभाग को ज्ञापन सौंपा है।

हालांकि विभाग की ओर से महिलाओं की पेयजल समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया है। ग्राम पंचायत डहणू के महिला मंडल की प्रधान तामेश्वरी देवी ने बताया कि 2014 में बनी पेयजल योजना वर्ष 2023 में आई आपदा में योजना का बोर वैल व पंप हाउस आपदा की भेंट चढ़ गया था।

गत दो साल से विभाग जुगाड़ू तरीके से दूसरी योजनाओं के पानी से डहणू की जनता की आंखों में धूल झोंकता आ रहा है, जिससे पंचायत की जनता को तीसरे दिन पानी दिया जा रहा जो कि ऊंट के मुंह में जीरा डालने वाली बात है। डहणू एक पहाड़ी बहुल पंचायत है। विभाग की पेयजल योजना के अलावा लोगों को पेयजल का अन्य कोई विकल्प नही है।

पंचायत उपप्रधान देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि योजना की मेन की लाइन को मैसड़ा खड़ के बीचों बीच से बिछाया गया है, जो हर साल बरसात में भारी बारिस में बह जाती है। फिर विभाग हर साल लाखों रुपए खर्च कर दोबारा पाइप लाइन विछाता है जो इसका स्थाई समाधान नहीं है।

सुंदरनगर स्थित जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता रोहित दुब्बे ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि डहणू पंचायत के लोगों की पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान कर दिया जाएगा।

## शिक्षा उपनिदेशक प्राइमरी से मिला अध्यापक संघ

**कविता, पधर**

राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ सोमवार को जिला अध्यक्ष दया राम ठाकुर की अध्यक्षता में शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक हरि चंद से मिला और अध्यापकों से संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान डिप्टी डीईओ विजय गुप्ता, दिनेश कुमार अधीक्षक ग्रेड -1 सी एंड वी, वरिष्ठ सहायक महेश कुमार भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष दया राम ठाकुर ने बताया कि समस्या माध्यमिक स्कूलों से कला एवं शिल्प अध्यापक और शारीरिक अध्यापकों के युक्तिकरण के बारे में विस्तार से चर्चा हुई और सी एंडवी अध्यापकों को 20 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने के उपरांत मिलने वाली दो विशेष वेतन वृद्धियां का समाधान माह की 20 तारीख को होना सुनिश्चित हुआ है। शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक मंडी का कहना है कि जो कार्य उनके अधिकार क्षेत्र के हैं उन समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। वहीं शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक मंडी ने विश्वास दिलाया कि समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा ।

## न्यूज ब्रीफ

### पेयजल पाइप टूटने से सड़क पर फैल रहा पानी



**अनंत ज्ञान, महादेव।** ग्राम पंचायत महादेव के सरकारी प्राइमरी स्कूल मंदिर महादेव की सड़क पर से गुजरती पाइप के टूटने से सारे का सारे पानी का रिसाव सड़क पर होने से कई दिनों से पानी व्यर्थ बह रहा है। ऐसी स्थिति में संबंधित विभाग पानी के हो रहे भारी रिसाव को बंद करने के लिए गंभीर नहीं दिख रहा है जिससे स्कूल में पेयजल संकट होना स्वाभाविक सी बात है क्योंकि जल शक्ति विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों का कहना है कि प्राइमरी स्कूल के पेयजल पाइप सड़क के ऊपर से जा रही है जिससे आते जाते वाहन लगातार टकराते रहते हैं जिससे आज यह नौबत आई है और रोजाना पानी व्यर्थ में बह रहा है जिससे स्कूली बच्चे पानी की भारी कमी से जूझ रहे हैं। लोगों ने संबंधित विभाग व सरकार से समस्या समाधान करने की मांग की है।

### किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग सुंदरनगर के वृत्त हाड़ा बोई के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल दोघरी में सोमवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किशोरी मेले का आयोजन किया गया। इसमें वृत्त हाड़ा बोई के पर्यवेक्षक संजय कुमार ने किशोरियों को इस योजना से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके स्वास्थ्य विभाग से मीना देवी ने भी किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र ने स्कूल की किशोरियों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम के आयोजन पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया।

### कार्यक्रम में माताओं और बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** रिवालसर में समग्र शिक्षा के तहत प्री-प्राइमरी कक्षाओं के लिए 'पहली शिक्षक मां' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में एपीएमसी अध्यक्ष जिला मंडी संजीव गुलेरिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के संयोजक अतुल कडोहता कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षा खंड रिवालसर के अंतर्गत 56 स्कूलों के बच्चों व उनकी माताओं तथा शिक्षकों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने कहा कि बच्चे की पहली शिक्षक मां होती है और इसको लेकर प्रदेश की सुक्खू सरकार ने 'पहली शिक्षक-मां' कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभावान बच्चों व उनकी माताओं को सम्मानित भी किया। इस मौके पर तहसीलदार रिवालसर, अध्यक्ष नगर पंचायत रिवालसर सुनीता गुप्ता, प्राथमिक खंड शिक्षा अधिकारी सुखिया राम, पीटीएफ प्रधान जितेंद्र ठाकुर, प्रधानाचार्य नित्यानंद आदि मौजूद रहे।

### स्किल प्रतियोगिता में चमकीं कन्या स्कूल की छात्राएं

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला मंडी की छात्राओं ने डाइट में आयोजित जिला स्तरीय स्किल प्रतियोगिता में भाग लिया। कन्या विद्यालय की छात्राओं ने मॉडल प्रतियोगिता के हेल्थ केयर विषय में बनाए गए मॉडल में आन्या व आकांक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिटेल विषय में स्नेहा व पलक के मॉडल जिला भर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एक अन्य प्रतियोगिता वीर गाथा में विद्यालय की कक्षा जमा एक की अनु कुमारी ने कविता प्रतियोगिता में जिला भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अनिल कटोच ने बताया कि इन मॉडल को बनवाने में अध्यापिका में रिद्धिमा व निशा का योगदान रहा है। इन छात्राओं को मुख्य अतिथि अपूर्व देवगन के हाथों स्मृतिचिन्ह व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

### नलसर में दो दुकानों के ताले तोड़ नकदी उड़ा ले गए चोर

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** नलसर कस्बे में दो दुकानों के ताले तोड़ चोर कुछ नगदी चुरा ले गए हैं। जानकारी के अनुसार नलसर में नैना सब्जी विक्रेता के नाम से दुकान करने वाला सुमेश अपनी दुकान पहुंचा तो उसकी दुकान के लॉक टूटे हुए थे और शटर आधा खुला हुआ था। अंदर जाकर उसने देखा तो गले से कुछ नकदी चोर ले गए थे। इसके साथ एक टी स्टॉल जो कि हरनाम सिंह ठाकुर का कहना है कि टी स्टाल के ताले तोड़ने का भी चोरों ने प्रयास किया लेकिन चोर शटर नहीं खोल पाए। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों की शिकायत दर्ज की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो एक व्यक्ति दुकान के आसपास घूमता हुआ नजर आ रहा है। थाना प्रभारी करण सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है जिसके आधार पर छानबीन की जा रही है।

### दुकानदारों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर निगम मंडी के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा नगर निगम कार्यालय के नजदीक सब्जी मंडी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अंदर और बाहर बैठे सभी सब्जी विक्रेताओं के लाइसेंस इत्यादि चेक किए गए। इसमें अधिकतर लाइसेंस संतोषजनक नहीं पाए गए। इन दुकानदारों द्वारा अपना सामान अनाधिकृत तरीके से अपनी दुकान के बाहर रखा था, जिसे अतिरिक्त आयुक्त के आदेश अनुसार टीम द्वारा जब्त कर लिया गया और न मानने पर पांच लोगों के चालान भी किए गए।

सब्जी विक्रेता नगर निगम के कार्यालय के गेट पर बैठे हैं, उन्हें आयुक्त द्वारा एक दिन की मोहलत दी गई है, ताकि वह अपना सामान बेच सकें ।

## सरस्वती विद्या मंदिर संधोल में बसंत पंचमी धूमधाम से मनाई



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरस्वती विद्या मंदिर संधोल में बसंत पंचमी का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया, इसमें सरस्वती माता का पूजन, 8 बच्चों का विद्या आरंभ संस्कार, मातृ पितृ पूजन, समर्पण कार्यक्रम, अभिभावक खेल प्रतियोगिता व अभिभावक सम्मेलन रहा।

इस दौरान प्रतियोगिता प्रथम स्थान पर किरण देवी और द्वितीय स्थान पर कुलजीत कौर रही। प्रधानाचार्य रापुजन अत्री चंदेल ने भी इस मौके पर स्टाफ सहित पूजा अर्चना की और इस मौके पर छात्रों और अभिभावकों को इस बसंत पंचमी के महत्व को समझाया। इस मौके पर प्रबंधक होशियार सिंह भरमौरिया, उपाअध्यक्ष अर्जुन सिंह, सदस्य बलि राम आदि मौजूद रहे।

### केंद्रीय बजट में हिमाचल को किया निराश : संजीव

**अनंत ज्ञान, मंडी।** संजीव गुलेरिया ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि बजट में पहाड़ी राज्यों विशेष तौर पर हिमाचल के हितों की पूरी तरह अनदेखी की गई है।



संजीव ने कहा कि प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिये केंद्र सरकार ने प्रदेश को कोई भी आर्थिक नही दी और न ही आगामी बजट में प्रदेश को कोई नई विकास योजना ही दी है। प्रदेश के सेब बागवानों किसानों को भी कोई राहत इस बजट में नही है। बजट में कांग्रेस शासित राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है जबकि बिहार को विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उसे बजट में प्रमुखता दी गई है।

## हर्बल गार्डन में आयुर्वेदिक दवाओं के दुष्प्रभाव और गुणवत्ता पर कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र पंडोह की प्रभारी डॉ. विनीता नेगी और उनकी टीम ने हर्बल गार्डन में एक कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यशाला में आयुर्वेदिक दवाओं के दुष्प्रभाव और उनकी गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. विनीता ने बताया कि आयुर्वेदिक औषधियों के दुष्प्रभाव 77.8 प्रतिशत मामलों में डॉक्टर की गलत पर्ची (प्रिस्क्रिप्शन) से, कुछ प्रतिशत फार्मासिस्ट की लापरवाही से, 1 प्रतिशत दवाओं के अनुचित भंडारण से, और अन्य मामलों में गलत सेवन एवं निगरानी की कमी के कारण होते हैं। इस अवसर पर उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी जोगिंद्रनगर डॉ. रक्षक पॉल, एसडीएमओ जोगिंद्रनगर डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. नीलम कुमारी, डॉ. रश्मि, डॉ. रितिका, डॉ. इंदुबाला, डॉ. मंजुला मनहास, डॉ. संदीप, डॉ. साहिल, डॉ. सुशील, डॉ. रीना कालिया, डॉ. शिल्पा, डॉ. संजय, डॉ. रंजन, डॉ. बिंदु, डॉ. शबनम, डॉ. रीना कटवाल, डॉ. रजनी, डॉ. दिव्यांशु, डॉ. निशांत और डॉ. ऋतु सहित कई चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने आयुर्वेदिक औषधियों के सुरक्षित उपयोग और उनकी गुणवत्ता बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा की।

## बड़ाग्रां शाखा में पोस्टमास्टर का पद खाली

**रूपी ठाकुर, बरोट**

उपडाकघर के तहत पड़ने वाले बड़ाग्रां शाखा पोस्टमास्टर की दस जनवरी को सेवानिवृत्ति होने के बाद यह पद खाली ही चला हुआ है। जिस कारण इस शाखा के अंतर्गत आने वाले लोगों को अपना कार्य करवाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

विभाग द्वारा इस शाखा का कार्य निपटाने के लिए कोठी कोहड़ से बरोट तक कार्यरत पोस्टमैन की ड्यूटी लगाई हुई है तो बड़ाग्रां से कोठी कोहड़ तक कार्यरत पोस्टमैन की ड्यूटी कोठी कोहड़ व बड़ाग्रां शाखा की उपडाकघर बरोट से डाक लाने व पत्र आदि वितरित करने के लिए लगा रखी है। इस कारण न केवल उस पोस्ट मेन को दो-दो शाखाओं की डाक लाने व दोनों शाखाओं के अंतर्गत आने वाले लगभग दस गांवों में पत्र आदि वितरित करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

उप डाकघर बरोट की शाखा बड़ाग्रां पर आश्रित बड़ाग्रां के लोगों में जसवंत सिंह, सुनील दत्त, मिलाप चंद, प्यार चंद, मान सिंह, ईश्वर सिंह आदि ने विधायक किशोरी लाल तथा प्रदेश व केंद्र सरकार से मांग की है कि लोगों की सुविधा के लिए बड़ाग्रां शाखा में खाली हुए शाखा पोस्ट मास्टर के पद को तुरंत भरा जाए।

### आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता विद्युत मंडल मंडी के सहायक अभियंता विनीत ने सूचित किया है कि 4 फरवरी को 132 केवी कांगू बजौरा डी/सी ट्रांसमिशन लाइन की आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

जिस पर विद्युत उपमंडल नंबर 2, साईगलू व कटौला उपमंडल के तहत आने वाले क्षेत्र गुटकर, बेहना, मलोरी, चडयारा, केहनवाल, सौलीखड्डु, दुदर, नेला, शिल्लाकीपर, मझवार, सयारी, रखून, पूखर, धुंआदेवी, गुला, चंबी, देवधर, मराथु, तल्याहड़, रंधाड़ा, गजनोहा, तांदी, जनेड़, अलाथु, निचला लोट, बग्गी कटौला इत्यादि क्षेत्रों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

## स्वामी राममुनि भीमगौड़ा को बनाया महामंडलेश्वर

**अनंत ज्ञान, पंडोह**



महामंडलेश्वर बनाए गए श्रीश्री 1008 स्वामी राममुनि भीमगौड़ा हरिद्वार।

भारतवर्ष के प्रयागराज महाकुंभ में श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण की छावनी में अखाड़े के पंच परमेश्वर और संत महापुरुषों की उपस्थिति में चादर पोशी कर संत मंडल आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राममुनि महाराज, हरिद्वार को महामंडलेश्वर बनाया गया।

श्री महंत महेश्वर दास, मुखिया महंत दुर्गादास ने कहा कि संतों की वाणी में दिव्यता और शांति होती है, मां सरस्वती का आशीर्वाद संतों के शब्दों में वास करता है। संतों का कथन सच्चाई, ज्ञान और भक्ति से ओत-प्रोत होता है और यह सब मां सरस्वती की कृपा से संभव होता है। महामंडलेश्वर स्वामी कपिल मुनि, महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश और महामंडलेश्वर स्वामी हरी चेतनानंद महाराज ने कहा कि हम नवनियुक्त महामंडलेश्व को शुभकामनाएं देते हैं।

इस अवसर पर महंत रामनौमी दास, महामंडलेश्वर स्वामी कपिल मुनि, महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, महंत राघवेंद्र दास, महंत गोविंद दास, महंत कमल दास, महंत प्रेमदास, महंत जयेंद्र मुनि, महंत जसविंदर सिंह, महंत देवेंद्र सिंह, श्री महंत महेश्वर दास, जगतार मुनि जी, सुंदर दास जी हरिहर आश्रम, स्वरूपदास जी बाराबंकी, कल्याण दास जी, सतनाम दास जी, रमन मुनि जी, शिव दास जी, कृष्णा दास जी सहित आदि मौजूद थे।

## खो-खो विश्व कप विजेता खिलाड़ी नीता का स्वागत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



नीता राणा को सम्मानित करते हुए संघ के सदस्य।

जनवरी माह में आयोजित पहले खो-खो विश्व कप में भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम रोशन किया है। इसमें भारतीय टीम का हिस्सा रही कुल्लू की नीता राणा का सोमवार को सुंदरनगर पहुंचने पर हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ ने स्वागत किया।

इस मौके पर हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर ने नीता राणा को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि पहले खो-खो विश्व कप में भारत ने स्वर्ण पदक जीता और इस टीम में हिमाचल की नीता भी सदस्य थी।

अभिषेक ठाकुर ने कहा कि संघ जल्द ही मुख्यमंत्री, खेल मंत्री व खेल सचिव से मिलकर नीता राणा को सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि और सरकारी नौकरी देने का आग्रह करेगा।

इस मौके पर भारतीय खो-खो टीम के अभ्यास कैंप में भाग ले चुके हंसराज और नीता राणा के कोच गुरुचंद व संदीप को भी खो-खो संघ ने सम्मानित किया गया।

### सरस्वती स्कूल नलसर में किया हवन-यज्ञ

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** आर्य समाज के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर नलसर में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

आर्य समाज सुंदरनगर कॉलोनी व महिला आर्य समाज सुंदरनगर कॉलोनी की ओर से आर्य समाज की चारदीवारी से बाहर निकल कर गांव-गांव व पाठशालाओं में जा कर वेद प्रचार-प्रसार का कार्य करेंगे। आर्यसमाजी प्रभात आनंद ने बताया कि बच्चों को सरस्वती की शिक्षा की ओर लौटने का संदेश दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## सुंदरनगर के नलवाड़ मेला स्थल की हालत खस्ता

**भीम बसेड़ू, महादेव**

नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत नागौण खड्डु (लिंडी खड्डु) जहां हर वर्ष चैत्र मास को पशु मेला नलवाड़ लगता है जो दूर-दूर तक प्रसिद्ध है, मगर इस स्थल की खस्ताहाल देख लगता है कि यह राम भरोसे है जिसकी कई असुविधाओं के चलते सुध नहीं ली जा रही है।

एक बड़ा भाग अवैध कब्जों की मार झेल रहा है वहीं जगह-जगह शराब की बोतलें बिखरी पड़ी हैं। वहीं सार्वजनिक शौचालय में गंदगी से भरे होने सहित कूड़ा इस जगह को प्रदूषित रहा है।



लोगों का कहना है कि मेले के इस स्थान को सुधारने की जरूरत है। नगर परिषद व प्रशासन को चाहिए कि वह शीघ्र ही इस दिशा में एक्सरसाइज करें।(अनंत ज्ञान)

## फैसला

## निमंत्रण पत्र से मंडी कलम को घर-घर पहुंचाने का प्रयास : अपूर्व देवगन

# मंडी कलम शैली से तैयार पत्र से देवी-देवताओं को दिया जाएगा निमंत्रण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

इस साल 25 फरवरी से 5 मार्च 2025 तका मंडी सैहरा अंतरराष्ट्रीय सिवरात्रि महोत्सव मनाणा लाईरा। तुस्सा सभी के हाथ जोड़ी के अरज हई कि मेले मंझा पुराणे रीति रवाजानुसार आईके सोभा बधाणी होर तुस्सा रे दरसन कठ्ठे आईरे सभी जातरूआं जो आपणा आसीरवाद देणा।

श्री 108 माधोराय जी हरसाल तस्सारे दरसन करीके आसे सभी सुखी रैहें। ऐस्सा साला भी सिवरात्रि मेले मंझा आओणे री किरपा होर आसा सभी परा आपणी किरपा दरिस्टी रखणी।

इन मंडयाली शब्दों के साथ 16 वीं शताब्दी से लेकर 18वीं शताब्दी तक प्रचलित मंडी कलम शैली पहाड़ी लघु चित्रकला श्रृंखला के अनुरूप आर्ट वर्क के साथ प्रकाशित निमंत्रण-पत्र उपायुक्त एवं अध्यक्ष शिवरात्रि मेला कमेटी अपूर्व देवगन ने आज यहां से लांच किया।




अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, संयोजक देवता उपसमिति शिवरात्रि मेला एवं एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी मंडी हरीश शर्मा, जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक, चित्रकार राजेश कुमार उपस्थित रहे।

निमंत्रण पत्र तैयार करने में मंडी कलम को पुनर्जीवित करने वाले प्रसिद्ध चित्रकार राजेश कुमार, जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक, सहायक उपायुक्त कुलदीप सिंह पटियाल, उपायुक्त कार्यालय के विजय, राजेश और सुरेश, वरिष्ठ नागरिक विनोद वहल, अनिल शर्मा और जगदीश कपूर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### निमंत्रण पत्र में दिखेगा राजसी ठाठ बाट

**उपायुक्त** ने बताया कि देवी-देवताओं को भेजे जाने वाले निमंत्रण पत्र के माध्यम से राजा सिद्धसेन के समय 16वीं शताब्दी से 18वीं शताब्दी तक प्रचलित मंडी कलम के प्रारूप और स्वरूप को घर-घर पहुंचाने का प्रयास किया गया है। निमंत्रण पत्र में उस दौर के राजसी ठाठ बाट को दिखाने का प्रयास किया गया है। निमंत्रण पत्र में लाल, हरा, नीला, पीला और सुनहरे रंगों से सजी इसकी कलर थीम मंडी कलम को दर्शाती है।

### ठेठ मंडयाली भाषा में कार्ड किया तैयार

**उपायुक्त** ने बताया कि कार्ड में मंडी नगर की ठेठ मंडयाली भाषा का इस्तेमाल कर तैयार किया गया है। कार्ड को रॉयल रूप देने के लिए इसमें 250 जीएसएम का पेपर, लिफिंग तकनीक इस्तेमाल की गई है। राजेश ने बताया कि निमंत्रण पत्र के चित्रों में भगवान शिव और माता पार्वती के ब्याह का सीधे सादे रंग से चित्रण किया गया है जो सादगी को दर्शाता है और साथ में देवी-देवता खड़े अपनी भागीदारी दिखा रहे हैं। बीच में शिव के वाहन नंदी व पार्वती के वाहन चीता इकट्ठे दिखाया गया है, जो आपस में प्रेम से रहना दर्शाता है।

## ज्योतिष शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



अपेक्स यूनिवर्सिटी, जयपुर और पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान, जयपुर-जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाल बालाजी ज्योतिष ज्ञान महोत्सव-अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रोलॉजी कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ पूर्व सांसद एवं राज्यमंत्री ओंकार सिंह लखावत ने किया।

उद्घाटन समारोह में अपेक्स यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. रवि जूनीवाल, कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु, आयोजन सचिव डॉ. अनीष व्यास सहित देश-विदेश के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ओंकार सिंह ने कहा कि भारतीय ज्योतिष परंपरा अत्यंत समृद्ध है और इसका उपयोग करके जीवन की कई समस्याओं का समाधान संभव है। कॉन्फ्रेंस में विभिन्न ज्योतिषाचार्यों ने समाज में बढ़ते विवाह विच्छेद और इसके समाधान पर चर्चा की। प्रसिद्ध ज्योतिषी डॉ. खेमराज शर्मा ने विद्यार्थियों को सूर्योदय पूर्व उठकर सूर्य को अर्घ्य देने की सलाह दी।( अनंत ज्ञान)

### शिक्षा और करियर में ग्रहों की भूमिका पर मंथन

कॉन्फ्रेंस में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, इंदौर, कानपुर, लखनऊ, हिमाचल प्रदेश और गुजरात सहित अन्य राज्यों के ज्योतिषाचार्यों ने वैदिक ज्योतिष, हस्तरेखा, टैरो कार्ड रीडिंग, लाल किताब, केपी पद्धति, अंक गणित और वास्तु शास्त्र पर चर्चा की। शिक्षा और करियर में ग्रहों की भूमिका पर विचार-विमर्श हुआ।

### सम्मानित किए विद्वान ज्योतिषी

संयोजक रंजीता व्यास एवं सह संयोजक नीतिका शर्मा ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के विद्वानों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा और कैप्टन लेखराज शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### जरूरतमंदों के लिए एंबुलेंस सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत माता सीता देवी चेरिटेबल ट्रस्ट ने समाज के लिए नई पहल शुरू की है। ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के लिए एंबुलेंस सेवा शुरू की है। ट्रस्ट के चेयरमैन राम प्रकाश ने बताया कि अगर किसी भी व्यक्ति को किसी भी अपातकाल स्थिति में हॉस्पिटल या पुलिस स्टेशन जाने के लिए वाहन की जरूरत हो तो वह संस्था के नंबर 8700165089 पर संपर्क कर 24 घंटे 7 दिन सेवा का लाभ ले सकता है।

### सड़क सुरक्षा क्लब ने चालकों को जागरूक किया

**विनोद शर्मा, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा क्लब के सौजन्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी विद्यार्थियों को मिल सके, इस के लिए विद्यालय में चित्र कला, पोस्टर बनाना, नारा लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को विद्यालय में अनिल ठाकुर प्रधानाचार्य, अनिल कुमार उपप्रधानाचार्य, राजीव डोगरा प्रभारी, रोड सेफ्टी क्लब बुधान व स्कूल प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार, प्रवीण शर्मा, चमन लाल डीपीई, सतीश कुमार, राकेश कुमार, अंबिका रानी व समस्त शिक्षक मौजूद रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पूर्णतः पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन का दायित्व मनोज कुमार ने बड़ी संजीदगी से निभाया। स्कूल के उपप्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि नाबालिक बच्चे यानी 18 साल से कम उम्र के बच्चे बिल्कुल भी किसी प्रकार के वाहन का प्रयोग न करें। (अनंत ज्ञान)

### बंगाणा में मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा 8 को

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** मानव कल्याण समिति के सौजन्य से पांचवी कक्षा में पढ़ रहे छात्रों के लिए मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा आठ फरवरी को आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में आयोजित की जा रही है। परीक्षा में गणित, हिंदी और सामान्य ज्ञान, के 80 अंक के प्रश्न पूछे जाएंगे। मानव कल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा में कई स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन हेतु उचित राशि देकर सम्मानित भी किया जाएगा। प्रवीण शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में बौद्धिक विकास की वृद्धि होगी, ताकि हमारा समाज शिक्षित और सुदृढ़ एवं नशा मुक्त हो। परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्कूल के विद्यार्थी को 1000 रुपए, द्वितीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थी को 800 रुपए और तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी को 600 रुपए का इनाम दिया जाएगा। इस परीक्षा के आयोजन से स्कूल के विद्यार्थियों में उनकी शैक्षिक क्षमता को अपनी प्रतिभा दिखाने का बहुत ही बढ़िया अवसर मिलेगा और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा भी मिलेगी। समिति ने छात्रों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

### विद्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया



**अनंत ज्ञान, ऊना।** विद्यालय परिसर में अग्नि, पृथ्वी, वायु, आकाश और जल सदनों के सदस्यों एवं यूथ और ईको क्लब के द्वारा पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सभी समन्वयकों (को-ऑर्डिनेटर्स) की देखरेख में किया गया। प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने क्लब के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और सभी छात्रों से आग्रह किया कि वे इन पौधों की देखभाल करें तथा समय-समय पर उन्हें पानी दें।

# भगवान की शक्ति से हुई संसार की उत्पत्ति : कुमार स्वामी

## ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी ने ऊना के कोटलाकलां बाबा बाल आश्रम में की प्रवचनों की वर्षा, सैकड़ों श्रद्धालु नतमस्तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण नहीं होते तो संसार ही नहीं होता। भगवान द्वारा ही सृष्टि का निर्माण किया गया है। भगवान हर कण में विद्यमान हैं। उनके नाम का स्मरण संसार का प्रत्येक व्यक्ति अलग-अलग तरीके से करता है। वह शक्ति एक है जिसके नाम अनेक हैं। कुछ भी पुकार लो सर्वशक्ति एक ही श्री हरि ही हैं।

ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी सोमवार को ऊना के कोटलाकलां बाबा बाल आश्रम में प्रवचन कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने बहडाला में दुख निवारण समागम में भी श्रद्धालुओं को संदेश दिया। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है।

इसे न तो कर्तव्य का अभिमान है और न ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की, जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने भाव से स्पष्ट कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, परंतु भगवान उसका वध कर देते हैं। इसी प्रकार कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं, परंतु भगवान कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं और गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं और गोकुल को बहाने के लिए भारी वर्षा करते हैं।

इसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देखकर भगवान श्रीकृष्ण कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं। भगवान द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को बचाने से इंद्र का घमंड चकनाचूर हो गया।




ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी का अभिनंदन करते कमेटी के सदस्य, साथ में बाबा बाल जी और महंत माधवानंद जी, (दाएं) बाबा बाल जी से आशीर्वाद ग्रहण करते विधायक कालिया व अन्य।

### संत बाबा बाल को मिलेगा विश्व संत का सम्मान

ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी ने कहा कि संत बाबा बाल जी संसार के कल्याण के लिए बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं। इनकी उपाधि केवल राष्ट्रीय संत की नहीं बल्कि विश्व स्तरीय संत की हो गई है। इसके लिए मान्यता दिए जाने की स्वयं उन्होंने अमेरिका में पहल की है। जल्द ही संत बाबा बाल जी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संतों की श्रेणी में शुमार होने जा रहे हैं।

# वाजिब कारणों पर प्रमाणित कंटेनरों में ले सकेंगे पेट्रोल-डीजल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में लोग पेट्रोल पंपों से वाजिब कारणों पर पेट्रोल और डीजल प्रमाणित कंटेनरों में ले सकेंगे। पेट्रोल और डीजल की अवैध पैकेजिंग में बिक्री को लेकर स्पष्ट किया गया है कि औद्योगिक, कृषि या आपातकालीन उपयोग जैसे वाजिब उद्देश्यों के लिए ही पेट्रोल और डीजल प्रमाणित, स्वीकृत और मान्यता प्राप्त कंटेनरों में विक्रय किया जा सकेगा। यह विक्रय पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 और पेट्रोलियम नियमावली, 2002 के तहत निर्धारित मानकों के अनुसार होना चाहिए। इसके लिए खरीददार को वैध कारण और आवश्यकता का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल ने इसे लेकर आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि जिला में पेट्रोल और डीजल की बिक्री खुले कंटेनरों जैसे प्लास्टिक की बोतलें, डिब्बे या किसी अन्य अस्थायी पैकेजिंग में सख्ती से प्रतिबंधित रहेगी। हालांकि लोग वाजिब कारणों पर पेट्रोल और डीजल प्रमाणित कंटेनरों में ले सकेंगे। उपायुक्त ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# मैड़ी खास में पालतू और बेसहारा कुत्तों को रेबीज से बचाव के टीके लगाए

**विवेक शर्मा, अंब**

▶ जीव-जंतु कल्याण दिवस के मौके पर लगाए इंजेक्शन

सोमवार को जीव-जंतु कल्याण दिवस के मौके पर ग्राम पंचायत मैड़ी खास के सहयोग से पालतू और बेसहारा कुत्तों को रेबीज के बचाव के टीके लगाए गए। गौरतलब है कि दो दिन पहले गांव में कुछ कुत्तों ने कुछ मवेशियों को भी काटा था।

इस घटना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पंचायत प्रधान रीना ठाकुर ने पशुपालन विभाग के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा से संपर्क किया। उन्होंने इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए दो कुत्तों को तत्काल टीके लगा दिए और प्रधान के अनुरोध पर गांव के सभी पालतू व बेसहारा कुत्तों को रेबीज बचाव के टीके लगाने का आश्वासन दिया और सोमवार को गांव मेडी मैं कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप में 60 के लगभग पालतू और बेसहारा कुत्तों को टीके लगाए गए और साथ में जिन पालतू मवेशियों को कुत्तों द्वारा काटा गया था, उनको भी टीके लगाए गए। इस कैंप की अध्यक्षता पशुपालन विभाग के सहायक निर्देशक दिनेश परमार ने की।

डॉक्टर दिनेश परमार ने गांववासियों को संबोधित करते हुए रेबीज के बचाव के बारे में जागरूक किया और किसानों को पशुपालन विभाग द्वारा चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।

इस मौके पर पशुपालन विभाग से मुकेश कुमार, शाइनी, केशव, अस्मिता, मधु, बलजीत, संजय ग्राम पंचायत के उपप्रधान सुरेंद्र कुमार (काका) वार्ड पंच रक्षा देवी आदि उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत की प्रधान रीना ठाकुर ने अपनी और गांववासियों की तरफ से पशुपालन विभाग का धन्यवाद किया व कहा कि विभाग द्वारा इस समस्या पर शीघ्र अति शीघ्र कारवाही करते हुए यह कैंप लगाकर हमारी समस्या का हल कर सराहनीय कार्य किया है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों ने दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, हरोली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगड़ के छात्र-छात्राओं ने गांव में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। इसमें लोगों को यातायात नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया। छात्रों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर रैली निकाली और सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश दिए।

प्रधानाचार्य स्नेह लता शर्मा ने कहा कि सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की और बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती हैं। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा और रैली के बाद सभी प्रतिभागियों को जलपान वितरित किया गया। इस अवसर पर रवि राणा, रेखा रानी, सुनीता शर्मा, सरिता कुमारी, सरबजीत सिंह, रवीश कुमार, अरुण शर्मा, विजय सैनी, मदनलाल, सुरेश कुमार, गुरप्रीत कौर, संदीप कुमार सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत : कुटलैहड़ भाजपा

**अनंत ज्ञान, जोल**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा एंव ह्यूमन राइट्स युवा बिंग के प्रदेश चेयरमैन एवं युवा भाजपा नेता ने कहा कि यह केंद्रीय बजट रोजगार मुखी, ऐतिहासिक, अदभुत, अभूतपूर्व है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसान, बुजुर्ग सभी का ध्यान रखने एवं मध्यम वर्ग के भारतीयों को ध्यान में रखते हुए यह बजट पेश जारी किया गया है। भारत के इतिहास में इतना बेहतरीन बजट अब तक पेश नहीं हुआ था जिसमें सभी भारतीयों का ख्याल रखा गया है। इससे रोजगार के रास्ते खुलेंगे व इंजीनियर एवं मेडिकल क्षेत्र में सीटें बहुत ज्यादा संख्या में बढ़ाई गई हैं, जिससे छात्रों को लाभ होगा। 12 लाख तक की आमदनी टैक्स फ्री कर दिया गया है। जीवन रक्षक दवाइयां को टैक्स फ्री किया गया है। कपड़ों के दामों में भी कमी लाई गई है। पढ़ाई से लेकर दवाई तक सस्ती हो गई।

भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट जिसमें हर वर्ग को ध्यान में रखकर पेश किया गया बजट है और किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट को तीन लाख से बढ़ाकर 5 लाख किया गया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा आम जनता को ध्यान में रखकर कार्य करते हैं। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री दोनों को बधाई एवं साधुवाद व्यक्त किया है।

# घायल गोवंश का करवाया उपचार

**अनंत ज्ञान, घनारी**



घायल गोवंश के साथ शहीद भगत सिंह क्लब के सदस्य।

बेसहारा गोधन पर ग्रामीण क्षेत्रों में मानवीय क्रूरता के मामले आए दिन सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन हैरानी की बात है कि आमजनमानस, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, पशुपालन विभाग, प्रशासन का मूकदर्शक बने रहना हैरानीजनक है। ऐसे मामले सामने आते हैं, लेकिन दोषी तत्व हर बार बच निकलते हैं। स्पष्ट है कि कुछ लोगों द्वारा अपनी फसल को बचाने के लिए गोधन के प्रति इस तरह के क्रूरतापूर्ण कृत्यों को अंजाम दिया जाता है।

ऐसा ही एक मामला गगरेट क्षेत्र के घनारी में एक बैल पर क्रूरता को दर्शाने वाला उजागर हुआ। इसमें बेजुबान बैल की घायलावस्था पूर्ण हालत देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो लंबे समय से इस बैल को क्रूरता से बांधकर रखा गया हो। इस बैल के पांवों में बंधी रस्सी इसकी टांग में पूरी तरह धंसी हुई थी और इस नंदी के गले में एक बड़ा सा ठेला भी डाला हुआ था। वहीं, इस बैल की बिगड़ी स्वास्थ्य स्थिति देखकर लगता था की शायद लंबे समय से भूखा प्यासा अपनी जिंदगी की लड़ाई लड़ रहा हो।

यह मामला तब उजागर हुआ जब घनारी के एक युवक लक्की की नजर क्रूरता की मार झेल रहे इस बेजुबान पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना भगत सिंह क्लब गगरेट को दी। सूचना मिलते ही भगत सिंह क्लब के सदस्य घनारी में इस दर्द से कराह रहे बैल को इलाज मुहैया कराने घटनास्थल पर पहुंचे और इस नंदी के पांव में बंधी रस्सी और गले में बांधे बड़े लकड़ी के ठेले को निकाला। इस बैल के उपचार के लिए जब वेटरनरी विभाग से संपर्क किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

हैरानी की बात है कि पशुपालन विभाग के ध्यान में जब भी घायलावस्था से जूझ रहे गोधन को लेकर उपचार के लिए मांग की जाती थी है तो उस पर त्वरित कार्रवाई नहीं हो पाती। शहीद भगत सिंह क्लब के सदस्य दामिनी, आकाश, शम्मी और स्थानीय युवा, लक्की, अजय विशिष्ट, संजीव, ने भी इस बैल के उपचार में अपना सहयोग दिया। क्लब के सदस्य शम्मी ने कहा कि इस तरह को क्रूरता करना अत्यंत ही निंदनीय घटना है।

# श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**हीना पठानिया, बड़ूही**

श्रीमद् भागवत कथा महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहड़ा रामकिशन में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी एवं सुषमा शर्मा स्वपरिवार उपस्थित रहे। कथा का पूजन पुष्पेंद्र शास्त्री द्वारा मंत्रों उच्चारण के साथ करवाया गया। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के चौथे दिवस पर कथा व्यास आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया।

श्रीकृष्ण के जन्म कथा का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान श्रीकृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई तो उसे अपने इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब -तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।

श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाइयां दी गई। वहीं एक दूसरे को खिलौने और मिठाइयां बांटी गई तथा कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजन प्रस्तुत कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी मनाई।

भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब -तब परमात्मा अवतार धारण करके धरती पर धर्म की स्थापना करते हैं। कथा के उपरांत भोजन का प्रसाद वितरित किया गया।

# छात्रों को स्वस्थ रहने के दिए टिप्स

## बंगाणा कॉलेज में एनएसएस के विशेष शिविर में विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन



पहले सत्र में बंगाणा महाविद्यालय में स्वयंसेवियों के लिए एक मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी की अध्यक्षता में ड्रिल से हुई। इसके बाद स्वयंसेवियों ने योगाभ्यास किया, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ हुआ।

पहले सत्र में महाविद्यालय द्वारा स्वयंसेवियों के लिए एक मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय हेल्थ सेंटर, बंगाणा की लेबोरेटरी टेक्नीशियन सपना शर्मा ने एचआईवी और एचपीसीएल का टेस्ट किया और छात्रों को स्वस्थ रहने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

दूसरे सत्र में दो प्रमुख रिसोर्सपर्सन ने अपने ज्ञान से स्वयंसेवियों को लाभान्वित किया। एडवोकेट बबीता ने साइबर सिक्योरिटी, साइबर लॉ और डिजिटल लिटरेसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिससे छात्रों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के तरीके समझने को मिले। इसके बाद नेशनल जूडो प्लेयर सिया ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में एक संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें रिसोर्सपर्सन और छात्रों के बीच डिजिटल लिटरेसी पर बातचीत हुई।

इस अवसर पर एनएसएस के प्रधान राहुल शर्मा, उपप्रधान शुभम शर्मा, एनएसएस कैप्टन तीक्षण और परीक्षा समिति के सदस्य भी उपस्थित थे। यह शिविर स्वयंसेवियों के शारीरिक, मानसिक और डिजिटल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

# सांसद खेल महाकुंभ-3 कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



सांसद खेल महाकुंभ के तहत प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ी और आयोजक।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गगरेट विधानसभा क्षेत्र के छिंज मैदान नजदीक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबोटा में सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन और नेतृत्व में दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट का आगाज हुआ। इस टूर्नामेंट में लगभग 10 टीमें भाग ले रही हैं। इस कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने किया। आज का पहले मैच नंगल जरियाला और कलोह के बीच खेला गया, जिसमें कलोह विजेता रहा।

उदघाट्न समारोह में पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने सांसद अनुराग ठाकुर की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने बताया कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं को मोबाइल और नशे जैसी बुराइयों से भी दूर रखते हैं।

इस अवसर पर सांसद अनुराग ठाकुर के निजी सचिव अनुपम लखनपाल, गगरेट मंडल अध्यक्ष नितिन ठाकुर, दौलतपुर मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुदेश ठाकुर, सन्नी पटियाल, लक्ष्मी जरियाल, तरसेम लाल, नरेंद्र परमार, नवीन धीमान, अतुल शर्मा, बीडीसी वाइस चेयरमैन प्रिंस जसवाल और किरण देवी आदि उपस्थित रहे।

**तैयारी** माहभर चलेगा ट्रेड फेयर, डीसी जतिन लाल ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों से की बैठक

# भव्य होगा राज्यस्तरीय हरोली उत्सव, 27 अप्रैल से होंगी सांस्कृतिक संध्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

लंबे इंतजार के बाद, राज्य स्तरीय हरोली उत्सव एक बार फिर अपनी पूरी भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। यह उत्सव हरोली क्षेत्र की सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर को नई ऊर्जा देने का अवसर होगा। जिला प्रशासन ने आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं और इसे यादगार बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार कर ली है। इसी क्रम में उपायुक्त जतिन लाल ने सोमवार को हरोली के बीडीओ कार्यालय सभागार में अधिकारियों की बैठक ली और सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि राज्य स्तरीय हरोली उत्सव हरोली के कांगड़ मैदान में पूरे भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के दिशा निर्देशों के अनुरूप इस उत्सव को यादगार और जनसहभागिता से भरपूर आयोजन बनाने पर जोर रहेगा। 27 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा के साथ उत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा। 27, 28 और 29 अप्रैल की सांस्कृतिक संध्याएं इस महोत्सव का आकर्षण होंगी, जहां दिन में स्थानीय शिक्षण संस्थानों और सांस्कृतिक समूहों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं, संध्या समय स्थानीय कलाकरों व हिमाचल के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ राष्ट्रीय स्तर की दिग्गज हस्तियां अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से मंच को जीवंत करेंगी।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्सव आयोजन की लेआउट योजना जल्द से जल्द तैयार की जाए और संबंधित टेंडर प्रक्रियाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। बैठक के उपरांत उपायुक्त ने एसडीएम तथा अन्य अधिकारियों के साथ उत्सव आयोजन को लेकर कांगड़ मैदान का निरीक्षण किया। बैठक में एसडीएम हरोली विशाल ठाकुर ने आश्वस्त किया कि उत्सव को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाएंगी। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला और हरोली उपमंडल कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे।



उपायुक्त जतिन लाल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

### सफल आयोजन के लिए बनाई समितियां

उपायुक्त ने बताया कि उत्सव की तैयारियों को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अलग-अलग समितियों को सौंपी गई है।

### विभिन्न आकर्षणों से सजेगा मेला

**उत्सव** में पशु मेला, डॉग शो और बेबी शो जैसे कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इसके अलावा, विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी।

### स्थानीय उद्यमिता और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

उपायुक्त ने बताया कि यह उत्सव एक माह तक चलेगा, जिसमें कांगड़ मैदान में पूरे महीनेभर ट्रेड फेयर आयोजित किया जाएगा। इस मेले में प्रदेश और देशभर के स्वयं सहायता समूहों एवं व्यावसायिक संस्थानों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, जिससे स्थानीय उद्यमिता और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

### खेलों और रोमांचक गतिविधियों का होगा आयोजन

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिताएं बड़े स्तर पर आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, साहसिक मनोरंजन गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा, जिसमें हॉट एयर बैलूनिंग सहित अन्य रोमांचक गतिविधियां शामिल रहेंगी

# एक्सपो गृह ऋण और रूफटॉप सोलर ऋण पर शिविर 7 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा एक विशेष हाउसिंग लोन एवं सूर्य घर ऋण एक्सपो का आयोजन एमसी पार्क ऊना, एमसी पार्किंग क्षेत्र ऊना के सामने आयोजित किया जा रहा है। यह एक्सपो गृह ऋण व रूफटॉप सोलर ऋण लेने के इच्छुक ग्राहकों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा, जहां वे बैंक की विशेष ऋण योजनाओं और ब्याज दरों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। एक्सपो की मुख्य विशेषताएं में 8.40 फीसद से शुरू ब्याज दरों पर गृह ऋण उपलब्ध व 7 फीसद पर रूफटॉप सोलर ऋण उपलब्ध है।

त्वरित लोन स्वीकृति प्रक्रिया, विशेष ऑफर्स व छूट, रियल एस्टेट विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों से परामर्श लिया जा सकता है। इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर खरीदने व रूफटॉप सोलर स्यात्स्म लगाने में सहायता प्रदान करना है। बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे। बैंक के प्रतिनिधि ने बताया कि 7 से 8 फरवरी तक इस उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता शिविर लगाया जाएगा।

# साहब! बिचौलियों से छुड़वाएं पीछा, मनाली का नाम हो रहा बदनाम

## ज्ञापन सौंपकर की न्याय दिलाने व पैकेज के नाम पर लूट मचाने वालों पर शिकंजा कसने की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

पर्यटन नगरी में बिचौलियों से परेशान मनाली के पर्यटन कारोबारी सोमवार को एडीएम कुल्लू अश्विनी कुमार से मिले और बिचौलियों से छुटकारा दिलाने की मांग रखी।

एटीवी बाइक, स्नो स्कूटर, जिप लाइन, फोटोग्राफर, स्की एंड ट्यूब, बंजी जंपिंग, जाइंट स्विंग एंड जोरबिंग बाल व स्नो ड्रेस एसोसिएशन के लगभग 300 के करीब पर्यटन कारोबारी एडीएम से मिले और उन्होंने एडीएम को अवगत करवाया कि पिछले कुछ समय से बिचौलिए उनके कारोबार पर ग्रहण लगाए बैठे हैं। उन्होंने बताया कि कोट बूट का कारोबार करने वाले कुछ एक लोग पैकेज के नाम पर पर्यटकों को चूना लगा रहे हैं। साथ ही पर्यटन स्थलों में काम करने वाले लोगों के पर्यटन कारोबार को भी प्रभवित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की मनमानी उन पर भारी पड़ रही है,



पर्यटन व्यवसायी एडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या बारे अवगत करवाते हुए।

जिससे उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है।

इस मौके पर पर्यटन कारोबारियों ने बताया कि महंगे व मनमाने पैकेज बेचकर मोटी कमाई करने वालों पर कार्रवाई की जाए। पर्यटन कारोबारियों ने बताया कि कुछ लोग पर्यटकों को मनमर्जी के पैकेज बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं, जिससे स्थानीय कारोबारियों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मनाली में कुछ बाहर से आए कारोबारी अपनी दुकान में बैठकर एटीवी बाइक, स्नो स्कूटर, जिप लाइन, फोटोग्राफर, स्की एंड ट्यूब, बंजी जंपिंग, जाइन्ट स्विंग एंड जोरबिंग बाल व लोकल ड्रेस सहित समस्त साहसिक गतिविधियों का मनमाना पैकेज बेच रहे हैं। पैकेज वाले पर्यटन स्थलों का माहौल खराब कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान मनमाने पैकेज बेचने वालों की रसीदें भी एडीएम के साथ साझा की।

इस मौके पर एसोसिएशन के सभी अध्यक्षों ने कहा कि वह मिल जुलकर काम करना चाहते हैं, लेकिन पैकेज वालों की मनमानी सहन नहीं करेंगे। पर्यटन विभाग द्वारा निर्धारित दाम ही पर्यटकों से वसूले जाएं। उन्होंने अवगत करवाया की स्कीईंग की आड़ में कुछ लोग एटीवी बाइक, स्नो स्कूटर, जिप लाइन, फोटोग्राफी, स्की एंड ट्यूब, बंजी जंपिंग, जाइन्ट स्विंग एंड जोरबिंग बाल के नाम पर पर्यटकों से मनमाने दाम वसूल रहे हैं। इससे उनके कारोबार व विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है और पैकेज के नाम पर लूट मचाने वाले इन कुछ लोगों के कारण पर्यटन नगरी मनाली का नाम देश-दुनिया में बदनाम हो रहा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से उन्हें न्याय दिलाने व पैकेज के नाम पर लूट मचाने वालों पर शिकंजा कसने की मांग रखी। उन्होंने एडीएम से आग्रह किया कि इन बिचौलियों पर जल्द शिकंजा कसकर उन्हें राहत दें। बिचौलियों से परेशान होकर इन पर्यटन कारोबारियों ने कुछ दिन अपना काम भी बंद रखा था। उधर, एडीएम कुल्लू अश्विनी ने बताया कि ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर उनसे मिले। उन्होंने बताया कि इस मामले पर प्रशासन उचित कार्रवाई अमल में लाएगा और जिला पर्यटन विभाग व पर्यटन कारोबारियों के साथ बैठककर इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा। उधर, जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू से भी यह पर्यटन कारोबारी मिले और मांग रखी कि मनमाने दाम वसूलने वालों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाएं, ताकि पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं मुहैया करवाई जा सके।



कुल्लू में मनाली के पर्यटन व्यवसायी अपनी समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन से मिलने के बाद ढालपुर मैदान में चर्चा करते हुए।

## समाहण में गहराई पानी की समस्या

अनंत ज्ञान मनाली। मनाली के साथ लगते समाहण गांव में पानी की समस्या गहरा गई है। आज महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल वार्ड पंच छिमे डोलमा की अध्यक्षता में जल शक्ति विभाग मनाली से मिला और समस्या के समाधान का आग्रह किया। इन महिलाओं का कहना है कि वह लगभग एक महीने से पानी की समस्या से जूझ रही हैं। उनका कहना है कि उन्हें पहले मनालसु से पानी की सप्लाई दी गई थी, तब पानी की समस्या नहीं थी, लेकिन जब से मनालसु से सप्लाई बंद कर दी है, तब से समस्या आ रही है। वार्ड पंच छिमे डोलमा ने कहा कि समाहण में हैंडपंप से ही सप्लाई दी जा रही है, जिससे लोगों का गुजारा नहीं हो रहा है। उन्होंने जल शक्ति विभाग से आग्रह किया कि समाहण के लिए पहले की तरह मनालसु से सप्लाई दी जाए, ताकि पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। जल शक्ति विभाग के एसडीओ दीक्षांत शर्मा ने कहा कि जल्द की ग्रामीणों की समस्या को दूर कर लिया जाएगा।

## शारवी के समीप कार दुर्घटना में एक की मौत एक घायल, चालक ने कूदकर बचाई जान

अनंत ज्ञान, आनी

उपमंडल निरमंड के कटमोर-शारवी-बागीपुल सड़क मार्ग पर उरटू के समीप एक कार अनियंत्रित होकर पहाड़ी से करीब 100 मीटर नीचे लुढ़क कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में चालक समेत 3 लोग सवार थे। दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर घायल हो गए, जबकि चालक को मामूली चोटें आई हैं।

वहीं, घायलों में से एक ने ईलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि मृतक की पहचान कुंदन लाल (50) पुत्र तुला राम निवासी शारवी के रूप में हुई है, जबकि मेला राम (55) पुत्र शेष राम निवासी पाली (शारवी) को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रामपुर के खनेरी स्थित अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जबकि गाड़ी के मालिक और चालक सुरेश कुमार को मामूली चोटें आई हैं। घटना सोमवार सुबह करीब 10 बजे की है, जब सुरेश कुमार अपनी गाड़ी एचपी 35-1630 को चलाकर कटमोर से शारवी की ओर जा रहा था, तभी उरटू के पास चालक ने अचानक गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी पहाड़ी से नीचे लुढ़क गई, जबकि चालक सुरेश कुमार गाड़ी से छलांग लगाकर जान बचाने में सफल हो गया। गाड़ी में सवार बाकी दो व्यक्ति गाड़ी समेत पहाड़ी से लुढ़क गए। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मृतक कुंदन लाल का सिविल अस्पताल निरमंड में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है, जबकि आगामी छानबीन जारी है।



## कल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। जिला बाल संरक्षण इकाई लाहौल-स्पीति द्वारा पंचायत जाहलमा में बाल अधिकारों पर स्थानीय पंचायत प्रधान कृष्णा देवी की अध्यक्षता में बालकों के अधिकारों व संरक्षण अधिनियम, योजनाओं पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

शिविर में संरक्षण अधिकारी संस्थागत जोगिंद्र कुमार ने दतक ग्रहण, किशोर न्याय एवं संरक्षण अधिनियम 2015-16, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 व 19, जिला बाल संरक्षण इकाई की भूमिका आदि विषयों पर लोगों को जागरुक किया। शिविर में बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशविंद्र ने वह दिन योजना, नशे के दुष्प्रभाव व विभागीय योजना के बारे में बात रखी। तहसील कल्याण अधिकारी राजेश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## लाहौल में भाजपा के संगठनात्मक ढांचे की मजबूती को लेकर केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

भाजपा नेता एवं लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर लाहौल-स्पीति में केंद्रीय योजनाओं से हो रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। लाहौल में भाजपा के संगठनात्मक ढांचे की मजबूती को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। लाहौल-स्पीति में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर एक खाका तैयार कर केंद्र की ओर से यथासंभव मदद का आश्वासन केंद्रीय मंत्री द्वारा दिया गया।



रवि ने बताया कि इस दौरान उन्होंने सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा से भी मुलाकात की और लाहौल-स्पीति में सीमा सड़क संगठन द्वारा 1400 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे सुमदो काजा ग्रांफू रोड के कार्यों में तेजी लाने और 1800 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले एसकेटीडी रोड के लिए भू-अधिग्रहण कर लोगों को उचित मुआवजा देकर जल्द चौड़ीकरण का कार्य शुरू करने की मांग की।

इसके साथ ही रवि ठाकुर ने संसदीय एवं अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू से मिलकर अल्पसंख्यकों का ध्यान रखते हुए लद्दाख में पांच जिले बनाए जाने पर उनका और भारत सरकार का धन्यवाद किया और साथ ही केंद्र से मिलने वाले अल्पसंख्यक कल्याण बजट की समीक्षा करने का आग्रह किया और अल्पसंख्यक समुदाय को स्थानीय विकासात्मक कार्यों में प्राथमिकता देने तथा सेना में भर्ती के लिए भी अल्पसंख्यक समुदाय को और अधिक तरजीह दिए जाने का आग्रह किया। इसके साथ-साथ नालंदा विश्वविद्यालय जो कि भारत के प्राचीनतम विश्वविद्यालयों में से एक है, वहां पढ़ाए जाने वाली भोटी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने हर मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी का समुचित हल निकालने का आश्वासन दिया। रवि ने बताया कि तीनों केंद्रीय मंत्रियों को लाहौल-स्पीति का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लेने का भी निमंत्रण दिया गया।

## भ्रूण लिंग की जांच गैर-कानूनी, ऐसा करने वालों पर कारावास का प्रावधान: डॉ. पवार



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज पवार ने कहा कि भ्रूण लिंग की जांच गैरकानूनी है, ऐसा करने वालों को कारावास सहित जुर्माने का प्रावधान है।

गर्भधारण पूर्व व प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी निजी क्लिनिक या अस्पताल द्वारा अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित करने या मशीन के खराब होने के बाद बदलने संबंधित मंजूरी जिला स्तरीय समिति से लेना आवश्यक है। सोमवार की बैठक में अल्ट्रासाउंड मशीन के परिचालन के लिए रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती को मंजूरी, लाइफ लाइट केयर अस्पताल कुल्लू द्वारा नई अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदने व पुरानी मशीन को कंपनी को वापस भेजने से संबंधित मुद्दों सहित 6 मामलों पर विचार किया गया। बैठक में सरकारी व गैरसरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## लोरन से सरली सड़क खस्ताहाल, लोग परेशान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। लोरन से सरली तक सड़क की खस्ताहालत, जिस कारण वाहन चालकों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

कुल्लू उपमंडल में नाबार्ड के तहत लोरन से सरली सड़क का निर्माण 2012-2013 में हुआ है, जो अभी तक निर्माणाधीन है। समय-समय पर लोक निर्माण विभाग को सड़क की खराब दुर्दशा के बारे में लिखित व मौखिक तौर पर पंचायत प्रतिनिधि व गांव के लोगों की ओर से बताया जाता है, लेकिन विभाग की तरफ से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जा रही है। आज-कल लोरन सरली सड़क में जो सबसे ज्यादा जोखिम भरा सफर लोरन नाले के पास है, जहां पर पूरी सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हैं। इस जगह पर सीधी खड़ी चढ़ाई है और यहां पर गाड़ी कभी भी पलट सकती है, लेकिन विभाग इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, अगर सड़क ऐसी ही रही, तो उस जगह पर जानमाल के नुकसान का खतरा पैदा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने लोनिव से सड़क की खस्ताहाल सुधारने और नाले के पास सड़क के गड्ढों को भरने की मांग की है।



## एसपी की अध्यक्षता में क्राइम-कम-वेलफेयर मीटिंग आयोजित

## मामलों के जल्द निपटारे के दिशा-निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन की अध्यक्षता में पुलिस लाइन कुल्लू (बाशिंग) के सभागार में क्राइम-कम-वेलफेयर मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान, उपपुलिस अधीक्षक शेर सिंह, उपपुलिस अधीक्षक राजेश ठाकुर के साथ सभी पुलिस थाना के प्रभारी व अन्य पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक कुल्लू ने वेलफेयर मीटिंग में उपस्थित कुल्लू जिले के सभी थाना प्रभारी व अन्य पुलिस कर्मचारियों द्वारा बताई गई समस्याओं को सुना। इसके बाद उनका समाधान किया व लंबित कल्याणकारी मुद्दों पर जल्द कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट संबंधित प्रभारियों से प्राप्त की गई। क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक कुल्लू ने इस माह के दौरान घटित अपराधों की सभी थाना प्रभारियों से जानकारी ली व मामलों के जल्द निपटान के लिए दिशा-निर्देश दिए।

## किसानों की जमीनों से गैर-कानूनी तरीके से की जा रही बेदखली, न्यायपूर्ण नहीं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ कुल्लू द्वारा किसानों की जमीनों से बेदखली व नियमितीकरण के मुद्दे पर अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन में सैकड़ों किसानों व बागवानों ने भाग लिया।

किसानों को संबोधित करते हुए किसान सभा जिला अध्यक्ष गोविंद भंडारी ने कहा कि प्रदेश सरकार व वन विभाग के द्वारा किसानों की जमीनों से गैर कानूनी तरीके से बेदखली की जा रही है, जो सरासर गलत व किसान विरोधी और न्यायपूर्ण नहीं है। प्रदेश के अंदर करीब 10 लाख किसान परिवारों के पास 10 फीसदी जमीन ही कृषि योग्य भूमि है और इसमें 87 फीसदी किसान लघु व सीमांत किसान हैं। 47 प्रतिशत किसान परिवारों के पास 5 बीघे से कम जमीन है। उसी पर वह अपना पालन पोषण करते हैं, लेकिन इनकी इस जमीन से वन विभाग के द्वारा गैर कानूनी तरीके से बेदखली की जा रही है, जिससे इनकी रोजी रोटी व जिंदा रहने का संघर्ष और बढ़ गया है। सरकार के मालिकाना हक वाली जमीन का आवंटन गरीब किसानों को भू-राजस्व अधिनियम-1954 के व 2000 में शामिल की गई धारा-163 के तहत किया जाए। हिमाचल किसान सभा मांग करती है कि 5 बीघा तक की जमीन किसानों की नियमित की जाए और बेदखली की इस प्रक्रिया पर जल्द रोक लगाई जाए, जिन परिवारों के पास घर बनाने के लिए जमीन नहीं है, उन्हें 2 बिस्वा जमीन दी जाए। उनके कब्जे को नियमित किया जाए और इसी संदर्भ में 11 फरवरी को पूरे प्रदेश में सरकार को मांग पत्र सौंपे जाएंगे और आने वाले बजट सत्र में हजारों की संख्या में किसान व बागवान शिमला में मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपेंगे।

## पेंशनर्स के लंबित वित्तीय लाभ जल्द दिए जाएं

अनंत ज्ञान, बंजार। सोमवार को हिमाचल पेंशनर महासंघ नगर खंड की मासिक बैठक का आयोजन शुभम कैफे कटराई में किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन महामंत्री मनोहर लाल ठाकुर ने की। बैठक में सर्वप्रथम नए सदस्य ईश्वर नेगी एवं ज्वाला प्रसाद ठाकुर का महासंघ में सदस्यता ग्रहण करने पर स्वागत किया गया। बैठक में मनोहर लाल ठाकुर ने संगठन की सदस्यता बढ़ाने व संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

वरिष्ठ सलाहकार नारायण सिंह ठाकुर ने इस बैठक में अनेक महत्वपूर्ण टिप्स संगठन के बारे में दिए एवं विभिन्न संगठनों को एकजुट करने के बारे में सलाह दी। पूर्ण राज्यत्व दिवस पर सरकार की ओर से पेंशनर्स की अनदेखी पर संगठन द्वारा नाराजगी प्रकट की गई। संगठन ने सरकार से मांग की गई कि पेंशनर्स के लंबित विभिन्न वित्तीय लाभ प्रदान किए जाएं बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि जिला कार्यकारिणी का एक प्रतिनिधि खंड स्तर की मासिक बैठक में उपस्थित रहे।

## भूतपूर्व अर्धसैनिक बल संघ बंजार का नए सिरे से होगा पंजीकरण



अनंत ज्ञान, बंजार

भूतपूर्व अर्धसैनिक बल संघ खंड बंजार ने ओल्ड एज इंडिया (एनजीओ) कार्यालय शेंगली बाजार बंजार में अध्यक्ष हुकमराम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया।

बैठक में बंजार खंड के लगभग 30 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। इस बैठक में जिलाध्यक्ष परमानंद उपाध्याय व पूर्व एएफओ मेडिकल हीरा देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें पहला मुद्दा संस्था के पंजीकरण बारे उठा। पहले संस्था का पंजीकरण भूतपूर्व अर्धसैनिक बल संघ के नाम से हुआ था, अब मुख्य कार्यालय दिल्ली द्वारा संस्था का नाम बदलकर सेंट्रल आर्मड पुलिस फोर्स रखा गया है। अब नए सिरे से संस्था का पंजीकरण करना पड़ेगा, जिसमें कुछ औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी, जिसके लिए समिति गठित की गई, जिसकी जिम्मेदारी महासचिव खेमचंद सोनी को सौंपी व सदस्य के तौर पर रत्न चंद व रेपतीराम को चुना गया। जल्द ही यह प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष परमानंद उपाध्याय के अलावा पूर्व एएफओ मेडिकल हीरादेवी व रामप्यारी, खेमचंद सोनी, रेपतीराम, मंगतराम, खीमी राम, परसराम, देवेंद्र कुमार, उत्तम सिंह, लगनचंद, देवराज, रत्नचंद के अलावा लगभग 30 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

### सर्वसम्मति 1,582 गुरिल्लाओं के नाम की सूची को किया फाइनल

## गुरिल्ला सूची में सुंदरनगर व गोहर के 190 गुरिल्लाओं को किया जाएगा शामिल

अनंत ज्ञान, कुल्लू

दिल्ली उच्च न्यायालय में चल रहे एसएसबी गुरिल्ला संगठन के मामले में 1,582 गुरिल्लाओं के नाम की सूची को फाइनल किया गया है।

इस फाइनल सूची में प्रदेश के कुल्लू और मंडी जिले के प्रशिक्षित गुरिल्ला शामिल हैं। इन दोनों जिलों से अभी 190 और गुरिल्लाओं को इस सूची में शामिल किया जाएगा, ताकि हर एक गुरिल्ला को लाभान्वित किया जा सके। यह बात ऑल इंडिया गुरिल्ला संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर ने कुल्लू में कही। एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन कुल्लू की मासिक बैठक जिला मुख्यालय कुल्लू में हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राणा ने की। बैठक में ऑल इंडिया गुरिल्ला संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे और हाल ही में दिल्ली में हुई बैठक के निर्णयों से गुरिल्लाओं को अवगत करवाया। चेयरमैन ने कहा कि उच्च न्यायालय में साल-2027 में लगाई गई गुरिल्लाओं के नाम की सूची को सर्वसम्मति से फाइनल किया गया है। इस सूची में कुल्लू, नग्गर, बंजार सर्कल, सैंज, गड़सा, बागीपुल समूह के अलावा जिला लाहौल-स्पीति के गुरिल्ला शामिल हैं। इसके अलावा जिला मंडी के सुंदरनगर और गोहर के 190 गुरिल्लाओं को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, जो गुरिल्ला सूची में शामिल होना चाहते हैं, वे जल्द अपने नाम संगठन के पदाधिकारियों को स्पष्ट करवाएं। नामों की फाइनल सूची इसी माह के अंतिम सप्ताह में तैयार कर दी जाएगी। इस दौरान महिला अध्यक्ष धनवंती ठाकुर, महासचिव आंगमो, भुवनेश्वरी, गोदावरी, शांता, द्रोपदी, वीना देवी आदि मौजूद रहे।



## हास्य नाटक 'बिच्छू' का जमोट गांव में हुआ सफल मंचन, खूब लगे ठहाके



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

'रंगमंच गांव-गांव आंगन-आंगन' की अवधारणा के तहत स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन के कलाकारों ने अपने हास्य नाटक 'बिच्छू' का जमोट गांव में सफल मंचन किया। विश्वविख्यात फ्रांसीसी नाटककार मौलियर द्वारा लिखित इस नाटक को रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर द्वारा हिमाचली परिवेश में रूपांतरित व निर्देशित किया गया।

कलाकारों ने अपने अभिनय से उपस्थित दर्शकों को लोट-पोट कर दिया। कहानी सेब के दो व्यापारी लालाओं लाला राम दास और लाला शाम दास की है। वे काफी कंजूस किस्म के हैं और उनके बेटे अजु और मुनीष उनसे अपने लिए पैसा निकालने में नौकर गोपू की मदद लेते हैं क्योंकि पैसे उन्हें अपनी प्रेमिकाओं के लिए चाहिए होते हैं, जिनसे वे शादी करना चाहते हैं। गोपू बड़ा ही चालाक और शातिर है। वह अपने साथ एक और साथी नौकर को हमेशा से ही साथ लेता है और वह भी खुशी-खुशी उसका साथ देता है क्योंकि वह उतना शातिर नहीं है और अपनी अधिकतर जरूरतों के लिए गोपू पर ही निर्भर रहता है। उनके बापों से पैसे निकालने में गोपू कई तरह के हथकंडे अपनाता है और अंततः उन से पैसे निकाल लेता है। इस पैसे निकालने के खेल में नाटक में कई ऐसी स्थितियां बनती हैं, जो दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर देती हैं। नाटक में केहर सिंह ठाकुर, रेवत राम विक्की, परमानंद, जीवानंद, सूरज, श्याम लाल, पायल, आंचल, अनामिका तथा अन्न्या आदि कलाकारों ने अभिनय किया। मंच पार्श्व में मीनाक्षी, देस राज, व वैभव ठाकुर आदि कलाकारों ने सहयोग दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### अस्पताल में उपचाराधीन नेपाली व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सीएचसी धर्मपुर से पुलिस को सूचित किया कि कलंदर नामक व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया है, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। इस सूचना पर पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम सीएचसी धर्मपुर पहुंची। मूल रूप से नेपाल निवासी कलंदर जय हिंद पेट्रोल पंप कुमारहट्टी के पास झुग्गियों में रहता था। बताया गया कि वह शराब पीने का आदि था। 48 वर्षीय कलंदर कबाड़ एकत्रित कर उसे बेचता था। पिछले पांच छह-दिन से एकत्र किया गया कबाड़ बेचने के बाद वह लगातार शराब पी रहा था। उसने अपने साथियों को बताया कि वह पेट्रोल पंप पर किसी से मिलने जा रहा है। कलंदर ने बताया था कि उस व्यक्ति से उसे पैसे मिलने हैं। इसके बाद कलंदर के साथियों को खबर मिली कि अधिक शराब पीने के कारण उसे सीएचसी धर्मपुर में भर्ती करवाया गया है। यहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसने एंबुलेंस में ही दम तोड़ दिया।

### छाती में दर्द के बाद सोलन पहुंचे व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से पुलिस थाना सदर सोलन में सूचना मिली कि एक युवक को अचेत अवस्था में उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल लाए हैं। इस सूचना पर पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम क्षेत्रीय अस्पताल पहुंची, जहां पर आपातकालीन कक्ष में एक व्यक्ति मृत हालत में पाया गया। मृतक की पहचान सलोगड़ा के सिहावला गांव निवासी 31 वर्षीय पंकज शर्मा के रूप में हुई। मृतक के पास उसके परिजन, दोस्त व अन्य लोग भी मौजूद थे। परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी कि दो पंकज छाती में दर्द की शिकायत के बाद दवाई लेने व कुछ अन्य काम से सोलन के लिए निकला था, जब मृतक कसाई गली समीप पुराना बस अड्डा के पास पहुंचा, तो उसकी तबीयत खराब हो गई, तो वह एक मकान के नीचे बैठ गया। मकान में रहने वाले व्यक्तियों ने उसे देखा तो वे लोग पंकज के पास गए, जिनमें से कुछ लोग पंकज शर्मा को पहले से जानते थे। उन्होंने उससे बात करनी चाही, लेकिन वह कुछ बोल नहीं सका। आनन-फानन में एक आटो में बिठाकर उसे क्षेत्रीय अस्पताल सोलन लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### परिवार नियोजन कैंप की तिथियों में परिवर्तन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने बताया कि फरवरी माह में सिरमौर जिले के सिविल अस्पतालों में आयोजित होने वाले परिवार नियोजन कैंप की तिथियों में आंशिक परिवर्तन किया गया है। जिले में इस माह यह परिवार नियोजन कैंप सिविल अस्पताल ददाहू में 5 एवं 25 फरवरी को, सराहां सिविल अस्पताल में 11 फरवरी को, शिलाई के सिविल अस्पताल में 15 फरवरी को व 22 को राजगढ़ सिविल अस्पताल और सिविल अस्पताल पांवटा साहिब में प्रत्येक वीरवार को परिवार नियोजन कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में इनमें भाग लेकर इसका लाभ उठाएं।

### विश्व पुस्तक मेले में डॉ. दमन की पुस्तकें शामिल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के डॉ. दमन आहूजा जो पब्लिक हेल्थ एवं सामुदायिक कार्यों के जाने माने विशेषज्ञ हैं उनकी चार पुस्तकों को विश्व पुस्तक मेले में शामिल किया गया है। सोहम इंडिया के जनक डॉ. दमन आहूजा ने पिछले तीस सालों से इन बिंदुओं पर विभिन्न सामाजिक संस्थानों जिसमें यूनिसेफ, दिल्ली विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय एड्स कंट्रोल संस्थान, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, पीजीआई चंडीगढ़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ काम करते हुए चार प्रेरणादायक पुस्तकें लिखी हैं, जिन्हें दिल्ली में लगने वाले विश्व पुस्तक मेले में स्थान दिया गया है। इन पुस्तकों को 9 फरवरी तक दिल्ली के प्रगति मैदान में प्रदर्शित किया जाएगा।

### दाड़लाघाट में छात्राओं को टूल किट की वितरित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा आईटीआई दाड़लाघाट में एसएमओ सेविंग मशीन ऑपरेटर ट्रेड की छात्राओं को टूल किट वितरित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को आवश्यक उपकरण प्रदान कर उनके व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देना और उनके पेशेवर विकास में सहायता करना था। यह वितरण दानोघाट पंचायत की प्रधान मंजू ठाकुर के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने में सहायक सिद्ध होता है।

### पानी के नल से मरे हुए सांप के अवशेष निकले

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** चुरकपुर माजरी माजरा पंचायत के नजीर अली, अब्दुल सितार, जुल्फकार अली अब्दुल मलिक आदि ने बताया कि कल से ही उनके घर में पानी की सप्लाई से मरे हुए सांप के अवशेष आए इसके बाद स्थानीय युवा अब्दुल सितार ने आईपीएच विभाग से बात की व पानी में आ रहे मरे हुए सांप के अवशेषों के बारे में जानकारी दी। मौके पर आईपीएच विभाग के जेई चिरंजीव झांब द्वारा लाइन मेन को भेजकर पाइप की सफाई करवाई व पानी की टंकी की भी जांच की। यह समस्या बस से पाइप टूटने के कारण पाइप में सांप घुसने से आई होगी। वहीं, आईपीएच विभाग द्वारा पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन की सफाई की जा रही हैं व पाइप लाइन को बदला जा रहा है।

### बच्चों ने अलग-अलग विषयों पर दिए व्याख्यान



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ईश्वरम्मा पब्लिक स्कूल दाड़लाघाट में स्टूडेंट लीड कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन हुआ। ईश्वरम्मा पब्लिक स्कूल दाड़लाघाट में चैयरमैन सुरेश कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में स्टूडेंट लीड कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। स्कूल के सभी बच्चों ने इस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। बच्चों ने अलग-अलग विषयों पर अपने व्याख्यान दिए व रुचि अनुसार अपने मॉडल अभिभावकों के समक्ष पेश किए। बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए उनके परिवार वालों को भी स्कूल में आमंत्रित किया गया था। परिवार वालों ने बच्चों की इन प्रस्तुतियों की प्रशंसा की।

# सपरून के दोहरी दीवाल में नेशनल हाईवे पर दरकती पहाड़ी पर लगी रिटेनिंग वॉल

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नेशनल हाईवे-5 के दोहरी दीवाल में एनएचएआई के लिए चुनौती बनी दरकती पहाड़ी को रोकने के लिए आखिरकार करीब कई महीनों की मशक्कत के बाद रिटेनिंग वॉल लगाने का कार्य पूरा हो गया है।

इससे नेशनल हाईवे पर बार-बार लग रहे जाम से निजात मिली है साथ ही सुबाथू आना-जाना भी सुरक्षित हुआ है। निर्माण कंपनी के लिए यहां बरसात के दौरान हुए भूस्खलन का मलबा हटाना चुनौती भरा था। इस कार्य को पूरा करने में करीब एक महीने से अधिक का समय लग गया। इसके बाद दरकी पहाड़ी को सुरक्षित करने के लिए सुरक्षा दीवार लगाने का कार्य भी युद्धस्तर पर किया गया। पहाड़ी इतनी कच्ची है कि इससे बार-बार मिट्टी गिर रही है। सुरक्षा दीवार लगने से पहाड़ी दरकने का खतरा कम हो जाएगा। बरसात के दौरान पहाड़ी से नेशनल हाईवे पर आए मलबे के कारण यहां पर हमेशा जाम की स्थिति रहती है। हाईवे से सुबाथू रोड का डायवर्जन बंद होने से इस रूट पर चलने वाले वाहन चालकों को पिछले करीब एक साल से खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं। (अनंत ज्ञान)



सपरून में दरकती पहाड़ी के बचाव के लिए लगाई गई रिटेनिंग वॉल।

### कई जगह अब भी सिंगल लेन पर ट्रैफिक

**हाईवे** पर अब भी कई जगह सिंगल लेन पर ट्रैफिक चल रहा है। पिछले साल कई सड़कें धंसी, तो कहीं पहाड़ी से लैंड स्लाइड हुआ, जिसमें खासकर पट्टा मोड़, सनवारा और दत्यार के आसपास का एरिया है। कुमारहट्टी के समीप पट्टा मोड़ में सिंगल लेन पर ट्रैफिक चल रहा है। यहां दूसरी लेन बनाने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अभी तक यह कार्य पूरा नहीं हो पाया है।

**दोहरी** दीवाल सहित अन्य जगहों पर रिटेनिंग वॉल लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। काम पूरा होने के बाद लैंड स्लाइडिंग पर काफी हद तक काबू पा लिया जाएगा।

**आनंद दहिया, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई, शिमला।**

### सुरक्षा दीवार बनाने में लगे तीन महीने

**निर्माण** कार्य में लगी कंपनी के लिए दरकती पहाड़ी पर सुरक्षा दीवार लगाना चुनौती भरा था पर निर्माण कंपनी ने दिन-रात कार्य चालू रखा। इस कार्य को पूरा होने में करीब तीन महीने का समय लग गया। ऐसे में पहाड़ी को छेड़े बिना ही यहां पर आरसीसी की दीवार लगाई जा रही है। सर्दियों में कम बारिश से सुरक्षा दीवार लगाने का कार्य आसान हुआ। अब इससे नेशनल हाईवे पर लग रहे जाम से लोगों को निजात मिलेगी। खासकर सुबाथू रोड पर आवागमन करने वाले चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। सुबाथू रोड का डायवर्जन खुलने की उम्मीद जगी है। हाईवे अथॉरिटी परवाणू-सोलन और सोलन-कैथलीघाट के बीच हाईवे पर पहाड़ियों को दरकने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। चक्की मोड़, कोटी, जाबली और सोलन के सपरून सहित कंडाघाट के आसपास के क्षेत्रों में ऐसे ही हालात बने हैं। लिहाजा हाइवे पर लैंड स्लाइड कंट्रोल करना एनएच सहित हाइवे निर्माता कंपनी के लिए सिर दर्द बन गया है। ढलानों की मजबूती बढ़ाने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें रिटेनिंग वॉल्स, गेबियन स्ट्रक्चर्स और ग्राउंड कवर प्लांटेशन शामिल हैं।

## भाजपा ने सरकार की पानी की दरों में बढ़ोतरी का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भारतीय जनता पार्टी के शहरी मंडल सोलन की बैठक मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम गुलेरिया, नगर निगम की उपमहापौर मीरा आनंद, भाजपा डॉ. राजेश कश्यप व भरत साहनी मौजूद रहे। बैठक में चर्चा के उपरांत कुल तीन प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। सबसे पहले पारित किए गए प्रस्ताव में पार्टी ने पूर्व पार्षद सुनील जग्गा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया व पार्टी के प्रति उनकी सेवाओं को याद करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदनाएं प्रकट की।

बैठक में पारित दूसरे प्रस्ताव में सभी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट 2025-26 की खूब सराहना की और कहा कि यह बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस बजट में मध्यवर्गीय परिवारों, बुर्जुगों, युवा वर्ग व किसानों विशेष ख्याल रखा गया है। सरकार के इस बजट से नए उद्यमियों को अपने सपने साकार करने में मदद मिलेगी। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में हालही में प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा शहर में पेयजल की दरों को चार गुणा बढ़ाए जाने के फैसले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस फैसले से शहर के आम लोगों के पानी के बिलों में कई गुणा बढ़ोतरी हो जाएगी, जो कि सरासर गलत है। पार्टी ने सुक्खू की कांग्रेस सरकार के इस फैसले के खिलाफ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पीने के पानी की दरों को बढ़ाए जाने का कड़ा विरोध किया। बैठक में शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि शहर में पेयजल की दरों को बढ़ाने का प्रदेश की वर्तमान सुक्खू सरकार का तुगलकी फरमान जारी किया है। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग द्वारा नगर निगम सोलन को आपूर्ति किए जाने वाले पीने का पानी का रेट 27.71 प्रति 1000 लीटर से बढ़ाकर रुपए 100 प्रति 1000 लीटर कर दिया गया है।

## दून विस का सर्वांगीण विकास करवाना प्राथमिकता : राम कुमार



**अनंत ज्ञान, बद्दी**

दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। राम कुमार चौधरी गत दिवस दून की पंचायत सौडी के गांव जसुआना में 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जाने वाले कुंजहल से जसुआना तक संपर्क मार्ग का भूमि पूजन करने के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दून विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ने के लिए यथा संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। गांव के विकास में बेहतर सड़क नेटवर्क अहम भूमिका निभाता है।

इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक गांव को बेहतर सड़क से जोड़ने के लिए सघन प्रयास जारी हैं। जल्द ही कुंजहल खड्ड पर पुल का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। इसके निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और उनकी आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी।

## सिरमौर में ग्रामीणों ने पकड़ा आदमखोर तेंदुआ

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** सिरमौर जिले में गिरिपार के आंज भोज क्षेत्र के डांडा गांव के पास बरसाती खड्ड में ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए खतरनाक तेंदुए को काबू किया। कई दिनों से इलाके में दहशत फैली थी। पिछले कई दिनों से यह तेंदुआ इलाके में दहशत फैला रहा था और कई पशुओं और बकरियों को अपना शिकार बना चुका था।

वन विभाग द्वारा तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए थे, लेकिन वह इनमें नहीं फंसा। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने खुद ही कार्रवाई करने का निर्णय लिया। तेंदुए को पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग की टीम और पशु डॉक्टर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों ने न केवल तेंदुए को पकड़ा, बल्कि उसे पानी भी पिलाया, जो उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। क्षेत्रवासियों के अनुसार इलाके में पिछले कई सालों से तीन-चार तेंदुए लगातार घूम रहे हैं। ये जंगल से निकलकर गोशालाओं में घुसकर पशुओं को निशाना बनाते रहे हैं। पांवटा क्षेत्र में भी कई बार तेंदुओं को देखा गया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी संख्या काफी है, जो चिंता का विषय बना हुआ है।

## डीसी का संपन्न व्यक्तियों से बिजली सब्सिडी छोड़ने का आग्रह



40 अधिकारियों व कर्मचारियों ने बिजली अनुदान को छोड़ने के लिए भरे फार्म।

**अनंत ज्ञान , सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किए जा रही बिजली अनुदान को स्वेच्छा से छोड़ दिया।

उन्होंने सभी जिलावासियों से आग्रह किया कि प्रदेश हित में मुख्यमंत्री के इस संबंध में किए गए आग्रह को जल्द स्वीकार करें। डीसी सोलन के साथ इस अवसर पर डीसी कार्यालय सोलन के 40 अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी बिजली अनुदान को छोड़ने के लिए फार्म भरे। मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न लोग व विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी सरकार द्वारा दी जा रही बिजली सब्सिडी को स्वेच्छा से त्यागें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश के आर्थिक रूप से संपन्न सभी नागरिकों से बिजली सब्सिडी छोड़ने का आग्रह किया है। इस दिशा में प्रदेश सरकार के निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित बनाई जा रही है।

## पुलिस ने 10 पेटी देसी शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** थाना सायरी की पुलिस टीम कुफ्टू सड़क पर मुकाम तक्षशिला स्कूल के समीप नाकाबंदी पर मौजूद थी, तो उसी समय एक अल्टो कार के-10 नं. एचपी-11बी-2540 कुफ्टू की तरफ से आई, जिसे नाकाबंदी टीम द्वारा चैकिंग के लिए रोका गया।

चैकिंग के दौरान उक्त कार की डिग्गी से अवैध रूप से ले जाई जा रही देसी शराब की 10 पेटियां (120 बोतल देसी शराब) बरामद की गई, जिस बारे कार चालक कोई भी लाइसेंस/ परमिट/वैध कागजात पेश न कर सका, जिस पर पुलिस थाना सायरी में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त अल्टो कार को जब्त कर पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया व आरोपी कार चालक प्रकाश चंद पुत्र गोविंद राम निवासी गांव बपडॉन डाकखाना सुजैला तहसील अर्की जिला सोलन को गिरफ्तार किया गया। मामले में आगामी जांच जारी है।

## करियर गाइडेंस की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में छठी से आठवीं और नौवीं व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस की जानकारी देने के उद्देश्य से सायंकालीन सत्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौंडल ने की। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला व सत्र न्यायालय सोलन से अधिवक्ता रमन गुप्ता ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्लस टू के बाद हम किस किस क्षेत्र में जा सकते हैं और आगे क्या-क्या अवसर हैं उसके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस दौरान लॉ करने के लिए कैसे एडमिशन होती है और कितने साल की होती है इसके बारे में जानकारी दी।

## किन्नौरी लोक वाद्य कलाकारों ने बांधा समां, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**अनंत ज्ञान, सोलन**



किन्नौर कल्याण समिति सोलन का तोशिम कार्यक्रम राजगढ़ रोड स्थित सेंटा रोजा में मनाया, जिसमें सांस्कृतिक गतिविधियों की धूम रही।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारी हीर भगत नेगी मुख्यातिथि और प्रदेश सरकार में स्पेशल सेक्रेटरी पीडब्लूडी व एसटी एंड ई हरबंस सिंह नेगी ब्रेसकॉन विशेषातिथि उपस्थित हुए। इस मौके पर किन्नौर के सांपनी गांव से आए लोक वाद्य कलाकारों ने किन्नौरी लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। साथ ही किन्नौरी लोकगायक चंद्र लाल नेगी ने अपने गीतों से नाचने-गाने पर मजबूर किया। नेगी ने एक के बाद एक किन्नौरी गीतों से सभी को झुमाया। इस दौरान कॉलेज के छात्रों ने भी किन्नौरी व पहाड़ी नाटी प्रस्तुत कर अतिथियों का मनोरंजन किया। मुख्यातिथि हीर भगत नेगी ने कहा कि तोशिम कार्यक्रम से आपसी भाईचारा और नई पीढ़ी को किन्नौर की कला एवं संस्कृति को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कल्याण समिति को कार्यकम आयोजित करने की बधाई दी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा नेत्र जांच शिविर के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि समिति को अपने कल्चर को बढ़ावा देने के साथ सामाजिक सरोकार में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वहीं, विशेषातिथि हरबंस सिंह नेगी ब्रेसकॉन ने इस अवसर पर तोशिम कार्यक्रम की बधाई दी।

## लापता हुई नाबालिग कालका से बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एक शिकायतकर्ता ने पुलिस थाना धर्मपुर में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनकी बेटी, जिसकी उम्र 14 वर्ष है और वह आठवीं कक्षा में पढ़ती है। वह 31 जनवरी को प्रात: 7 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई, जिसकी इन्होंने अपने तौर पर भी तलाश की, लेकिन कहीं पर भी उसका पता न चला, जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना धर्मपुर में पंजीकृत किया गया था। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम द्वारा तकनीकी जांच लोकेशन का विश्लेषण कर नाबालिग को कालका क्षेत्र से बरामद कर उसके परिजनों के हवाले किया गया। जांच के दौरान पाया कि उपरोक्त नाबालिग अपने स्कूल के दोस्तों के साथ घूमने के लिए घर से कालका चली गई थी, जहां पर वह अपने दोस्तों के साथ अपने एक दोस्त के मामा के घर सुरक्षित स्थान पर रही। मामले में जांच जारी है।

## फ्रेंड्स क्लब शिलाई क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कर देगा नशे से दूर रहने का संदेश



**अनंत ज्ञान, शिलाई**

जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा के तहत फ्रेंड्स क्लब शिलाई का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से संबंध रखने वाले जुझारू लोगों को शामिल किया गया।

क्लब ने सराहनीय निर्णय लिया कि शिलाई क्षेत्र के उन तमाम पूर्व बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ियों को पुनः खेलने के लिए मंच दिया जाएगा, जिन्होंने क्रिकेट के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाई थी, जिनकी आयु सीमा 40 वर्ष से अधिक होगी। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा। इसी तरह फ्रेंड्स क्लब शिलाई द्वारा भविष्य में विभिन्न सामाजिक कार्यों को करने का भी प्रयास किया जाएगा। फ्रेंड्स क्लब शिलाई के तमाम सदस्यों में सभी ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर जिस प्रकार युवा नशे के दल-दल में दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है, जो कि क्षेत्र समाज के लिए बहुत ही गंभीर स्थिति को दर्शाता है।

**आयोजन** नाहन में मानव-वन्यजीव संघर्ष पर जिला समन्वय समिति की बैठक

# मानव-हाथी संघर्ष में हुई वृद्धि

**अनंत ज्ञान, नाहन**



जिला समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सिरमौर सुमित खिमटा।

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने उपायुक्त कार्यालय में भारत सरकार के मानव-वन्यजीव संघर्ष दिशा-निर्देश, 2022 के तहत कर्नल शेरजंग राष्ट्रीय पार्क सिंबलवाडा के लिए जोनल मास्टर प्लान तैयार करने के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में जिले के सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक का संचालन डीएफओ पांवटा साहिब ऐश्वर्या राज ने किया। उन्होंने बैठक में डीसी को अवगत करवाया कि पिछले कुछ वर्षों में उत्तराखंड से हाथियों के आवागमन के कारण पांवटा साहिब और नाहन के माजरा, गिरिनगर और कोलर क्षेत्रों में मानव-हाथी संघर्ष में वृद्धि हुई है। उन्होंने डीसी को हाथी और वन्य जीव संरक्षण परियोजना के चरण के कार्यान्वयन से अवगत करवाते हुए बताया कि सिरमौर में बाघ, एक सीएसएस योजना जिसे हिमाचल प्रदेश राज्य में वर्ष 2024-25 से पहली बार क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसमें संवेदनशील क्षेत्रों में एनाइडर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली की स्थापना, लूटपाट विरोधी दस्ते, प्रभावित क्षेत्रों में गज मित्रों की नियुक्ति, फील्ड स्टाफ के लिए सुरक्षा उपकरण, क्षमता निर्माण और समुदायों के साथ जागरूकता बैठकें आदि शामिल हैं। डीसी ने बिजली, पुलिस, कृषि ग्रामीण विकास, उद्योग विभागों के संघर्ष को कम करने और शमन उपायों के लिए वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिया। उन्होंने बिजली विभाग को ढीली बिजली लाइनों की मरम्मत के लिए, हाथी गलियारों में एमओईएफसीसी ट्रांसमिशन लाइनों के लिए सीईए सुरक्षा विनियमों और दिशा-निर्देशों का कार्यान्वयन करने, पुलिस विभाग को संघर्ष परिदृश्यों में भीड़ प्रबंधन के लिए, कृषि विभाग को राज्य राहत मैनुअल के अनुसार मुआवजे के लिए और फसल बीमा योजनाओं के अलावा सौर बाड़ लगाने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए। डीसी ने सभी संबंधित विभागों को ईको-सेंसिटिव जोन, कर्नल शेर जंग नेशनल पार्क के जोनल मास्टर प्लान के लिए वन विभाग के साथ लिखित रूप में समन्वय करने के निर्देश दिए।

## सीटू ने बजट को बताया गरीब विरोधी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सीटू जिला कमेटी सिरमौर ने केंद्रीय बजट को पूर्णतः मजदूर, कर्मचारी, किसान व जनता विरोधी करार दिया है। यह बजट गरीब विरोधी है व केवल पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाला है। सीटू ने केंद्र सरकार को चेताया कि केंद्र सरकार के मजदूर, कर्मचारी, किसान व जनता विरोधी बजट के खिलाफ 5 फरवरी को देशव्यापी प्रदर्शन होंगे, जिसको जिला सिरमौर में भी किया जाएगा और केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ मार्च 2025 में शिमला में मजदूरों का राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन होगा। इसमें जिले के औद्योगिक क्षेत्रों, आंगनबाड़ी, मिड-डे-मील, मनरेगा, निर्माण, क्षेत्र एनएचपीसी, रेलवे निर्माण, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आदि सार्वजनिक सेवाओं, आउटसोर्स कर्मी, रेहड़ी-फड़ी अन्य व्यवसायों के मजदूर व कर्मचारी शामिल होंगे। सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार व आंगनबाड़ी जिला महसचिव वीना शर्मा आदि ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह पूंजीपतियों के साथ खड़ी हो गई है व आर्थिक संसाधनों को आम जनता से छीनकर अमीरों के हवाले करने के रास्ते पर आगे बढ़ रही है।

# प्रारंभिक शिक्षा में प्रभावी कक्षा प्रबंधन व शिक्षण रणनीतियों की दी जानकारी




ओंकार एनजीओ ने एनटीटी प्रशिक्षुओं के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के दौरान मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

ओंकार एनजीओ द्वारा आदर्श विद्या मंदिर संस्थान के एनटीटी (नर्सरी शिक्षक प्रशिक्षण) प्रशिक्षुओं के लिए एकदिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इस विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला में बच्चों के व्यवहार, बच्चों की डिजिटल निर्भरता कम करने व प्रारंभिक शिक्षा में कक्षा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञ व संस्था की सचिव सोनू देवी और डॉ. फूला ने अपने अनुभव और विशेषज्ञता के आधार पर प्रशिक्षुओं को बहुमूल्य ज्ञान प्रदान किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास को समझना, डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना व प्रारंभिक शिक्षा में प्रभावी कक्षा प्रबंधन को बढ़ावा देना था।

प्रशिक्षण कार्यशाला में बच्चों के व्यवहार को समझने और सकारात्मक दिशा में मार्गदर्शन करने की तकनीक, बच्चों में डिजिटल निर्भरता को कम करने के उपाय और रचनात्मकता विकसित करने के तरीके, प्रारंभिक शिक्षा में प्रभावी कक्षा प्रबंधन और शिक्षण रणनीतियों की जानकारी दी गई। आदर्श विद्या मंदिर संस्थान के प्रशिक्षुओं ने इस कार्यशाला को अत्यंत लाभकारी बताया और ओंकार एनजीओ का आभार व्यक्त किया।

## महिला ने निगला जहर उपचार के दौरान मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** 108 एंबुलेंस के माध्यम से पुलिस चौकी सपरून में सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला को जहरखुरानी के मामले में क्षेत्रीय अस्पताल सोलन लाया गया है। इस सूचना पर पुलिस चौकी सपरून की पुलिस टीम क्षेत्रीय अस्पताल पहुंची, जहां पर एक महिला उपचाराधीन पाई गई।

तस्दीक करने पर उक्त महिला की पहचान मन कुमारी निवासी गांव जिला डाग नेपाल उम्र 35 वर्ष हाल किरायेदार गांव आंजी तह. व जिला सोलन के रूप में हुई है। उक्त महिला के पास उसके परिजन भी मौजूद थे। उपचाराधीन महिला की नाजुक हालत को देखते हुए उसे आगामी उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। पुलिस बूथ आईजीएमसी शिमला द्वारा पुलिस चौकी सपरून को सूचित किया गया कि जिस महिला को उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला लाया गया था, उसकी मृत्यु हो गई है, जिस पर पुलिस चौकी सपरून की पुलिस टीम शिमला पहुंची। समस्त कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात मृतक महिला का आईजीएमसी शिमला में पोस्टमार्टम करवाया। परिजनों ने बताया कि मृतका आंजी क्षेत्र में दिहाड़ी मजदूरी का काम करती थी। 29 जनवरी को जब उसके परिजन अपने-2 काम पर चले गए थे, तो मृतका घर पर अकेली थी और उसने गलती से घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया, जो यह बात मृतका ने अपने परिवार के लोगों को बताई, जिस पर उसके परिवार के सदस्य उसे क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले गए, जहां से उसे आईजीएमसी शिमला रेफर किया, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।




# चंडीगढ़ का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता : मेयर

## महापौर ने एमसीसी के पार्षदों और अधिकारियों से की बैठक

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने सोमवार को आयोजित एक संवाद बैठक में नगर निगम के सभी पार्षदों और अधिकारियों का हार्दिक स्वागत किया। बैठक में अमित कुमार, आईएएस, आयुक्त, गुरिंद्र सिंह सोढ़ी, स. सुमित सिहाग और सुश्री शशि वसुंधरा, संयुक्त आयुक्त, केपी बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता, बागवानी एवं बिजली सिंह, सभी कार्यकारी अभियंता और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

अपने भाषण में मेयर ने नगर निगम द्वारा समयबद्ध कार्य की आवश्यकता व्यक्त की और सभी पार्षदों और अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने संबंधित वार्डों और विभागों के एमसीसी और विकासात्मक कार्यों से संबंधित किसी भी प्रकार के मुद्दे के लिए उन्हें कॉल करें। उन्होंने कहा कि समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और पार्षदों व नगर निगम के अधिकारियों के सहयोग से विकास कार्य जल्द पूरे किए जाएंगे। मेयर ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण को सुनिश्चित करने के लिए जनभागीदारी जरूरी है।

मेयर ने फंड के प्रावधानों की स्थिति, यूटी प्रशासन और एमसीसी की समन्वय बैठक में उठाने के लिए तैयार किए जाने वाले मुद्दे, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं में सुधार, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बेहतर रैंक के लिए काम, वार्ड विकास से संबंधित कार्यों सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। फंड को प्राथमिकता के तौर पर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी कार्य में लापरवाही पायी जाएगी, संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी. इसी प्रकार, अपने-अपने क्षेत्र में गंदगी पाए जाने पर स्वच्छता निरीक्षकों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला 7 से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने कहा कि 38वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला 7 से 23 फरवरी तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस मेले की प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। उन्होंने आज 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उपायुक्त विक्रम सिंह भी उपस्थित थे। हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव ने कहा कि सूरजकुंड मेले को डिजिटल रूप दिया गया है। पहली बार स्टॉल की बुकिंग ऑनलाइन की गई हैं। पूरी पारदर्शिता बनाए रखते हुए सूरजकुंड का यह शिल्प मेला डिजिटल प्लेटफार्म के साथ पर्यटन के क्षेत्र में आमजन के स्वागत के लिए तैयार हो रहा है। मेले से जुड़े हर पहलू की जानकारी सूरजकुंड मेला डॉट कॉम डॉट इन पर उपलब्ध रहेगी। इस बार मेले में उड़ीसा व मध्यप्रदेश थीम स्टेट हैं और बिम्सटेक-बांग्लादेश, भूटान, इंडिया, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका व थाईलैंड राष्ट्र भागीदार हैं

# यात्रियों को अच्छा खाना उपलब्ध कराने की कोशिश : अनिल विज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा रोडवेज में प्रतिदिन तीन लाख यात्री व कर्मचारी सफर करते हैं तथा उन्हें अच्छा खाना उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश के पांच बस स्टैंडों पर ट्रायल तौर पर टूरिज्म विभाग द्वारा बसों के यात्रियों को रेलवे की तर्ज पर खाना उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हाईवे पर हम रेस्ट हाउस बनाना चाहते हैं ताकि वाहन चालक, महिलाएं व यात्रियों को रिफ्रेश होने की बेहतर सुविधा मिल सके। विज सोमवार को अम्बाला छावनी बस स्टैंड पर आस्था फाउंडेशन द्वारा प्रारंभ की गई पांच रुपए में थाली सेवा की शुरुआत करने के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि ट्रायल तौर पर पांच बस स्टैंडों पर टूरिज्म विभाग से अनुबंध कर रहे हैं जहां से खाना मुहैया कराया जाएगा। यदि यह ट्रायल कामयाब हुआ तो अन्य बस स्टैंड पर भी यह सुविधा होगी। इसके अलावा, रेलवे की तर्ज पर हरियाणा रोडवेज में भी खाना उपलब्ध कराने की योजना है।

## डीएलएड रि-अपीयर परीक्षा में हुआ संशोधन

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबंधित डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष (रि-अपीयर) परीक्षा फरवरी/मार्च-2025 के तिथि-पत्र में कुछ संशोधन किया गया है। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (आरईईटी)-2024 के मध्यनजर शिक्षा बोर्ड द्वारा 27 फरवरी को आयोजित करवाई जाने वाली डीएलएड की डीई-101 की परीक्षा अब 22 मार्च को तथा 28 फरवरी को आयोजित करवाई जाने वाली डीई-201 विषय की परीक्षा अब 24 मार्च को संचालित करवाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कामकाजी महिलाओं को मिलेगा सखी निवास

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार कामकाजी महिलाओं की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद सेक्टर-78 और गुरुग्राम सेक्टर 9 में सखी निवास योजना के तहत महिला छात्रावास का निर्माण करने जा रही है। इससे कामकाजी महिलाओं के रहने की समस्या दूर होगी। सखी निवास में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिलेगा। हरियाणा महिला विकास निगम इसकी कार्य योजना तैयार कर रहा है। सखी निवास में रहने वाली कामकाजी महिलाओं को डे-केयर की सभी सुविधा दी जाएगी। वह अपने साथ बच्चों को भी रख सकती हैं। अगर बच्चे बड़े हो तो भी उसे रखने की व्यवस्था होगी। इसमें 12 साल तक के लड़के और 18 साल तक की लड़की को रखने की अनुमति होगी। इस योजना का लाभ किसी भी तरह की कामकाजी महिलाओं को मिलेगा। इसमें अविवाहित के साथ विवाहित और तलाकशुदा भी शामिल होंगी। इसमें वंचित वर्ग और शारीरिक विकलांगता वाली महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। कामकाजी महिला हरियाणा निवासी होनी चाहिए और उसके पास हरियाणा का परिवार पहचान पत्र होना जरूरी है। छात्रावास के लिए महिला को आधार कार्ड, पुलिस सत्यापन रिपोर्ट, कर्मचारी का वेतन प्रमाण पत्र भी आवेदन के साथ लगाना होगा।

### सीएम धामी करेंगे खेल वन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के समीप स्थित वन विभाग की 2.77 हेक्टेयर जमीन को जल्द नई पहचान मिलने जा रही है। यह पहचान खेल वन के रूप में होगी। राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले 1600 खिलाड़ियों के नाम से यहां पर रुद्राक्ष के पेड़ लगाए जाएंगे। राष्ट्रीय खेल सचिवालय की दस फरवरी को यहां पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर ग्रीन गेम्स का प्रभावी संदेश देने की तैयारी है। 38वें राष्ट्रीय खेलों की थीम ग्रीन गेम्स की रखी गई है। उत्तराखंड सरकार ने हरित पहल करते हुए राष्ट्रीय खेलों में कई कदम ऐसे उठाए हैं, जिनकी पूरे देश में चर्चा हो रही है। इस क्रम में पदक विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में उनके नाम से पौधा रोपने का कार्यक्रम भी शामिल है। राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड सरकार की हरित पहल की सराहना की थी। खेल वन जिस जगह पर विकसित किया जाना है, उसे आज-कल तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री दस फरवरी को खेल वन योजना का शुभारंभ करेंगे।


### अजय ने संभाला एचआरटीसी उपाध्यक्ष का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है। कांगड़ा जिला के रहने वाले अजय वर्मा समर्थकों के साथ ओल्ड बस स्टैंड में अपने कार्यालय पहुंचे, जहां निगम के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान भी मौजूद रहे। एचआरटीसी का उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर अजय वर्मा ने सीएम सुक्खू का आभार जताया।

### दिल्ली चुनावः एग्जिट पोल पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग (ईसी) ने 5 फरवरी सुबह 7 बजे से शाम 6:30 बजे तक, एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने एक आदेश भी जारी किया है। चुनाव आयोग ने कहा कि प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या किसी भी अन्य तरीके, जो कोई हो, में एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल या किसी अन्य चुनाव सर्वेक्षण के परिणामों पर प्रतिबंध रहेगा।

### रूसी सेना ने 70 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए



**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रोस्तोव, वोल्गोग्राड, अस्त्रखान, वोरोनिश, बेलगोरोड और कुर्क क्षेत्रों में 70 यूक्रेनी ड्रोनों को रोका और मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने कहा कि पिछली रात सेवा में मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने 70 यूक्रेनी मानव रहित हवाई वाहनों को रोका और मार गिराया। इनमें से 27 ड्रोन को रोश्तोव क्षेत्र में, वोल्गोग्राड क्षेत्र में 25 यूएवी, अस्त्रखान क्षेत्र में सात, वोरोनिश क्षेत्र में पांच, अभय, यामिनी बेलगोरोड क्षेत्र में चार और कुर्क क्षेत्र में दो को मार गिराया गया।

### उन्नाव दुष्कर्म केसः सेंगर को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा से निष्कासित नेता एवं उन्नाव दुष्कर्म मामले के दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को आंख की सर्जरी कराने के लिए चार फरवरी तक सोमवार को अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने इस बात पर गौर करते हुए उसकी सजा को स्थगित कर दिया कि सेंगर की मोतियाबिंद की सर्जरी मंगलवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में होनी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार सरकार को नोटिस जारी किया है। बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर बिहार सरकार को नोटिस जारी हुआ है। जनहित याचिका वकील ब्रजेश सिंह ने दायर की है। हालांकि, पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता का बीपीएससी से कोई ताल्लुक नहीं है और उनके याचिका दायर करने पर सवाल उठाए। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि बतौर वकील आपको ऐसी याचिकाएं दायर करने से बचना चाहिए, क्योंकि आपका बीपीएससी से कोई संबंध नहीं है। हालांकि याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को नोटिस जारी किया है।

### रूसी शिष्टमंडल ने देखी लोकसभा की कार्यवाही

**नई दिल्ली।** रूस के सांसदों के एक शिष्टमंडल ने सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही देखी और अध्यक्ष ओम बिरला ने उनका अभिनंदन किया। बिरला ने सदन की विशिष्ट दीर्घा में रूस की फेडरल असेंबली के निचले सदन 'स्टेट डूमा' के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदीन और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति की जानकारी सदस्यों को दी। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वोलोदीन और उनके उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा भारत-रूस संबंधों की गहराई का प्रतीक है और यह दोनों देशों की साझेदारी को और मजबूत करेगी।



# जसबीर सिंह बंटी और तरुणा मेहता ने पदभार किया ग्रहण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ नगर निगम में नवनिर्वाचित सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी और डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने आज चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एचएस लक्की की उपस्थिति में पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर सैकड़ों की तादाद में चंडीगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, कार्यकता और भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रधान एचएस लक्की के नेतृत्व में सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी और डिप्टी मेयर तरुणा मेहता अपने साथी पार्षदों सहित ढोल की थाप पर थिरकते और डांस करते अपने सैकड़ों समर्थकों सहित नगर निगम कार्यालय तक पहुंचे। यहां पहले से ही भारी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, मनीष तिवारी, एच एस लक्की ओर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद दिया।

बंटी और तरुणा मेहता के पदभार ग्रहण करते समय सब के चेहरे पर खुशी देखते ही बनती थी। पदभार ग्रहण करने के बाद इस मौके पर कांग्रेस प्रधान एच एस लक्की ने बताया कि हम आपस मे को-ऑर्डिनेशन करके शहर की बेहतरी के लिए काम करेंगे। नगर निगम में कांग्रेस को यह सीटें 12 साल बाद प्राप्त हुई है।

## मुख्यमंत्री सैनी ने उपमंडल नारायणगढ़ का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सोमवार को उपमंडल नारायणगढ़ के रेस्ट हाउस में प्रेस एसोसिएशन नारायणगढ़ तथा पत्रकार मंच नारायणगढ़ से जुड़े मीडिया प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ के मीडिया प्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि आप लोगों का मुझे सदैव सहयोग मिला है। अपने राजनीतिक कैरियर के संघर्ष के दिनों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के मीडिया साथियों का उन्हें भरपूर सहयोग और समर्थन मिला है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को भी सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए सरकार ने अनेक योजनाओं को लागू किया है। जनता को इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन जनता की समस्याओं को सुनें और तत्परता से उनके निदान के लिए कार्रवाई करें।

# मेशान फाउंडेशन ने मनाया वार्षिक दिवस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मेशान फाउंडेशन ने अपने वार्षिक दिवस को एक भव्य समारोह के साथ मनाया, जिसमें प्रतिष्ठित अतिथियों को आमंत्रित किया गया, प्रभावशाली प्रदर्शन किए गए और संगठन की आगामी पहलों के बारे में रोमांचक घोषणाएं की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेशन फाउंडेशन के निदेशक डॉ. प्रभजोत ने की, जबकि चंडीगढ़ की आयकर आयुक्त कोमल जोगपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं

इस समारोह में शांति स्वरूप (एनएआरसीआई), मानव आनंद आहूजा (आरजे), दीपाली राजपूत (अभिनेत्री), समर मनहोत्रा (फिल्म निर्देशक), युवराज हंस (अभिनेता और गायक) और आरजे गोलमाल गगन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने सार्थक सामाजिक परिवर्तन लाने में सामूहिक प्रयासों के महत्व को उजागर किया। शाम का मुख्य आकर्षण मंथन आर्ट्स द्वारा प्रस्तुत एक शक्तिशाली नुक्कड़ नाटक था, जिसमें सामाजिक मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में मेशान फाउंडेशन द्वारा नई पहलों का खुलासा हुआ, जिसने सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

एसएजे लाइव के आकर्षक अभिनय के साथ-साथ मनमोहक नृत्य और संगीत प्रदर्शनों ने दर्शकों को बांधे रखा और प्रेरित किया। ग्रैंड फिनाले में एमए डांस स्टूडियो, सेक्टर 16, पंचकूला द्वारा एक शानदार प्रदर्शन किया गया।

डॉ. प्रभजोत ने सामाजिक उत्थान के लिए फाउंडेशन की अटूट प्रतिबद्धता और समुदाय-संचालित पहलों के महत्व पर जोर दिया। मुख्यातिथि कोमल जोगपाल ने मेशान फाउंडेशन के प्रभावशाली काम की सराहना की और सार्थक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में निरंतर प्रयासों को प्रोत्साहित किया।

## देश-विदेश

# छोटे मियां व बड़े मियां की ठगजोड़ी ने जनता को ठगा : अमित शाह

## बोले- 'आप' ने दिल्ली को सिर्फ कचरा और जहरीला पानी दिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 'डबल इंजन' की भाजपा सरकार वाले राज्यों ने प्रगति की है, लेकिन दिल्ली पीछे रह गई, क्योंकि आम आदमी पार्टी (आप) बहाने बनाती रहती है और केंद्र से लड़ती रहती है। दक्षिणी दिल्ली के जंगपुरा में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को 'बड़े मियां और छोटे मियां' करार दिया और आरोप लगाया कि इन्होंने दिल्ली को लूटा है। शाह ने कहा कि जंगपुरा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे सिसोदिया देश के एकमात्र शिक्षा मंत्री हैं, जो शराब घोटाले में जेल गए। शाह ने कहा कि पिछले 10 साल में 'डबल इंजन' की भाजपा सरकार वाले राज्यों ने तरक्की की है। दिल्ली पीछे छूट गई, वे केंद्र से लड़ते रहते हैं। वे 10 साल से बहाने बना रहे हैं और रोने वाले बच्चों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से झूठ बोला और राष्ट्रीय राजधानी को केवल कचरा, जहरीला पानी और भ्रष्टाचार दिया।

## दिल्ली सरकार का मॉडल फेल : चंद्रबाबू



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा हमला करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास की कमी को लेकर उस पर निशाना साधा और दिल्ली के मॉडल को 'पूरी तरह विफल' करार दिया। नायडू की पार्टी तेदेपा केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी है। उन्होंने 'आप' सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली में 'हाफ इंजन वाली सरकार' है और विकास हासिल करने के लिए 'डबल इंजन वाली सरकार' की जरूरत है।

# चुनाव में अपने 'गुंडों' व दिल्ली पुलिस का इस्तेमाल करेगी भाजपा : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भाजपा को दिल्ली विधानसभा चुनावों में अब तक की सबसे करारी हार मिलने का दावा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने के लिए अपने 'गुंडों' और दिल्ली पुलिस का इस्तेमाल करेगी।

केजरीवाल ने पांच फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले प्रचार के अंतिम दिन एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि भाजपा 'करारी हार' के अंदेशे के कारण पहले ही अनुचित रणनीति अपना रही है।

केजरीवाल ने दावा किया कि इन सबके बावजूद 'आप' ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है और भाजपा अस्तित्व में आने के बाद से अपनी सबसे करारी हार की ओर अग्रसर है। भाजपा मतदाताओं को खासकर झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को डराने-धमकाने की कोशिश करेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को 3,000 से 5,000 रुपए की रिश्वत देने की कोशिश करेंगे और चुनाव के दिन उन्हें वोट देने से रोकने के लिए उनकी अंगुलियों पर काली स्याही लगा देंगे। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि उनसे पैसे ले लो, लेकिन उन्हें अपनी अंगुली पर स्याही मत लगाने दो।

# उत्तरी सीरिया में कार बम विस्फोट, 19 लोगों की मौत

**एजेंसी, दमिश्क**



**सीरिया** के एक उत्तरी शहर के बाहरी इलाके में सोमवार को एक कार बम विस्फोट में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए।

स्थानीय नागरिक सुरक्षा एजेंसी एवं एक युद्ध निगरानी संस्था ने यह जानकारी दी। सीरियाई नागरिक सुरक्षा विभाग ने बताया कि मनबीज शहर के बाहरी इलाके में कृषि श्रमिकों को ले जा रहे एक वाहन के पास एक कार में विस्फोट हो गया। इस बीच, युद्ध निगरानी संस्था 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने कहा कि 18 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हुई है। इस संस्था का मुख्यालय ब्रिटेन में है।

# राष्ट्रपति ट्रंप यूएसएआईडी को बंद करने के लिए सहमत : एलन मस्क

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद अमेरिकी प्रशासन लगातार नए आदेश जारी कर रहा है। अब ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) को बंद करने की तैयारी की है। अमेरिकी के सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख और टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने कहा कि अब अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी बंद होने के कगार पर है। मैंने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ इस एजेंसी के बारे में विस्तार से बात की।

राष्ट्रपति ने सहमति जताई है कि हमें इसे बंद कर देना चाहिए। यूएसएआईडी का यूएस सरकार की एक स्वतंत्र एजेंसी है। एजेंसी नागरिक विदेशी सहायता और विकास सहायता के प्रशासन पर नजर रखती है। इस संस्था का मिशन वैश्विक स्वास्थ्य, आर्थिक विकास, आपदा और लोकतांत्रिक सुधार के मुद्दे पर काम करना है।

# सेंसेक्स 319 अंक गिरकर 77,186 पर बंद, निफ्टी भी 121 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**




हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 319 अंक की गिरावट के साथ 77,186 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 121 अंक की गिरावट रही। यह 23,361 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 887 अंक गिरकर 49,212 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 में गिरावट और 15 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.22 फीसदी की गिरावट रही। एनएसई के डाटा के अनुसार, 1 फरवरी को विदेशी निवेशकों ने 1,327.09 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 824.38 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। आरबीआई के रेट-सेटिंग पैनल की मीटिंग 5-7 फरवरी को होगी। मार्केट के विश्लेषकों का अनुमान है कि सैंट्रल बैंक 4 साल में पहली बार दरों में कटौती की शुरुआत करेगा।

## भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी में छह महीने के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी में छह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। निर्यात में करीब 14 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सोमवार को जारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जनवरी में 57.7 रहा, जो दिसंबर में 56.4 था। फरवरी 2011 के बाद से नए निर्यात ऑर्डर में सबसे तेज वृद्धि से इसे समर्थन मिला। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि जनवरी में भारत का विनिर्माण पीएमआई छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। घरेलू और निर्यात मांग मजबूत रही, जिससे नए ऑर्डर में वृद्धि को समर्थन मिला। वस्तु उत्पादकों ने नए ऑर्डरों में पर्याप्त वृद्धि का श्रेय बेहतर घरेलू मांग तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री में वृद्धि को दिया। इसके बाद भारत में विनिर्माताओं ने उत्पादन की मात्रा को बढ़ाना जारी रखा। यह वृद्धि अक्तूबर 2024 के बाद से सबसे तेज है। कंपनियां भविष्य में उत्पादन की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। 32 प्रतिशत कंपनियों ने वृद्धि का अनुमान लगाया तथा केवल एक प्रतिशत ने कमी आने की आशंका जाहिर की है।

## 'मुफ्त सुविधाओं' के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से हाईकोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव कानूनों का उल्लंघन किए जाने का आरोप लगाने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि जब भी यह मामला सूचीबद्ध होगा, इस पर सामान्य तरीके से सुनवाई की जाएगी। याचिकाकर्ता के वकील ने मामले को दोपहर दो बजे तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। अदालत ने टिप्पणी की कि दोपहर दो बजे क्यों ? आप मुफ्त सुविधाओं की घोषणा करने की राजनीतिक दलों की कार्रवाई को चुनौती दे रहे हैं। चुनाव प्रचार का सोमवार को आखिरी दिन है। मुफ्त सुविधाओं का जो भी प्रभाव होना था, वह पहले ही हो चुका है। अदालत ने कहा कि इसे स्थायी आदेश के अनुसार सूचीबद्ध किया जाएगा। हम (याचिका के) गुण दोष को लेकर कुछ नहीं कह रहे। याचिकाकर्ता के वकील ने राजनीतिक दलों की ओर से 'मुफ्त सुविधाओं' की घोषणा किए जाने पर आपत्ति जताई और कहा कि पूरी चुनाव प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय के निर्धारित कानून का उल्लंघन करके संचालित की जा रही है।

# स्पोर्ट्स



## स्पोर्ट्स विंडो

### संजू सैमसन की अंगुली में फ्रेक्चर एक महीना क्रिकेट से रहेंगे दूर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है जिसके कारण वह एक महीने से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे और आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे। उन्हें मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंगुली में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद लगी थी। पता चला है कि सैमसन तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद ही ट्रेनिंग शुरू करेंगे। प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी से पहले उन्हें एनसीए की मंजूरी की जरूरत होगी। उन्हें नेट पर अभ्यास शुरू करने में पांच से छह सप्ताह लगेंगे।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय चरण का ट्रॉफी टूर संपन्न

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इस महीने की 19 तारीख से शुरू होने वाली आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय चरण का 'ट्रॉफी' दौरा मुंबई और बेंगलुरु में संपन्न हो गया। आठ टीमों के 50 ओवरों के टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान और दुबई में होगा। इसका फाइनल नौ मार्च को खेला जाएगा। आईसीसी ने सोमवार को एक बयान में कहा, ''ट्रॉफी ने अपनी वैश्विक यात्रा के दौरान इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी आठ देशों की यात्रा की। भारत चरण के समापन के साथ ही यह पाकिस्तान में अपने अंतिम पड़ाव की यात्रा करेगी।'' मुंबई के दौरे में ट्रॉफी को वानखेड़े स्टेडियम, शिवाजी पार्क, गेटवे ऑफ इंडिया, कार्टर रोड, ऐतिहासिक छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और बैंडस्टैंड के दौरे पर ले जाया गया। इसे वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के दौरान भी प्रदर्शित किया गया था। बेंगलुरु में ट्रॉफी ने नेक्सस शांतिनिकेतन मॉल, बेंगलुरु पैलेस, फ्रीडम पार्क, केआर मार्केट, टाउन हॉल, सेंट मैरी बेसिलिका, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, चर्च स्ट्रीट और विद्यार्थी भवन सहित स्थानों का दौरा किया।

### अहलावत बहरीन चैंपियनशिप में संयुक्त 49वें स्थान पर रहे

**एजेंसी, बहरीन।** भारतीय गोल्फ खिलाड़ी वीर अहलावत चौथे और अंतिम दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेल कर 2025 बहरीन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर रहे। अहलावत का कुल स्कोर चार अंडर का रहा। उन्होंने इससे शुरुआती तीन चरण में 70-70-73 के कार्ड खेले थे। इस 28 साल के खिलाड़ी ने आखिरी चरण के दूसरे, आठवें, नौवें और 17 होल में बर्डी लगायी। उन्होंने तीसरे, 13वें और 16वें होल में बोगी की। वह इससे पहले रास अल खेमाह में संयुक्त 27वें स्थान पर थे। वह अगले सप्ताह कतर मास्टर्स में चुनौती पेश करेंगे।

### अलीशा की खूबसूरती की खूब होती है चर्चा

**स्विट्जरलैंड।** स्टार महिला फुटबॉल अलीशा लेहमन्न अपने खेल के साथ अपनी खूबसूरती को लेकर भी अकसर सुर्खियों में रहती हैं। अलीशा स्विट्जरलैंड महिला फुटबॉल की टीम स्टार प्लेयर हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है।



### अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में खेलेंगे क्रिस गेल, एनटिनी और पनेसर

**एजेंसी, मुंबई।** पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल, मखाया एनटिनी और मोंटी पनेसर 22 फरवरी से शुरू होने वाली अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले सत्र में खेलने के लिए तैयार हैं। गेल, एनटिनी और पनेसर क्रमशः वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता 22 फरवरी से 16 मार्च तक नवी मुंबई, राजकोट और रायपुर में आयोजित की जाएगी। गेल ने एक बयान में कहा, ''आईएमएल उन बड़े पलों को फिर से जीने और खेल के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मंच साझा करने का एक शानदार मंच है। मैं इस लीग में यूनिवर्स बॉस (गेल यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर हैं) की ऊर्जा लाने के लिए तैयार हूं।'' एनटिनी ने कहा, ''मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह पुनर्मिलन यादगार होने वाला है। हम जो क्रिकेट खेलेंगे वह कड़ा और शानदार होगा। क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह एक पार्टी है।''

# चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं बुमराह

## टूर्नामेंट तक पीठ की चोट से रिकवरी मुश्किल, हर्षित को मिल सकता है मौका

**एजेंसी, मुंबई**

2023 के वनडे वर्ल्ड कप के पहले भी बुमराह पीठ की चोट से जूझ रहे थे। चोट से रिकवर होकर लगभग एक साल बाद उन्होंने वर्ल्ड कप से ही टीम में वापसी की थी। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी टेस्ट में उनकी पीठ में खिंचाव आया था। वह दर्द से परेशान हो गए थे। एक चयनकर्ता ने दैनिक भास्कर को बताया कि बुमराह का चैंपियंस ट्रॉफी तक पीठ की चोट से रिकवर होना मुश्किल दिख रहा है। वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का एक भी मैच नहीं खेल पाएंगे। अगर वे फिट नहीं हो पाए तो उनकी जगह हर्षित राणा को स्क्वॉड में शामिल किया जा सकता है।



दरअसल, बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी वनडे मैच के लिए टीम में रखा गया था। यह मुकाबला 12 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इधर, बुमराह सोमवार को बैक इंजरी की जांच कराने के लिए बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। वे 2-3 दिन तक बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। बुमराह की फिटनेस पर काम चल रहा है, यदि वह समय पर फिट हो जाते हैं, तो टीम में बने रहेंगे। आईसीसी ने स्क्वॉड में बदलाव के लिए 11 फरवरी तक की डेटलाइन तय की है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का पहला मैच बांग्लादेश से 20 फरवरी को खेला जाएगा। बुमराह सिडनी टेस्ट की पहली पारी में कुछ ही ओवर डाल सके थे। वे पीठ में दर्द के कारण बाहर चले गए थे। इस सीरीज की 9 पारियों में बुमराह ने 31 विकेट लिए थे। वे सीरीज के हाईएस्ट विकेट टेकर और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थे। बुमराह सिडनी टेस्ट की पहली पारी में कुछ ही ओवर डाल सके थे। वे पीठ में दर्द के कारण बाहर चले गए थे। इस सीरीज की 9 पारियों में बुमराह ने 31 विकेट लिए थे। वे सीरीज के हाइएस्ट विकेट टेकर और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थे।

### चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल हैं बुमराह

**भारत** की सिलेक्शन कमेटी ने 18 जनवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हुए जसप्रीत बुमराह को भी टीम में शामिल किया गया था। सिलेक्शन कमेटी बुमराह के बैकअप के लिए अर्शदीप सिंह को रखा था।

# एमआई केपटाउन ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को 95 रन से हराया

**एजेंसी, केपटाउन**



एमआई केपटाउन ने अपने घरेलू मैदान न्यूलैंड्स में विजय अभियान जारी रखते हुए प्रिटोरिया कैपिटल्स को 95 रन से शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। एमआई केपटाउन की यह घरेलू मैदान पर लगातार पांचवीं जीत है जिससे उसने बोनस अंक हासिल करके अपने कुल अंक की संख्या 35 पहुंचाई जो लीग चरण का रिकॉर्ड है। एमआई केपटाउन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 201 रन बनाए और इसके बाद कैपिटल्स को 106 रन पर आउट कर दिया।

सेदिकुल्लाह अटल और कॉनर एस्टरहुइजन की नई सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी करके एमआई केपटाउन को शानदार शुरुआत दिलाई। बाएं हाथ के बल्लेबाज सेदिकुल्लाह ने 46 गेंदों में 77 रन बनाए, जिसमें चार चौके और छह छक्के शामिल हैं। एस्टरहुइजन ने 43 गेंदों में 69 रन बनाए। उनकी पारी में छह चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इन दोनों के अलावा डेलानो पोटगिएटर ने 15 गेंदों में 26 रन का योगदान दिया।

इसके बाद एमआई केपटाउन के स्पिनरों ने अपना कमाल दिखाया। उसकी तरफ से ऑफ स्पिनर डेन पीड्ट ने 28 रन देकर तीन, लेग स्पिनर थॉमस काबर ने 21 रन देकर तीन और बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज लिंडे ने 11 रन देकर दो विकेट लिए। इस तरह से इन तीनों स्पिनर ने 60 रन देकर आठ विकेट लेकर कैपिटल्स को 14 ओवरों में सिर्फ 106 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई।

## कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ

# नंगल सालंगढ़ी, लोअर बसाल, बटूही की टीमें पहुंची क्वार्टर फाइनल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें नंगल सालंगढ़ी ने पनोह टीम को 18 रनों से मात दी। बही लोअर वसाल ने कुरियाला को हराया। वहीं, बटूही ने सौंधी 11 को बीस रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विजयी टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

खेल महाकुंभ के प्रभारी राजेंद्र रिंकू ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर देना है। क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन मैच खेले गए है। उन्होंने बताया कि कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ में युवाओं की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबाल, सहित विभिन्न खेलों में युवा खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्रीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए बेहतरीन मंच प्रदान करता है। इसका उद्देश्य न केवल खेल प्रतिभाओं को सामने लाना है, बल्कि युवाओं को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रखना भी है। खेलों के माध्यम से उन्हें अनुशासन, टीम वर्क और आत्मनिर्भरता की सीख मिलती है। इस आयोजन से चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर भी मिल सकता है।

रिंकू ने बताया कि क्रिकेट मैचों के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त जोश देखा गया, वहीं दर्शकों ने भी बड़े उत्साह से खेलों का आनंद लिया। आयोजन स्थल पर खेल प्रेमियों की अच्छी खासी भीड़ जुटी रही, जिससे खेल महाकुंभ का माहौल और भी जोशपूर्ण बन गया। आयोजकों ने बताया कि अगले दौर के मुकाबले और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक और रोमांचक होंगे। अब क्वार्टर फाइनल मुकाबलों की तैयारियां जोरों पर हैं। अगले कुछ दिनों में सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विजयी टीमों को सम्मानित किया जाएगा। खेल महाकुंभ के आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं और दर्शकों से अपील की है कि वे इसी तरह खेलों को समर्थन देते रहें। कुल-मिलाकर, कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ का यह आयोजन क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इससे न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल रहा है, बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति को भी मजबूती मिल रही है।

# अभिषेक की पारी 'क्लीन हिटिंग' का बेहतरीन उदाहरण : बटलर

**एजेंसी, मुंबई**



इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की जमकर तारीफ करते हुए उनकी यहां पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेली गई 54 गेंद पर 135 रन की तूफानी पारी को 'क्लीन हिटिंग' का बेहतरीन उदाहरण बताया। अभिषेक ने 37 गेंद पर अपना शतक पूरा किया जो इस प्रारूप में भारत की तरफ से दूसरा सबसे तेज सैकड़ा है। उन्होंने अपनी पारी में 13 छक्के लगाये जो भारतीय रिकॉर्ड है। उनके इस शानदार प्रदर्शन से भारत ने यह मैच 150 रन से जीत कर श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की।

बटलर ने कहा, ''निश्चित रूप से हम इस तरह के परिणाम से बहुत निराश हैं। भारत ने शानदार बल्लेबाजी की। मुझे लगता है कि इसका श्रेय अभिषेक शर्मा को जाता है। उनकी यह पारी 'क्लीन हिटिंग' के सर्वश्रेष्ठ उदाहरणों में से एक है।' बटलर ने इस बात से इनकार किया कि इंग्लैंड की टीम अपने गेंदबाजों पर अभिषेक के हमले से हैरान थी और विरोधी टीम को अच्छे प्रदर्शन का श्रेय दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा,''हम हमेशा इस पर विचार करते हैं कि हम क्या कर सकते हैं और उस पर कैसे अंकुश लगा सकते हैं। लेकिन कुछ दिन ऐसे भी होते हैं, जबकि आपको अपने प्रतिद्वंदी को अधिक श्रेय देना पड़ता है। मेरा मानना है कि उसने बेहतरीन बल्लेबाजी की।''

बटलर ने कहा,''मुझे लगता है कि स्तब्ध सही शब्द नहीं है। जब कोई खिलाड़ी लय में आ जाता है तो इसी तरह का प्रदर्शन करता है। आपने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से उसका प्रदर्शन देखा होगा जिसके कारण उसने भारतीय टीम में जगह बनाई।'' उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहेंगे कि भारत से सीरीज में 1-4 से हार के बाद इंग्लैंड अपनी खेल शैली में बदलाव करे। उन्होंने कहा,''पांचवें मैच को छोड़कर हमने प्रत्येक मैच में अच्छी चुनौती पेश की। राजकोट में हमने मैच जीता। जैसे-जैसे हम अनुभव हासिल करते हैं तो अपनी शैली के प्रति अधिक प्रतिबद्ध हो जाते हैं।''

## सामरा, एंथोनी ने राष्ट्रीय खेलों में जीते स्वर्ण पदक


**एजेंसी, देहरादून।** पंजाब की सिफत कौर सामरा और कर्नाटक के जोनाथन एंथोनी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में सोमवार को यहां क्रमशः महिलाओं के 50 मीटर थ्री पोजीशन और पुरुषों के 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता 23 साल की सिफत ने यहां महाराणा प्रताप कॉलेज में हुए फाइनल में 461.2 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। पेरिस ओलंपिक में फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही सिफत ने कहा, ''यह मेरे लिए ओलंपिक के बाद यह वापसी जैसा है। मैंने ओलंपिक के बाद ब्रेक नहीं लिया था और अपना अभ्यास जारी रखा था। ऐसे में आज स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव खास है।'' पुरुषों के 10 मीटर पिस्टल फाइनल में एंथोनी ने धैर्य और एकाग्रता का नमूना पेश करते हुए स्वर्ण पदक जीता।





## टी20 क्रिकेट में लगातार 250 से अधिक रन बनाना हमारा लक्ष्य : गंभीर

**एजेंसी, मुंबई**



भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम ज्यादा जोखिम उठाकर अनुकूल परिणाम हासिल करने का अपना रवैया बरकरार रखेगी और उनका लक्ष्य टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 250 से अधिक रन बनाना है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 सीरीज में ज्यादा जोखिम लेने का रवैया अपनाया जिससे उसे फायदा हुआ और उसकी टीम 4-1 से जीत हासिल करने में सफल रही।

भारत ने पुणे में खेले गए चौथे मैच में लगातार विकेट गंवाने के बावजूद अपना आक्रामक रवैया बरकरार रखा और आखिर में नौ विकेट पर 181 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया। मुंबई में पांचवें मैच में नौ विकेट पर 247 रन बनाकर भारत ने अपनी यह रणनीति कायम रखी। गंभीर ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, ''हम टी20 क्रिकेट में इसी तरह से खेलना चाहते हैं। हम हार से नहीं डरना चाहते हैं। हम अधिक जोखिम अधिक इनाम वाली क्रिकेट खेलना चाहते हैं। हमारे खिलाड़ियों ने इस रवैए को अच्छी तरह से अपना लिया है।''

भारतीय कोच ने कहा कि उनका लक्ष्य टी20 क्रिकेट में नियमित रूप से 250 के आसपास का स्कोर बनाना है भले ही इसके प्रयास में टीम को कुछ अवसरों पर नुकसान भी उठाना पड़े। गंभीर ने कहा, ''हम नियमित रूप से 250-260 के स्कोर तक पहुंचने की कोशिश करना चाहते हैं। ऐसा करने की कोशिश में कुछ ऐसे मैच भी होंगे जहां हम 120-130 पर ढेर हो जाएंगे। यही टी20 क्रिकेट है।''

## मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड की करारी हार

**एजेंसी, लंदन।** मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड का इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और इन दोनों दिग्गज टीमों को अपने-अपने मैच में हार का सामना करना पड़ा। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल के खिलाफ दूसरे मिनट में ही गोल खा दिया था। इसके बाद उसने दूसरे हाफ में चार गोल गंवाए जिससे उसकी टीम को आर्सेनल से 5-1 से करारी हार मिली। मैनचेस्टर यूनाइटेड का अपने घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह क्रिस्टल पैलेस से 2-0 से हार गया। यह मौजूदा सत्र में ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रीमियर लीग के 13 मैच में उसकी सातवीं हार है। यह उसका 1890 के बाद किसी एक सत्र में अपने घरेलू मैदान पर सबसे खराब प्रदर्शन है। आर्सेनल ने मैनचेस्टर सिटी पर जीत से दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके और शीर्ष पर काबिज लिवरपूल के बीच अब केवल छह अंक का अंतर रह गया है। मैनचेस्टर सिटी की लगातार पांचवें प्रीमियर लीग खिताब जीतने की संभावना लगभग खत्म हो गई है क्योंकि वह लिवरपूल से 15 अंक पीछे है, जबकि अब केवल 14 मैच शेष बचे हैं।

## डब्ल्यूपीएल : यूपी वॉरियर्स ने हीली की जगह चिनेले को चुना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



यूपी वारियर्स ने 14 फरवरी से बड़ोदरा में शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चोटिल एलिसा हीली के स्थान पर वेस्टइंडीज की चिनेले हेनरी को अपनी टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान हीली पैर की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के तीसरे सत्र में नहीं खेल पाएंगी।

हेनरी ने वेस्टइंडीज की तरफ से अभी तक 62 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसे उन्होंने 473 रन बनाने के अलावा 22 विकेट भी लिए हैं। वॉरियर्स ने 30 लाख रुपए के आधार मूल्य पर उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है। इस बीच गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोफी डिवाइन और केट क्रॉस की जगह हीथर ग्राहम और किम गार्थ को अपनी टीम में लिया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों के टिकट की बिक्री शुरू

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के ग्रुप चरण के तीन मैचों और दुबई में होने वाले पहले सेमीफाइनल के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार शाम से शुरू हो गई है। चैंपियंस ट्रॉफी का यह सत्र 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में आयोजित होगा। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। टिकटों की कीमत 125 एईडी (लगभग 2,900 रुपये) से शुरू होगी। टिकट शाम साढ़े पांच बजे से खरीदने के लिए उपलब्ध होंगे। कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले 10 मैचों के लिए टिकटों की बिक्री पिछले सप्ताह शुरू हो चुकी है। आईसीसी ने कहा, ''नौ मार्च (रविवार) को होने वाले फाइनल मैच के टिकट दुबई में पहले सेमीफाइनल के खत्म होने के बाद जारी किए जाएंगे।''

## अंडर-19 महिला विश्व कप में कमलिनी तृषा, आयुषी, वैष्णवी ने बनाया दबदबा

**एजेंसी, कुआलालंपुर**







भारत ने आईसीसी महिला अंडर-19 विश्व कप में चैंपियन बनने के बाद इस टूर्नामेंट की टीम में भी अपना दबदबा बनाया तथा जी तृषा सहित उसकी चार खिलाड़ियों को इसमें जगह मिली है। भारत ने रविवार को यहां फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर अपने खिताब का बचाव किया जो उसने 2023 में पहली बार जीता था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई तृषा, उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी के साथ-साथ वैष्णवी शर्मा और आयुषी शुक्ला की बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी ने टीम में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका की जेम्मा बोथा, इंग्लैंड की डेविना पेरिन और ऑस्ट्रेलिया की काओइमहे ब्रे को भी टीम में जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की कायला रेनेके को टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है। श्रीलंका की चामोदी प्रबोदा, नेपाल की पूजा महतो और इंग्लैंड की केटी जोन्स टीम की अन्य सदस्य हैं। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज नथाबिसेंग निनी को 12वां खिलाड़ी नामित किया गया है।

## एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप से पहले गुवाहाटी में शिविर में हिस्सा लेंगे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन जैसे शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम मंगलवार से गुवाहाटी में शुरू हो रहे पांच दिवसीय तैयारी शिविर में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से पहले अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देंगी। वर्ष 2023 में पिछले सत्र में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय टीम की नजरें 11 से 16 फरवरी तक चीन के किंगदाओ में होने वाली इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में अपने पदक के रंग को बेहतर करने पर टिकी होंगी। भारतीय टीम के प्रतियोगिता के लिए आठ फरवरी को रवाना होने का कार्यक्रम है।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में होने वाला यह शिविर युवा खिलाड़ियों को जरूरी अनुभव देगा, क्योंकि उन्हें देश के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ ट्रेनिंग का मौका मिलेगा। मिश्रा ने विज्ञप्ति में कहा, ''यहां होने वाले सीनियर टीम के शिविर से जूनियर खिलाड़ियों को देश के शीर्ष खिलाड़ियों से सीखने का मौका मिलेगा जबकि भारत के शीर्ष प्रतिभावान खिलाड़ी एक साथ ट्रेनिंग करेंगे और इस बड़ी टीम प्रतियोगिता से पहले टीम को एकजुट करने के लिए आदर्श माहौल तैयार होगा।'' उन्होंने कहा, ''तकनीकी कौशल के अलावा शिविर का उद्देश्य टीम के सदस्यों के बीच अनुशासन, एकजुटता और खेल भावना के मूल्यों को मजबूत करना है।

## बेवन को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हॉल ऑफ फेम में किया शामिल

**मेलबर्न।** एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक माइकल बेवन को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। बेवन ऑस्ट्रेलिया की 1999 और 2003 विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा थे। वनडे में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 232 मैचों में 53.58 के शानदार औसत से 6912 रन बनाए। इस 54 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर में अपने वनडे करियर की शुरुआत 1994 में की और वह 2004 तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे। इस बीच उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाई।

## शतरंज

## भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज में अपना दबदबा भी रखा कायम

# प्रज्ञानंदा ने टाईब्रेकर में गुकेश को हराकर टाटा शतरंज का खिताब जीता

**एजेंसी, नीदरलैंड**



ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने हमवतन और विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर पहली बार टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। प्रज्ञानंदा की इस जीत से भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज में अपना दबदबा भी कायम रखा। भारतीय शतरंज का गढ़ बन चुके शहर चेन्नई के 19 वर्षीय प्रज्ञानंदा ने रविवार को यहां टाईब्रेकर में विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश को 2-1 से हराया।

विजेता का चयन करने के लिए टाईब्रेकर का सहारा इसलिए लेना पड़ा, क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपने 13वें दौर के मुकाबले हार गए थे जिसके बाद वे 8.5 अंक लेकर बराबरी करते। जहां गुकेश को अपने साथी भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा वहीं प्रज्ञानंदा जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए। प्रज्ञानंदा ने अपनी जीत के बाद टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट से कहा,''मेरे हाथ अब भी कांप रहे हैं। यह कितना रोमांच से भरा दिन था। मेरे पास इसको व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे वास्तव में जीत की उम्मीद नहीं थी लेकिन चीजें मेरे अनुकूल होती रही।'' केवल दो साल की उम्र से शतरंज खेल रहे प्रज्ञानंदा ने कहा, ''मेरे लिए यह दिन खास है क्योंकि मैंने टूर्नामेंट जीता है। लेकिन निश्चित तौर पर यह तनाव से भरा दिन था।''

गुकेश ने टाईब्रेकर में पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई लेकिन प्रज्ञानंदा ने इसके बाद शानदार वापसी करके अगली दोनों बाजियां जीत कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रज्ञानंदा ने कहा, '' विंसेंट के खिलाफ मैं उस स्तर के आसपास भी नहीं खेल पाया, जिस स्तर पर मैं यहां खेल रहा था। मुझे अर्जुन को कोई उपहार देना चाहिए क्योंकि कई बार मुझे लगा कि गुकेश ने टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया।'' उन्होंने कहा, ''मैं जीत का लक्ष्य लेकर यहां आया था लेकिन चुनौती काफी कड़ी थी। मैं वास्तव में कल तक इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा था। मैं काफी थक चुका हूं और अब थोड़ा विश्राम करना चाहता हूं।'' गुकेश को यहां लगातार दूसरे वर्ष टाईब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा। पिछली बार वह चीन के चीनी वेई यी से हार गए थे।